e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 245
गुरुवार
07.09.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

माना कि बुरा वक्त बताकर नहीं आता, लेकिन जब भी आता है, कुछ ना कुछ सिखा कर जरूर जाता है !

## क्विक न्यूज

### 11 सितंबर तक बारिश की संभावना

**रांची :** राज्य में मानसून फिर सक्रिय है। राजधानी रांची में बुधवार सुबह से बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक राज्य के सभी हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना जाहिर की है। अगले पांच दिनों तक किसी भी तरह के अधिकतम तापमान में बड़े बदलाव की संभावना से इनकार कर दिया है। राज्य में 11 सितंबर तक मौसम का मिजाज इसी तरह रहने का अनुमान है। बदले मौसम के मिजाज को देखते हुए आठ सितंबर तक अलर्ट येलो अलर्ट जारी हुआ है। बुधवार सात सितंबर को राज्य के कई हिस्सों में गर्जन और वज्रपात की संभावना जाहिर की गई है। मौसम विभाग ने आठ सितंबर को राज्य के दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में बारिश के साथ वज्रपात की संभावना जाहिर की है। राज्य के कई हिस्सों में गर्जन की भी संभावना है। 9 सितंबर से लेकर 11 सितंबर तक मौसम विभाग ने अभी चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में मानसून की गतिविधि एक बार फिर सामान्य हुई है। राज्य में सबसे अधिक बारिश सिमडेगा जिले के बोलबा में 80.6 एमएम हुई है।

### संसद के विशेष सत्र को लेकर सोनिया गांधी ने पीएम मोदी को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार की तरफ से संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने के बाद से ही इसे लेकर कई तरह की अटकलें लग रही हैं। एक देश-एक चुनाव से लेकर इंडिया का नाम बदलकर भारत किए जाने तक विशेष सत्र में एजेंडे को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। इस बीच कांग्रेस की संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है और उनसे संसद के विशेष सत्र के एजेंडे पर जानकारी मांगी है। सोनिया गांधी ने चिट्ठी में कहा है कि संसद का विशेष सत्र विपक्ष से बिना किसी पूर्व चर्चा के बुलाया गया है। उन्होंने सत्र के एजेंडे की जानकारी भी मांगी है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने पीएम मोदी से नौ सूत्रीय एजेंडे पर चर्चा कराने का भी आग्रह किया है। उन्होंने चिट्ठी में मांग रखी कि 18 सितंबर से शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र के दौरान देश की आर्थिक स्थिति, जातीय जनगणना, चीन के साथ सीमा पर गतिरोध और अदाणी समूह से जु? नए खुलासों की पृष्ठभूमि में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग समेत नौ मुद्दों पर उचित नियमों के तहत चर्चा कराई जाए।

### कृष्ण जन्माष्टमी की धूम

**मथुरा :** भगवान श्री कृष्ण की नगरी मथुरा समेत पूरे देश में उनके जन्मोत्सव की धूम है. जिस तरह से श्रावण मास में भगवान शिव की भक्ति होती है, उसी तरह भाद्रपद भगवान श्रीकृष्ण की आराधना का महीना है. कृष्ण जन्माष्टमी पर भक्तगण पूरा दिन उपवास करते हैं. रात 12 बजे तक भगवान श्रीकृष्ण का जागरण, भजन-कीर्तन, पूजन-अर्चना करते हैं और उनका आशीर्वाद पाते हैं. इस साल जन्माष्टमी का त्योहार कल और आज 7 सितंबर को मनाया जा रहा है.मथुरा के ज्योतिषाचार्य आलोक गुप्ता के अनुसार, भगवान श्री कृष्ण का अवतरण 3228 ईसवी वर्ष पूर्व हुआ था. इस हिसाब से इस साल श्रीकृष्ण का 5250 जन्मोत्सव मनाया जाएगा. कान्हा ने 3102 ईसवी वर्ष पूर्व यह लोक छोड़ दिया था. विक्रम संवत के अनुसार, कलयुग में उनकी आयु 2078 वर्ष हो चुकी है.यानी भगवान श्रीकृष्ण पृथ्वी लोक पर 125 साल 6 महीने 6 दिन रहे थे.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $30^0$ |
| न्युनतम | $22^0$ |

### कैबिनेट की बैठक में 35 प्रस्ताव को मिली मंजूरी

# किन्नर को मिला पिछड़ी जाति का दर्जा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड कैबिनेट की बैठक में 35 प्रस्ताव को मंजूरी मिली है.इस बैठक में किन्नर समुदाय के लिए कई घोषणाएं की गई हैं. इसके अलावा कोडरमा में मंडल की सड़क की क्वालिटी सुधार के लिए 44 करोड आवंटित हुए हैं.

साथ हीं नहर की पक्कीकरण के लिए 63 करोड़ 44 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं. व्यवहार न्यायालय में अभियोजकों की राशि बढ़कर 1000 हुई. इससे पहले 500 रुपए मिलते थे.किन्नर कम्युनिटी के लिए कई सुविधाएं

जिन किन्नरों को कोई सरकारी सुविधा नहीं मिल रही है उन्हें ट्रांसजेंडर किन्नर,कोठार जेंडर के रूप में अधिसूचित किया जाएगा. किन्नर कम्युनिटी को पिछड़ी जाति के रूप में स्वीकृति मिली है. इन्हें ओबीसी के तहत सारी सुविधाएं मिलेगी.

मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत ट्रांस डेंजर समुदाय के प्रति व्यक्ति को 1000 महीना पेंशन भी दिया जाएगा.

इसके अलावा कैबिनेट की बैठक में अनुग्रह राशि में भी संशोधन किया गया है. अब से घायल पुलिस कर्मी को 7.5 लाख तक का भुगतान होगा. साथ हीं किसी उग्रवादी घटना में घायल कर्मी को दोगुना भुगतान होगा. इसके अलावा गोविंदपुर निरसा ग्रामीण पेय जलपूर्ती के लिए तीन अरब रुपए स्वीकृत हुए हैं. बरही ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए 27 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं.

#### रैबीज को अधिसूचित बीमारी घोषित करने का भी निर्णय लिया गया

कैबिनेट ने रैबीज को अधिसूचित बीमारी घोषित करने का भी निर्णय लिया गया। राज्य के खनिज क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए गोविंदपुर-निरसा के लिए पुनरीक्षित प्राक्कलन 3.5 करोड़ की स्वीकृति देने का निर्णय भी लिया है। कैबिनेट ने वित्त रहित शैक्षणिक संस्थाओं के नियमावली 2004 के अनुदान राशि में संशोधन किया गया। इसके तहत एनएसी से मान्यता प्राप्त कॉलेज को मिलने वाला अनुदान सी ग्रेड पर 4 लाख, डी ग्रेड पर 8 लराज्य के विश्वविद्यालय, अंगीभूत कॉलेज के सेवानिवृत शिक्षकों को एक जनवरी, 2006 से 31 मार्च, 2010 तक बकाया पेंशन की अंतर राशि का छह प्रतिशत ब्याज के साथ भुगतान की स्वीकृति दी गई।




#### सहायक पुलिस कर्मियों की सेवा अवधि में 1 वर्ष का अवधि विस्तार

सचिव और अपर मुख्य सचिव ढाई करोड़ की योजनाओं को स्वीकृति दे पाएंगे. रांची और पूर्वी सिंहभूम में एक किशोर न्याय बोर्ड के गठन को स्वीकृति प्रदान की गई. 12 जिलों में सहायक पुलिस कर्मियों की नियुक्ति हुई है. उनकी सेवा अवधि में 1 वर्ष का अवधि विस्तार मिला है. इसके अलावा वर्ष 21/22 के लिए लाभुक छात्र-छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से साइकिल की राशि खाते में जाएगी. वर्ष 23 24 और 24 25 के लिए फिर से नया टेंडर होगा.

### सीएम ने कार्यपालक अभियंता के विरुद्ध पीई दर्ज करने की दी अनुमति

**कार्यपालक अभियंता पर रिश्वत लेने और करोड़ों की चल-अचल संपत्ति अर्जित करने का आरोप**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के तहत एक बार फिर भ्रष्टाचार के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति दी है। मुख्यमंत्री ने इस कड़ी में प्रथम श्रेणी के पदाधिकारी मनोज कुमार विद्यार्थी, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, चाईबासा के विरूद्ध पी.ई. दर्ज करने की अनुमति दिये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया है। मामले के सत्यापनकर्ता पुलिस निरीक्षक द्वारा समर्पित प्रगति प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी मनोज कुमार विधार्थी की गिरफ्तारी के उपरांत उनके घर की तलाशी में बरामद 9,05,200 रूपए के संबंध में आरोपी के द्वारा रिश्वत लेने एवं रिश्वत की रकम को अपने किराए के मकान में रखने के आरोप को प्रथम दृष्टया सत्य पाया गया। आरोपी एवं आरोपी की पत्नी के नाम से पटना, रांची एवं उनके पैतृक गांव में करोड़ों की अचल संपत्ति होने का उल्लेख किया गया है। मामले में गुप्त रूप से सत्यापन के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी है कि आरोपी मनोज कुमार विद्यार्थी ने ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों के बिल भुगतान करने के एवज में प्रतिशत के हिसाब से रिश्वत लिया करते थे।

**मामले के सत्यापनकर्ता पुलिस निरीक्षक द्वारा समर्पित प्रगति प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी मनोज कुमार विधार्थी की गिरफ्तारी के उपरांत उनके घर की तलाशी में बरामद 9,05,200 रूपए के संबंध में आरोपी के द्वारा रिश्वत लेने एवं रिश्वत की रकम को अपने किराए के मकान में रखने के आरोप को प्रथम दृष्टया सत्य पाया गया। आरोपी एवं आरोपी की पत्नी के नाम से पटना, रांची एवं उनके पैतृक गांव में करोड़ों की अचल संपत्ति होने का उल्लेख किया गया है।**

### देवघर एम्स में जल्द उपलब्ध कराई जाएगी मूलभूत सुविधा : मुख्य सचिव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में देवघर एम्स में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य के मुख्य सचिव एवं देवघर एम्स के डायरेक्टर कोर्ट के समक्ष वर्चुअल रूप से उपस्थित हुए। मुख्य सचिव ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि जल्द ही देवघर एम्स में सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएंगी। कोर्ट ने मुख्य सचिव को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। पूर्व की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से कहा गया था कि देवघर एम्स में सुविधा मामले में पथ निर्माण विभाग, बिजली विभाग, फायर विभाग सहित अन्य विभागों ने अलग-अलग जवाब दाखिल किया है लेकिन इन जवाबों में एम्स द्वारा उठाए गए बिंदुओं का सटीक जवाब नहीं मिल रहा है।सरकार के सक्षम अधिकारियों द्वारा देवघर एम्स को लेकर याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए समस्याओं पर स्पष्ट जवाब आना चाहिए था। दरअसल, राज्य सरकार के पथ निर्माण विभाग ने मामले में शपथ पत्र दाखिल किया है। इसमें बताया गया है कि देवघर एम्स ने गेट का स्थान नहीं बताया है। इस कारण वहां के लिए अप्रोच रोड नहीं बन पा रहा है। याचिकाकर्ता ने देवघर एम्स में इलेक्ट्रिक सबस्टेशन बनने, अप्रोचिंग रोड बनने, फ्लाईओवर बनने, आवश्यकतानुसार पानी की व्यवस्था होने, फायर सेफ्टी की पर्याप्त व्यवस्था आदि की सुविधा मुहैया कराने का आग्रह राज्य सरकार से किया गया है। एम्स की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पैरवी की।

#### हाई कोर्ट ने मुख्य सचिव को शपथ पत्र दाखिल करने का दिया निर्देश

**माइनिंग लीज आवंटन मामले में हाई कोर्ट ने सीएम की ओर से रखा पक्ष**

रांची : माइनिंग लीज आवंटन मामले को लेकर बुधवार को हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि ठीक इसी तरह की एक याचिका शिव शंकर शर्मा की ओर से दायर की गयी थी। इस याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। ऐसे में इस याचिका में भी कुछ नया नहीं है। परिवार वालों और रिश्तेदारों के नाम माइनिंग लीज आवंटित किए जाने को लेकर अधिवक्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट सुनील महतो की ओर से याचिका दायर की गयी है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विशाल कुमार ने पैरवी करते हुए कोर्ट को बताया कि यह मामला एकदम अलग है। इसके तथ्य शिव शंकर शर्मा मामले से अलग है।

### सनातन पर बयान का सख्ती से दें जवाब : पीएम मोदी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मंत्रियों के साथ बैठक की. इसमें उन्होंने मंत्रियों को दो बड़े संदेश दिए. पीएम मोदी ने एनडीए के मंत्रियों से कहा कि सनातन धर्म पर उदयनिधि के बयान का सही से (तथ्यों के साथ) जवाब दिया जाए. इसी के साथ पीएम मोदी ने मंत्रियों से कहा कि वे इंडिया बनाम भारत के विवाद में बयानबाजी न करें. मतलब जिन्हें अधिकृत किया जाए केवल वही बोलें.इसी के साथ जी-20 की बैठक को लेकर पीएम मोदी ने सभी मंत्रियों को दिल्ली में मौजूद रहने को कहा है. यही नहीं उन्होंने मंत्रियों से कहा है कि जिनकी ड्यूटी विदेशी राष्ट्राध्यक्षों, डेलीगेट के साथ लगी है वो उस देश की संस्कृति, रहन सहन, खान-पान की बुनियादी जानकारी पहले से कर लें.पीएम मोदी की इन टिप्पणियों से साफ हो गया कि सनातन धर्म पर उदयनिधि के बयान को बीजेपी बड़ा मुद्दा बनाने के मूड में है. बता दें कि तमिलनाडु के सीएम स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन की तुलना डेंगू से कर दी थी. तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने कहा था,सनातन का बस विरोध नहीं किया जाना चाहिए,इसे समाप्त ही कर देना चाहिए. ये धर्म सामाजिक न्याय और समानता के खिलाफ है. हम डेंगू, मलेरिया या कोरोना का विरोध नहीं कर सकते, हमें इसे मिटाना है. इसी तरह हमें सनातन को भी मिटाना है.

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
निःशुल्क फिजियोथेरेपी कैंप
Dr Rathin Chakraborty
Master in Physiotherapy
Dr Srashti Jain
BPT, M.Sc (Yoga)
• Fracture/ Dislocation • Frozen Shoulder
• Weight loss training • Arthritis
• Sport injury cases
• Disc Prolapse
• Joint Pain
दिनाँक : 8 सितम्बर 2023 | समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
7808368888 www.asarfihospital.com



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# आकांक्षी ब्लॉक हरिहरगंज के सर्वांगीण विकास पर मंथन की आवश्यकता : उपायुक्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक हरिहरगंज में बुधवार को चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड के विकास के लिए रणनीति बनाने पर चर्चा हुई। भारत सरकार द्वारा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत झारखंड के 34 प्रखंडों का चयन किया गया है। उनमें हरिहरगंज प्रखंड भी शामिल है। उपायुक्त ने कहा की आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज के सर्वांगीण विकास के लिए मंथन की आवश्यकता है। चयनित प्रखंडों में चिंतन शिविर का आयोजन कर ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटेजी भी तैयार किया जाना है। उसी के निमित्त चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। चिंतन शिविर में उपायुक्त द्वारा अभिभाषण देते हुए इस शिविर के उद्देश्य के बारे में बताया गया। उपायुक्त ने बताया कि नीति आयोग द्वारा देशभर में आकांक्षी प्रखंड के रूप में कुल 500 प्रखंड का चयन किया गया है। उनमें झारखंड के कुल 34 प्रखंड शामिल हैं। उनमें पलामू जिले का हरिहरगंज प्रखंड भी आकांक्षी प्रखंड के रूप में शामिल है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज प्रखंड में संसाधन की कोई कमी नहीं है। हमें उस पर बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है। प्रखंड का सर्वांगीण विकास कैसे हो, इस पर हमें, मंथन करने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने कहा कि हरिहरगंज प्रखंड का सर्वांगीण विकास के लिए नीति आयोग द्वारा 39 इंडिकेटर निर्धारित किए गये हैं। उनमें हमें बेहतर कार्य कर प्रखंड का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कराना है। हेल्थ एवं न्यूट्रिशन सेक्टर के 14 इंडिकेटर, एजुकेशन से 11 इंडिकेटर, एग्रीकल्चर एवं एलाइड सर्विसेज से 5 इंडिकेटर, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर से 5 इंडिकेटर एवं सोशल डेवलपमेंट से 4 इंडिकेटर पर कार्य करना है । इस प्रकार 39 इंडिकेटर पर बेहतर कार्य कर हरिहरगंज प्रखंड को पूरे राज्य व देशभर में एक अलग पहचान दिला सकते हैं। इस कार्य के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग की अपेक्षा है। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को क्षेत्र के शत प्रतिशत लाभुकों तक पहुंचाने में जनप्रतिनिधि महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं । उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के क्रियाकलाप पर नाराजगी जताते हुए बीईईओ रामनरेश राम को बैठक से बाहर कर दिया। वहीं मनरेगा बीपीओ धर्मेंद्र कुमार द्वारा पौधा रोपण का लक्ष्य पूरा नहीं करने के कारण एक सप्ताह का वेतन काटने का आदेश दिया। चिंतन शिविर में शिक्षा, कृषि, बाल विकास, जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य, मनरेगा, पशुपालन विभाग के कार्यो की समीक्षा की गई। शिविर में डीडीसी रवि आनंद, प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, एसडीओ नरेंद्र गुप्ता, जिला लीड अनिल गुप्ता, बीडीओ जयप्रकाश नारायण, सीओ वासुदेव राय, जिला पार्षद मंजू देवी, प्रमुख कमला देवी, उप प्रमुख ममता देवी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 राजेश कुमार, बीपीएम संजय सिंह, रेखा कुमारी, बीएओ ब्रजेश कुमार, महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी के साथ ही सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, अधिकारी व सभी कार्यालय कर्मी, सहिया, सेविका व अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी के संकल्प यात्रा निर्णायक रूप में साबित होगी : डॉ. शशिभूषण मेहता

## पांकी विधानसभा में बाबुलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को लेकर की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू) :** नीलाम्बर पिताम्बरपुर स्थित मौर्या फॉम हाउस में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबुलाल मराण्डी के पांकी विधानसभा में 13 सितम्बर को संकल्प यात्रा के लेकर बैठक की गई। बैठक में विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष सभी मोर्चा के पदाधिकारी गण सभी कार्यकर्ता उपस्थित हुए। सभी लोगो ने एक स्वर में कहा कि पांकी विधानसभा में प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मराण्डी के आगमन ऐतिहासिक होगी। और कार्यक्रम का रोड मैप तैयार किया गया सर्वप्रथम पलामू लातेहार सिमा पर जांजो में स्वागत नीलाम्बर पिताम्बर के माल्यार्पण ,पांकी कर्पूरी चौक कर्पूरी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए, कुन्दरी अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जगतपुरवा में शहीद युगम्बर दीक्षित के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए शाहिद नीलाम्बर पिताम्बर प्रतिमा पर माल्यार्पण और प्रखंड नीलांबर पीताम्बरपुर (लेस्लीगंज) में सभा की जाएगी। मौके पर विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मराण्डी की संकल्प यात्रा निर्णायक साबित होगी। अब तक की यात्रा में अपार समर्थन मिला है। मौके पर पांकी मंडल अध्यक्ष शत्रुधन सिंह, नीलाम्बर पिताम्बरपुर मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी, तरहसी मंडल अध्यक्ष अजित, प्रसाद, मनातू भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, प्रखंड नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रमुख सुनील कुमार पासवान, भाजपा अनिल सिंह, वीरेंद्र मेहता, दिलीप मेहता, रोशन सिंह, सतबरवा विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, अजय सिंह चेरो, श्याम नंदन ओझा, प्रोफेसर बचन ठाकुर, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संजय चंद्रवंशी, मनातू विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, साधु मांझी, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त पलामू पहुंचे पिपरा-लोगों की मायूसी नहीं हुई दूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पलामू उपायुक्त शशि रंजन अचानक पिपरा प्रखंड का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उनके आने की खबर पूरे प्रखंड क्षेत्र में हवा की तरह फैल गई थी। लोग अपने-अपने समस्या एवं सवालों को लेकर प्रखंड कार्यालय पर पहले से ही खड़े थे। लेकिन उपायुक्त महोदय समय का अभाव रहने के कारण लोगों से रूबरू नहीं हो पाए। जिसके बाद लोग काफी निराशा एवं मायूस हो गए । लोगों ने कहा कि प्रखंड स्तर पर हमारी समस्याओं का समाधान कोई नहीं करता ना हमारी बातों को कोई सुनता है उपायुक्त महोदय से आशा था कि यह हमारी बातों को सुनेंगे कोई समाधान निकल कर आएगा लेकिन उनके पास भी समय का अभाव था। अब हम लोग किसके पास जाएं ।इससे अच्छा तो यहां प्रखंड नहीं बनता वही अच्छा था । उपायुक्त महोदय ने प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया। अनुमंडल पदाधिकारी अंचलाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी से सबसे पहले गोपनीय बात किया। उसके बाद प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव एवं वरिष्ठ समाजसेवी अमरनाथ सिंह उर्फ कान्हा सिंह से लोगों की समस्याओं के बारे में जाना। वापस आने के बाद दोनों लोगों ने कहा कि हम लोगों ने अपनी समस्याओं को उनके सामने रखा है सकारात्मक आश्वासन दिया गया है अब आगे उपायुक्त पलामू क्या पहल करते हैं यह उन पर निर्भर करता है। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर भुईया पूर्व मुखिया पिंटू सिंह हरिवंश पासवान संजय सिंह अरुण मेहता चतुराई राम सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे

# हर्षोल्लास के साथ एम.कोचिंग सेंटर में मनाया गया शिक्षक दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर प्रखण्ड अंतर्गत लोहराही में संचालित एम.कोचिंग सेंटर में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर धूमधाम से डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर छात्र -छात्राओं ने संस्थान को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया। मौके पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कोचिंग के बच्चों व शिक्षकों ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्र्दांजलि दिया द्य इस दौरान उन्होंने केक काटकर छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक दिवस मनाया। छात्र-छात्राओं ने संस्थान के सभी शिक्षकों को फूल का गुलदस्ता, समाग्री एवं उपहार भेंट कर उनका स्वागत किया।कोचिंग के बच्चों को संबोधित करते हुए निदेशक मनोहर यादव ने कहा कि गुरु शिष्य के उज्वल भविष्य के लिए अपना सर्वस्व निक्षावर कर देते हैंद्य साथ में ये भी बताया कि बच्चों को अपने जीवन में सफलता हासिल करने के लिए बाहरी नकारात्मक बातों से दूरी बनाये और अपना लक्ष्य की और ध्यान को केंद्रित बनाये रखे द्य और शिक्षा एक ऐसा हथियार है जिसके सहारे आप सफलता का परचम लहरा सकते हैं द्य सहयोगी शिक्षक शिवनाथ कुमार यादव एवं अजय कुमार यादव ने बताया कि आपका अच्छा संस्कार आपको अग्रणी पंक्ति में आपको खड़ा कर देता है द्य उन्होंने ये भी बताया की आपको सफल विधार्थी बनने के लिए मेहनत करना पड़ेगा मौके पर शिक्षक मनोहर यादव, शिवनाथ कुमार यादव, अजय कुमार यादव, रिंकू कुमारी, प्रियंका कुमारी, सरस्वती कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, पूनम कुमारी, गायत्री कुमारी, सरस्वती कुमारी, ममता कुमारी, राधा कुमारी, अंशु कुमारी, आदर्श कुमार, अभिजित कुमार, सुभाष कुमार, चंदन कुमार, हिमांशु कुमार, सुमित कुमार, शत्रुधन कुमार, अभिषेक कुमार, प्रभुनाथ कुमार यादव, कुंदन कुमार सहित अन्य बच्चे उपस्थित थे।

# विश्वकर्मा पूजा समिति के अध्यक्ष बने मनीष शर्मा



**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के हरिना गाँव मे पूर्व की भांति इस वर्ष भी बाबा विश्वकर्मा पूजा धूमधाम से मानने का निर्णय लिया गया है। पुराने पूजा समिति को भंग करते हुए और नये पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमे सर्वसहमति से अध्यक्ष मनीष शर्मा, कोषाध्यक्ष रंजन शर्मा, सचिव मुन्ना भगत को बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता बसपा युवा मोर्चा के प्रखंड के अध्यक्ष अनुज कुमार ने किया। बैठक मे अरविन्द सिंह, नागेंद्र यादव, विनय शर्मा, चन्दन शर्मा, अजय कुमार, रंजीत यादव सहित अन्य ग्रामीण जनता मौजूद थे।

# कृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम के त्योहार को लेकर थाना में किया गया शांति समिति की बैठक



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री कृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम के त्योहार को लेकर थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उपस्थित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी ने उपस्थित लोगों से श्री कृष्णजन्माष्टमी व चेहल्लुम का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील किया. उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी के विसर्जन व चेहल्लुम का जुलूस एक ही दिन गुरुवार को निकलना है.उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को लेकर नगर उंटारी में पांच जगहों पर बैरिकेटिंग किया जायेगा.उन्होंने कहा कि जगह जगह पर मजिस्ट्रेट व पुलिस बल के जवानों को भी तैनात किया जायेगा. बैठक में सर्वसम्मति से श्री कृष्ण जन्माष्टमी का जुलूस विसर्जन होने के बाद चेहल्लुम का जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया बैठक में पुलिस निरीक्षक रत्न कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, सदर तौहीद खान, सरपरस्त शमीम खान, मोहर्रम इंतजामिया कमेटी खजांची लालबाबू खान, तस्लीम खान, सुजितलाल अग्रवाल, आजाद खान, खुर्शीद खान, फुलटून खान, वकील अहमद, डॉ रिजवान अहमद, फैयाज खान, मेराजुद्दीन खान, मसउवर अंसारी, डॉ कादिर अंसारी, मुस्लिम अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अलग-अलग बाइक दुर्घटना में चार व्यक्ति घायल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नावाबजार थाना क्षेत्र के ग्राम रजहरा निवासी दिनेश राम के पुत्र वशिष्ठ राम और उसी गांव के राम भजो राम बीती रात बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में वशिष्ठ राम ने बताया कि वह अपने गांव के एक व्यक्ति के साथ मंगलवार की शाम किसी काम से मेदिनीनगर गया था। मेदिनीनगर से घर लौटने के दौरान रास्ते में रजहरा रेलवे स्टेशन के पास दोनों बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों घायलों का इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी दोनों की स्थिति गंभीर में बनी हुई है। वहीं दूसरी और चैनपुर थाना क्षेत्र के पनेरी बांध निवासी रामां बैगा के पुत्र छोटू कुमार और सुदामा सिंह बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि छोटू और सुदामा एक बाइक पर सवार होकर बुधवार की सुबह किसी काम से मनिका रिश्तेदार के घरगए हुए थे। इस बीच उधर से लौट के दौरान रास्ते में पोलपोल गांव के पास एक चार पहिया वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया। जिसमें बाइक से गिरकर दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी छोटू की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# मेरा माटी - मेरा देश कार्यक्रम को तहत भाजपा नगर मंडल की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड एक के भलुही गांव में मेरा माटी - मेरा देश कार्यक्रम को तहत भाजपा नगर मंडल की बैठक हुयी.बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी के चरित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया.बैठक में मेरा माटी मेरा देश के तहत कई कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की गयी.साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शंखनाद अभियान पर भी विशेष चर्चा की गयी.बैठक की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन महामंत्री मनीष कुमार ने किया। नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने कार्यकर्ताओं को मेरा माटी - मेरा देश कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। मौके पर वरीय भाजपा नेता शिववंश मिश्रा, एसटी मोर्चा अध्यक्ष देवनारायण सिंह खरवार, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय साह, एससी मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र भारती, रजनीश चंद्रवंशी, रामप्रवेश मेहता, अर्चना देवी, बेबी देवी, विश्वनाथ विश्वकर्मा, कृष्णा साव, भिखारी साव, गिरधारी साव, सचितानंद मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में विद्या भारती योजना के तहत रूप सजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कल 21 प्रतिभागी शामिल थे। इसमें प्रथम पुरस्कार भैया प्रिंस कुमार कक्षा बोध को प्रिंस कुमार द्वितीय पुरस्कार पंचम की बहन अनु कुमारी को राधा एवं तृतीय पुरस्कार अष्टम की बहन निशु कुमारी को राधा एवं विशिष्ट पुरस्कार चतुर्थ कक्षा के भैया कौशल कुमार को कृष्णा बनने पर दिया गया। प्रतिभागी को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। एवं शेष प्रतिभागी को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद, संजय कुमार सिंह, हंसराज गुप्ता, मोहन ठाकुर, नीलिमा मेहता, अनिता कुमारी, अमृता कुमारी, सुनीता कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रिया कुमारी, मोनिका कुमारी, अभय कुमार मिश्रा, अंजू कुमारी, नवीन कुमार पांडे, प्रियंका कुमारी काजल कुमारी आदि उपस्थित थे।

# यह संसार मेंहदी के पत्ते की तरह ऊपर से हरा दीखता है, पर इसके भीतर परमात्मरूप लाली परिपूर्ण है : जीयर स्वामी जी महाराज



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान श्री जीयर स्वामी ने कहा कि संसार की सत्ता बाधक नहीं है, प्रत्युत उसकी महत्ता का असर बाधक है.महत्ता का असर होनेसे गुलामी आ जाती है.संसार का संयोग अनित्य है और वियोग नित्य है. नित्यको स्वीकार करना मनुष्यका कर्तव्य है.संसारकी जिन वस्तुओंको हम बड़ा महत्त्व देते हैं, उनका काम यही है कि वे हमें परमात्मा प्राप्ति नहीं होने देंगी और खुद भी नहीं रहेंगी। संसार असत्य हो अथवा सत्य हो, पर उसके साथ हमारा सम्बन्ध असत्य है - यह निःसन्देह बात है.यह संसार मेंहदीके पत्तेकी तरह ऊपरसे हरा दीखता है, पर इसके भीतर परमात्मरूप लाली परिपूर्ण है.हम स्वयं चेतन तथा अविनाशी हैं और सांसारिक वस्तुएँ जड़ तथा विनाशी हैं. दोनोंकी जाति अलग-अलग है. फिर दूसरी जातिकी वस्तु हमें कैसे मिल सकती है? जैसे उदय होनेके बाद सूर्य निरन्तर अस्तकी ओर ही जाता है, ऐसे ही उत्पन्न होनेके बाद मात्र संसार निरन्तर अभाव की ओर ही जा रहा है.संसार विजातीय है और विजातीय वस्तु से सम्बन्ध होता ही नहीं, केवल सम्बन्ध की मान्यता होती है. सम्बन्धकी मान्यता ही अनर्थ का हेतु है, जिसके मिटते ही मुक्ति स्वतः सिद्ध है.शरीर संसार का निरन्तर परिवर्तन हमें यह क्रियात्मक उपदेश दे रहा है कि तुम्हारा सम्बन्ध अपरिवर्तनशील तत्त्व (परमात्मा) के साथ है, हमारे साथ नहीं; हम तुम्हारे साथ और तुम हमारे साथ नहीं रह सकते.अभी जो वस्तुएँ व्यक्ति आदि हमारे पास हैं, उनका साथ कबतक रहेगा - इसपर हरेक को विचार करनेकी जरूरत है.हम शरीरको रखना चाहते हैं, सुख-आराम चाहते हैं, अपने मनकी बात पूरी करना चाहते हैं - यह सब असत्? का आश्रय है.जो किसी समय है और किसी समय नहीं है, कहीं है और कहीं नहीं है, किसीमें है और किसीमें नहीं है, किसीका है और किसीका नहीं है, वह वास्तवमें है ही नहीं.वस्तु और व्यक्ति तो नहीं रहते, पर उनसे माना हुआ सम्बन्ध बना रहता है. यह माना हुआ सम्बन्ध ही जन्म-मरणका कारण होता है.सब संसार अपनी धुनमें जा रहा है. हम ही उसको (जाते हुएको) पकड़ते हैं और फिर उसके छूटनेपर रोते हैं.जो संसारकी गरज नहीं करता, उसकी गरज संसार करता है. परन्तु जो संसारकी गरज करता है, उसको संसार चूसकर फेंक देता है. मनुष्य जबतक सांसारिक पदार्थोंका सम्बन्ध रखेगा और उनकी आवश्यकता समझेगा, तबतक वह कभी सुखी नहीं होगा.संसारको सत्ता देनेसे संयोग-वियोग होते हैं और महत्ता देनेसे सुख-दुःख होते है.नाशवान्की दासता ही अविनाशीके सम्मुख नहीं होने देती. संसार की सामग्री संसारके कामकी है, अपने कामकी नही.संसार विश्वास करने योग्य नहीं है, प्रत्युत सेवा करने योग्य है.नाशवान् में अपनापन अशान्ति और बन्धन देनेवाला है।

# कांग्रेस पार्टी का केतार में कार्यकारिणी बैठक हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की कार्यकारिणी बैठक लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में बुधवार को जिला अध्यक्ष अवैदुल्लाह हक अंसारी के उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने कहा की जिला अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार केतार प्रखंड में प्रखंड की जानता की जनसमस्याओं को सुनने और उसका समाधान करने आया हूं। उन्होंने कहा की चार साल में महागठबंधन की सरकार ने झारखंड में विकास की लकीरें खिंचने का काम किया है। उन्होंने कहा की केंद्र सरकार के इशारे पर इडी और सीबीआई ने मंत्री,मुख्यमंत्री को परेशान कर झारखंड कि विकास को बाधित करने का काम किया है। जिला अध्यक्ष ने बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह को अपने कार्यालय में बैठकर जानता की समस्या को सुनने और समाधान करने का निर्देश दिया ताकि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने मनरेगा, नल-जल योजना, मोटेशन में गड़बड़ी की जांच कराने की बात कही। साथ ही केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा की 9 सालों में भ्रष्टाचार और मंहगाई को बढ़ावा देकर हाल ही में चुनावी स्टंट के तहत उज्जवला गैस योजना में दो सौ रुपए रेट कम कर लोगों को बेवकूफ बनाने का काम किया गया। उन्होंने कहा की 2024 की लोक सभा चुनाव में जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। और इंडिया का सरकार बनेगी।इस मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ,दिवाकर चौबे, शुशिल चौबे, राहुल दुबे, उपाध्यक्ष शुशिल पाठक,चन्दन प्रसाद, प्रदीप गुप्ता, नागेन्द्र ठाकुर, सुनील राम, जसमुदिन अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# ए प्लस टारगेट कोचिंग सेंटर में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** प्रखंड के खरौंधी बाजार में स्थित ए प्लस टारगेट कोचिंग सेंटर में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन बड़े धूमधाम से शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया।इस दौरान सभी शिक्षक एवं बच्चों ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। ए प्लस टारगेट कोचिंग सेंटर का संचालक श्रीकांत यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ राधाकृष्णन का जन्म 5 सितम्बर 1888 को तमिलनाडु के छोटे से गांव तिरुमनी में ब्राह्मण परिवार में हुआ था।इनके पिता का नाम सर्वपल्ली विरास्वामी था। वे गरीब जरुर थे किंतु विद्वान ब्राम्हण भी थे। इनके पिता के ऊपर पुरे परिवार की जिम्मदारी थी।इस कारण राधाकृष्णन को बचपन से ही ज्यादा सुख सुविधा नहीं मिली। राधाकृष्णन ने 16 साल की उम्र में अपनी दूर की चचेरी बहन सिवाकमु से शादी कर ली। जिनसे उन्हें 5 बेटी व 1 बेटा हुआ। इनके बेटे का नाम सर्वपल्ली गोपाल है। जो भारत के महान इतिहासकारक थे। राधाकृष्णन जी की पत्नी की मौत 1956 में हो गई थी। भारतीय क्रिकेट टीम के महान खिलाड़ी वीवी एस लक्ष्मण इन्हीं के खानदान से ताल्लुक रखते है। इसके साथ ही संचालक ने बच्चों को बताया कि जैसे डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन अपने मेहनत कर पूरे देश का नाम रोशन किया इस तरह आप सभी मेहनत कर अपने देश का नाम रोशन करें। अपने शिक्षकों एवं माता पिता एंव बड़े लोगो को हमेशा समान करते रहें।इसके साथ ही संचालक श्रीकांत यादव के द्वारा सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित आर के प्लस टू राजी के मअनोज राम , सुनील ठाकुर, मोती चंद बैठा, नसीम, आनंद पासवान, बिपिन बिहारी मिश्र, शिक्षक विद्यानंद यादव, उमेश बैठा, उमाशंकर बैठा सोमनाथ यादव, पूर्व प्रमुख गोरखनाथ चौधरी, पिंटू प्रजापति, साहित अन्य शिक्षक एवं बच्चों उपस्थित थे।

## ईचाड़ीह पुलिया निर्माण कार्य के ई-टेंडर निकलने से ग्रामीणों में हर्ष

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड अंतर्गत बीरगांव पंचायत के ईचाडीह के ग्रामीणों ने ईचाडीह, बाडु सोतिया पर टूटे पुलिया के नव निर्माण आर सी सी पुलिया हेतु अखबार में प्रकाशित ई-टेंडर निकलने पर खुशी जाहिर किया है। जानकारी हो कि बीते दो वर्षो से पुलिया के टुट जाने पर ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। पुल के निर्माण के लिए ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक, स्थानीय सांसद आदि को गुहार लगाई थी। हालांकि स्थानीय विधायक मा. विकास कुमार मुंडा, स्थानीय सांसद सह केन्द्रीय मंत्री मा. अर्जुन मुंडा ने पुल निर्माण के लिए विभाग को अनुशंसा कर चुके थे। यहां तक कि गोमेया विधायक डाक्टर लंबोदर महतो ने भी विधान सभा में पत्र लिखकर मामले को उठाया था। आखिरकार पुलिया निर्माण के लिए ई.टेंडर निकल गया है। जिससे ग्रामीणों ने काफी खुशी जाहिर करते हुए स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा, स्थानीय सांसद सह केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा गोमेया विधायक डाक्टर लंबोदर महतो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है। धन्यवाद देने वालों में ग्राम प्रधान विनोद सिंह मुंडा, वार्ड सदस्य जीवकुमार मुंडा, जगन महतो, नन्द किशोर महतो, जयराम महतो, विरेन्द्र महतो, कुंजविहारी सिंह मुंडा,मेडियम मुंडा, राजकिशोर महतो, कालिया मुंडा, धनेश्वर महतो, कृष्ण महतो, दिगम्बर सिंह मुंडा, दिग्विजय सिंह मुंडा,घासिया लोहरा, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हैं।

## बीरबांकी में शिक्षक दिवस पर खेल प्रतियोगिता में आजसू नेता पहुंचे



**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के सूदूरवर्ती जंगलों के बीच बुधवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर बीरबांकी के इंदीपीढ़ी मैदान में फाईनल मैच हॉकी खेल सारदा, टीम बनाम मरला, टीम बगड़ी, टीम बनाम बहंडा, टीम, कुईता बंकिरा, टीम बनाम चुकलु, टीम के बीच फाईनल मैच खेला गया, जिसमे विजेता टीम सारदा, टीम, बगड़ी, टीम, कुईता बंकिरा टीम रहा, उपविजेता मरला, टीम, बहंडा, टीम, चुकलु, टीम रहा, फाईनल टीमों को विशिष्ट अतिथि तमाड़ (प) जिला परिषद सदस्य विजय सिंह मानकी, बुंडू जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी सांडिल्य,आजसू के वरीय नेता गुंजल इकिर मुंडा के द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कार के रूप में खस्सी दिया गया वहीं उपविजेता टीमों को तमाड़ पश्चिमी प्रखण्ड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता, अड़की के पुर्व प्रखंड अध्यक्ष दुती कृष्ण मुंडा,आजसू पार्टी के नेता सिद्धार्थ साहू अंडकी,आजसू के तमाड़ प्रखण्ड सचिव धनेश्वर महतो, आजसू के तमाड़ प्रवक्ता अशोक गिरी के द्वारा खस्सी, जर्सी पुरस्कार दिया गया, कार्यक्रम में आजसू पार्टी के फलिन्दर अहीर, सुखराम मुंडा और खेल कमेटी के बिरबांकी(इंदीपीढ़ी ) के हरि सिंह मुंडा, प्रदीप समद, दित समद, सांगा पहान, जोगो पहान, भंगरा मुंडा, सोमा मुंडा, सागर मुंडा, आदि थे।

## भाजपा खलारी मंडल की हुई बैठक



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के अध्यक्षता में हुई.बैठक में केंद्र सरकार की आजादी के अमृत काल में चलाया जा रहा अभियान मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया.इस अभियान में हर घर से कलश में मिट्टी संग्रह किया जाना सुनिश्चित है.प्रत्येक पंचायत में 75 पौधे लगा कर अमृत वाटिका बनाना.पंचायत में स्थित विद्यालय में देश के शहीद सपूतों का शिलापटलम स्थापित करना.प्रत्येक गांव में देश प्रेम और संविधान के पंच प्रण को सपथ दिलाना . इन सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने की कार्ययोजना तैयार की गई और समय सीमा निर्धारित की गई. मंच संचालन रामसूरत यादव ने व धन्यवाद ज्ञापन दिलीप पासवान ने किया.

## हर्षोल्लास से मनाया गया भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड क्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. क्षेत्र के मंदिरों को विद्युत सज्जा से आकर्षक सजाया गया था. कई मंदिरों में भगवान कृष्ण का पालना सजाया गया. देर शाम से मंदिरों में हरिकीर्तन शुरू किया गया जो रात 12 बजे भगवान के जन्म के बाद समाप्त हुआ. भगवान के जन्म के बाद विशेष आरती की गई. भगवान के जयकारे से मंदिर गूंज उठे. जन्माष्टमी का उपवास रखे महिलाएं-पुरूष पूजन किए. लोगों के बीच धनिया और नारियल चूरा से बना विशेष प्रसाद बांटा गया.मंदिर के अलावा कई घरों में भी भगवान श्रीकृष्ण का पालना सजाया गया था. मंदिर पहुंचे श्रद्धालु पूरी आस्था से पालना में लेटे भगवान को झूला झुलाए.क्षेत्र के श्रीजानकी रमण मंदिर खलारी, पहाड़ी मंदिर, शिव मंदिर खलारी बाजारटांड़, करकट्टा शिव मंदिर, धमधमिया आदि मंदिरों में जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया था. इस अवसर पर घरों में भी प्रकार-प्रकार का हलवा, नारियल व धनिया के मीठे चूर्ण बनाए गए।.

## विजयकुमार गंझु चुने गए सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के अध्यक्ष व पंकज मुंडा सचिव

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी प्रखंड सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के चुनाव में लपरा पंचायत के विजयकुमार गंझू अध्यक्ष पद का चुनाव जीत गए. वहीं तुमांग पंचायत के पंकज मुंडा सचिव पद के चुनाव में सर्वाधिक मत लेकर खेल क्लब का सचिव चुन लिए गए.चुनाव प्रक्रिया प्रखंड परिसर स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र के सभागार में बीडीओ लेखराज नाग की अध्यक्षता व दिशा निर्देश में हुई. चुनाव में सभी पंचायत के राजस्व ग्राम में गठित सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब के अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष व सदस्य गण उपस्थित हुए. बीडीओ द्वारा चुनाव की प्रक्रिया एवं अधिसूचना में वर्णित नियम और शर्तो को विस्तार पूर्वक बताया गया. अध्यक्ष पद के लिए छह लोगों ने नामांकन किया था. विजयकुमार गंझु को सर्वाधिक 25 मत मिले. वहीं संतोषकुमार महतो को 22 मत, प्रकाश यादव को 21 मत तथा सतीश कुमार को 14 मत प्राप्त हुए. दो लोग अपना नामांकन वापस ले लिए. विश्रामपुर पंचायत के बालेश्वर गंझू 43 मत पाकर क्लब के उपाध्यक्ष घोषित किए गए. उपाध्यक्ष पद के नामांकन करने वाले अन्य लोगों में पवन तिर्की को 18 मत तथा अरुण कुमार को 14 मत मिले. सचिव पद के विजेता पंकज मुंडा को 39 मत तथा प्रतिद्वंदी बमने के रोहित कुमार को 28 मत मिले. इसके बाद अलग-अलग ग्रामों से 15 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया. बीडीओ द्वारा खेल क्लब के सदस्यों को अपना खाता खोलने तथा उसके संचालन हेतु आवष्यक दिशा निर्देश दिया गया. बीडीओ ने उपस्थित सभी मुखिया व सदस्यों को धन्यवाद दिया. इस मौके पर सभी पंचायत के मुखिया के अलावा प्रखंड समन्वयक में असित कुमार, पंचायत सचिव पूषा मुंडा, महावीर महतो आदि उपस्थित थे.

## सरस्वती विद्या मंदिर धमधमिया में श्रीकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा प्राथमिक खंड धमधमिया में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम और हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पंकज कुमार , प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह, प्रभारी आचार्य अजय कुमार पाठक एवं अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया. कार्यक्रम में श्रीकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें छात्र आश्विन चन्द्रा प्रथम, रौशन कुमार द्वितीय एवं यूवीश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया . साथ ही कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की नन्ही छात्राओं द्वारा आकर्षक राधा रुप में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया.वहीं विजयी प्रतिभागियों को अथितियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया. कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन एवं शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया .कार्यक्रम को सफल बनाने में सुश्री रीमा कुमारी एवं उमाकान्त झा का सराहनीय योगदान रहा.

## भागवत कथा सुनने के लिए बचरा में उमड़ रही है श्रद्धालुओं की भीड़

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नम्बर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में चल रहे आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ मे श्रद्धालुओ की काफी भीड़ देखी जा रही है।बचरा चार नम्बर खेल मैदान मे चल रहे श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ मे प्रत्येक संध्या चल रहे भागवत कथा सुनने के लिए लोगो की काफी भीड़ देखी जा रही।बिहार के बक्सर से आये हुए कथावाचक कृष्णानन्द पोराणीक महाराज द्वारा भागवत कथा के उदेश्य के बारे मे बताया जा रहा है।इस संबंध मे उन्होने अपने प्रवचन मे कहा कि भागवत कथा से लोगो को धार्मिक ज्ञान मिलता है और उनमे धार्मिक भावना बढ़ती है।भगवान की अराधना करना ही सबसे बड़ी भक्ति होती है।भागवत कथा सुनने के लिए बचरा,राय,चुरी डकरा,खलारी,बचरा बस्ती, राय कोलियरी,बेंती,किचटो, चिरैयांटांड़,बिलारी सहित अन्य जगहों से सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। इधर महायज्ञ को लेकर पूरे पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय देखा जा रहा है।महायज्ञ को सफल बनाने मे महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सुनील प्रसाद,सचिव रविंद्रनाथ सिंह,धीरेन्द्र शर्मा, सोनू तिवारी,मुकेश राणा, अरूण सिंह,आशिश दुबे, गांधीराम साहु, बिजेन्द्र सिंह सहित अन्य लोगों की सराहनीय भूमिका है।

## गुरुकुल के राधारमण महोत्सव मे भाग लेने पहुंचे झारखंड के राज्यपाल

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के राज्यपाल महामहिम सि पी राधा कृष्णन का सिल्ली आगमन पर भव्य स्वागत किया गया । सिल्ली प्रखंड के कुटाम गांव स्थित गुरुकुल में राधा रमन महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए राज्यपाल पहुंचे। उनके पहुंचने पर वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ फुल एवं माला से स्वागत किया गया। गुरुकुल में स्थापित राधा कृष्ण के प्रतिमा का पूजा अर्चना किया ।श्री राधा कृष्ण ने संबोधित करते हुए कहा है कि गुरुकुल बच्चों में सकारात्मक एवं रचनात्मक ऊर्जा का संचार करती है ।श्री कृष्ण विश्व के सर्वश्रेष्ठ गुरु है। उन्होंने कहा की भागवत गीता में जो भी अर्जुन को शिक्षा दी है वह वास्तव में मानव दर्शन है ।गीता हमें जीवन के विभिन्न परिस्थितियों में उचित मार्गदर्शन करती है श्री कृष्णन ने कहा कि भारत पहले भी विश्व गुरु था और आज भी विश्व गुरु बनने की राह पर तेजी से बढ़ रहा है। इसके पूर्व गुरुकुल के संस्थापक स्वामी गदाधर दास प्रभु जी ने संबोधित करते हुए कहा की सिल्ली के ग्रामीण के प्रयास से इस गुरुकुल का स्थापना संभव हो सकता है प्रभु जी ने बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर आठ गुरुकुल का उद्घाटन किया गया है।12 गुरुकुल का निर्माण चल रहा है जो अगले वर्ष जन्माष्टमी के अवसर पर उद्घाटन किया जाएगा ।समारोह के अंत में राज्यपाल ने अंतर स्कूल प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस मौके पर सांसद संजय सेठ, विधायक सुदेश कुमार महतो, उपाध्यक्ष बीना चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, डॉक्टर राजाराम महतो धीरज महतो, बिनोद साहु,समेत सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## अवैध खनन के विरुद्ध खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया जांच अभियान

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम बुधवार को जिला खनन पदाधिकारी श्री नितेश कुमार गुप्ता के द्वारा थाना प्रभारी, पतरातू सहित अन्य पुलिस कर्मियों की टीम के साथ पतरातू प्रखंड अंतर्गत टेरपा क्षेत्र में अवैध बालू के स्टॉक के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान स्थल से 10800 सीएफटी बालू को जब्त किया गया जिसके उपरांत जब्त किए गए बालू को पतरातू थाना परिसर में रखा गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला खनन पदाधिकारी श्री नितेश कुमार गुप्ता ने बताया कि उपायुक्त श्री चंदन कुमार से प्राप्त निर्देश के आलोक में टीम के द्वारा टेरपा क्षेत्र में जांच अभियान चलाया गया एवं 10800 सीएफटी बालू को जब्त कर पतरातू थाना में रखा गया है वहीं मामले में अज्ञात व्यक्तियों पर प्राथमिक की भी दर्ज कराई गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि जब्त किए गए बालू की नियम अनुसार नीलामी की जाएगी।

## आजप युवा जिला अध्यक्ष की माता का निधन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी जन परिषद के युवा मोर्चा जिला रामगढ़ अध्यक्ष नंदलाल करमाली की माता स्वर्गीय मुनुवा देवी उम्र करीब 49 वर्ष का निधन बीते रात्रि मंगलवार को हो गया। जैसे ही यह खबर जिले में कार्यकर्ताओं के बीच फैली सभी में शोक की लहर दौड़ पड़ी। वर्तमान में आजप प्रतिनिधि नंदलाल रिवर साईड में रहते थे। उनकी माता का अंतिम संस्कार लोवाडीह (पतरातू) में होगा। शोक जताने वालों में आजप केंद्रीय उपाध्यक्ष शत्रुधन बेदिया, प्रकाश मुंडा, सोनी प्रिया, गंगा बेदिया, कजरु बेदिया, सिकंदर मुंडा, प्रदीप करमाली, हीरालाल बेदिया, रंजीत करमाली, अशोक बेदिया, श्याम करमाली आदि शामिल हैं।

## रोलर चौक अरगड्डा में एक दुकानदार ने कीटनाशक खाकर की आत्महत्या

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना रामगढ़ क्षेत्र के अरगड्डा रोलर चौक दो तल्ला में रहने वाले अशोक कुमार ने वर्मा उम्र करीब 55 वर्ष का कीटनाशक (जहर) खाकर आत्महत्या करने का मामला बुधवार को सामने आया हैं। बताया जाता है कि मृतक की एक सोनार दुकान और टेलर दुकान था। परिजनों ने बताया कि मृतक कुछ दिनों से तनाव में था। घर के कमरे में जहर खाने का पता चलने पर बीते रात्रि मंगलवार को होप रांची रोड ले गए, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक अशोक के एक पुत्र की मृत्यु एक वर्ष पहले सड़क दुर्घटना में भी हो चुंकी हैं। वे अपने पीछे दो पुत्र और पत्नी को छोड़ गए हैं। जिनका रो-रोकर बुरा हांल हैं। वही रामगढ़ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर पुरानीराय मे श्री कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में बुधवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर श्री कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता मे शिशु वाटिका के नन्हे मुन्हे भैया बहनों ने श्री कृष्ण राधा के रूप में बड़े मनमोहक एवं आकर्षक लग रहे थे।इस बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता में स्कूल के कुल 36 छात्र/ छात्राओ ने भाग लिया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश महतो नन्हे मुन्हे राधा कृष्ण के रूप में बच्चों को देखकर अभीभूत होते हुए कहा कि आज विद्यालय प्रांगण वृंदावन प्रतीत हो रहा है।श्री कृष्ण महान दार्शनिक एवं परम ज्ञानी थे।उनके आदर्श चरित्र हम सबके लिए अनुकरणीय है।इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके जीवन एवं बाल लीलाओं से परिचय करना है।उन्होने कहा कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर स्कूल में प्रत्येक वर्ष इस तरह का आयोजन किया जाता है,जिसमें बच्चे बढ़कर भाग लेते हैं।उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को बधाई देते हुए आगे भी इस तरह के आयोजन में बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की।

## युवा सरना क्लब कल्याणपुर द्वारा चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर खेल मैदान में युवा सरना क्लब के द्वारा आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट का समारोहपूर्वक समापन किया गया।यह फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के शुभ अवसर पर प्रारंभ किया गया था,जिसमें कुल 20 टीमों ने भाग लिया था।जिसका समापन किया गया।इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मेजबान कल्याणपुर बनाम हेन्देगीर के बीच खेला गया।इस रोमांचक मैच में हेन्देगीर की टीम ने मेजबान कल्याणपुर की टीम को 1-0 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के विस्थापित नेता सह सिमरिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी जितेन्द्र कुमार राम सहित अन्य अतिथियो ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्रॉफी और खस्सी प्रदान कर सम्मानित किया।समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह का आयोजन खिलाड़ियों को मनोबल बढ़ाने का काम करता है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में काफी प्रतिभावान खिलाड़ी है बस उनका मनोबल बढ़ाने की जरूरत है।उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर अपने गांव पंचायत और राज्य का नाम रोशन करने की अपील की।इस मौके पर रामचन्द्र उरांव, सचिन पासवान,राजेश महतो,राजकुमार उरांव, संदीप बाडा,बिट्टू उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गोड्डा**

ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्याः– 06/2023-24/RWD/EE/GODDA दिनांकः 06-09-2023

कार्य का विवरणः मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोड्डा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/GODDA/ 05/2023-24 | गोड्डा–दुमका मुख्य पथ से (पुराना मुखिया टोला) पाण्डुबथान होकर रामगढ़ मुख्य सड़क तक पथ निर्माण कार्य (लं0–2.500 कि0मी0) | 2,64,47,200.00 | दो करोड़ चौसठ लाख सैतालीस हजार दो सौ रू0 मात्र | 12(बारह) माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/EE/GODDA/ 06/2023-24 | एन0एच0 भटौंधा चौक से हाथी हरियारी तक पथ सुदृढीकरण कार्य (लं0–1.000 कि0मी0) | 1,86,93,100.00 | एक करोड़ छियासी लाख तेरानबे हजार एक सौ रू0 मात्र | 09(नौ) माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 11.09.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 21.09.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. (क) मुख्य अभियंता, कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गोड्डा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 22.09.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोड्डा, झारखण्ड, पिन– 814133 (पुराना समाहरणालय, गोड्डा) को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जानेवाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (22.09.2023 अपराहन् 3.00 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–25.09.2023 अपराह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोड्डा।
7. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोड्डा के पक्ष एवं गोड्डा में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
8. पी0सी0सी0 कार्य हेतु Conc. Mix (0.28-0.40cmm) Niddle Vibrator, Plat Vibrator, Concrete Mould(150mm x150mmx150mm size) 03 Nos, Water Tanker का स्वामित्व प्रमाण पत्र/व्यवस्था प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गोड्डा।

PR.NO.306314 Rural Work Department(23-24):D



**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 68/2023-24 दिनांक :- 05.09.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-HAZ-01/2023-24 | बरकट्ठा | 1 | बेड़ोकला से जतघघरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। लं० – 9.100 कि०मी०) | 1959.145 | उन्नीस करोड़ उनसठ लाख चौदह हजार पाँच सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | बरकट्ठा | 2 | एन०एच०–02 बेलकपी से जमुआ मधुवन तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 7.500 कि०मी०) | | | |
| | | बरकट्ठा | 3 | कोसमा से पचफेरी भाया सलैया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.000 कि०मी०) | | | |
| | | बरकट्ठा | 4 | जतघघरा से बराकर नदी भाया छुतहरी कटिया तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 3.200 कि०मी०) | | | |
| | | बरकट्ठा | 5 | गयपहाड़ी से कल्हाबाद तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.530 कि०मी०) | | | |
| | | चलकुशा | 6 | चौबे से विरमाकी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.000 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–**08.09.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **26.09.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **हजारीबाग** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– **27.09.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (**27.09.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **29.09.2023** .अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ............................
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेटबैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंकड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **हजारीबाग** के पक्ष में एवं **हजारीबाग** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता,
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची।

PR 306291 (Rural Work Department) 23-24 (D)



**झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)**
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 69/2023-24 दिनांक :- 05.09.2023

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-CHA-03/2023-24 | गिद्धौर | 1 | गांगपुर से मरांगी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। लं० – 7.000 कि०मी०) | 1056.925 | दस करोड़ छप्पन लाख बेरानवे हजार पाँच सौ रू० मात्र | 09 महीना |
| | | गिद्धौर | 2 | पिण्डारकोन से ईचाक तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.800 कि०मी०) | | | |
| | | गिद्धौर | 3 | गिद्धौर से ब्रह्मपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 8.600 कि०मी०) | | | |
| | | गिद्धौर | 4 | भूईया टोला से जरहा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 4.100 कि०मी०) | | | |
| | | गिद्धौर | 5 | लुबुधिया से पिण्डारकोन तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 2.600 कि०मी०) | | | |
| | | ईटखोरी | 6 | बानाजांग से मलकपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 1.475 कि०मी०) | | | |
| 2 | JH-M-CHA-04/2023-24 | मयुरहण्ड | 1 | मयुरहण्ड प्रखण्ड मुख्यालय से पी०डब्ल्यू०डी० रोड तेतरिया मोड़ भाया सोकी तिलरा पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं० – 18.210 कि०मी०) | 1801.541 | अठारह करोड़ एक लाख चौवन हजार एक सौ रू०मात्र | 09 महीना |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथि:–**08.09.2023**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **26.09.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. **(क)** मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **चतरा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:–**27.09.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीडपोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (**27.09.2023** अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–**29.09.2023** .अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची, एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ............................
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेटबैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंकड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **चतरा** के पक्ष में एवं **चतरा** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 306292 Rural Work Department(23-24)#D

## शहर की कवयित्री अंकिता सिन्हा का अंतरराष्ट्रीय मंच पर दूसरी छलांग, बैंकॉक में काव्य धारा बहाएंगी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर समेत झारखंड और देश की दर्जनों शहरों में अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देकर पहचान बनाने वाली अंकिता सिन्हा का अंतरराष्ट्रीय मंच पर दूसरी छलांग है। केंट फार्मास्यूटिकल्स होम्योपैथी दवाओं की प्रसिद्ध कंपनी बैंकॉक के द्वारा काव्य संगम का आयोजन किया जा रहा हैं । बैंकॉक फार्मास्यूटिकल्स के एरिया सेल्स मनेजर सोमनाथ ने बताया कि हर साल यहां देश विदेश के 200 से जयादा सुप्रसिद्ध चिकित्सकों का सेमिनार होता हैं। यह खुशी कि बात हैं इस बार काव्य धारा एवं सम्मान समारोह श्रृंखला में भारत से सुप्रसिद्ध कवयित्री अंकिता सिन्हा को जमशेदपुर से आंमत्रित किया गया हैं। गया के सुप्रसिद्ध चिकित्सक आयोजक एवं मंच संचालक डॉक्टर वीरेंद्र यादव के कुशल संचालन में बैंकॉक पटाया में काव्य धारा बहेगी। गौरतलब है कि इसी वर्ष 2023 के जनवरी में अंकिता सिन्हा मलेशिया में आयोजित कवि सम्मेलन में अपने देश का नाम रोशन कर चुकी है। अंकिता सिन्हा कि तीन पुस्तकें आकांक्षा कोरोनाकाल और मेरी दुनिया मेरी मां बाजारों में उपलब्ध है।

## शिक्षक दिवस पर रानी गुप्ता ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिक्षक दिवस के अवसर पर विशेष आयोजन के तहत मंगलवार को जमशेदपुर गोल पहाड़ी स्थित शक्तिपीठ के प्रांगण में समाज सेविका सह राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण एव जन कल्याण संगठन की प्रांतीय वरिष्ठ उप निदेशिका रानी गुप्ता एवं उनकी टीम के नेतृत्व में शिक्षक सम्मान समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। मौके पर शहर के जाने-माने उत्कृष्ट शिक्षकों जिनमें मुख्य रूप से डॉक्टर किशोर ओझा, डालिया चटर्जी, डॉक्टर श्रद्धा वर्मा और खेल में विशेष उपलब्धि के लिए प्रभाकर राव को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित ज्योत्सना अस्थाना ने शाल , गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण एवं जन कल्याण संगठन के अधिकारी के अलावा समाजसेवी अनीता सिंह, सुरेश लाल अमर सिंह और गायत्री शक्तिपीठ गोल पहाड़ी के सदस्य गण मौजूद रहे।



## धनगांव में आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल का विजेता बना डीजे भोले



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर प्रखंड के कुलितोडांग पंचायत के धनगांव में संजय ब्रदर्स धनगांव ने दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। फाइनल मुकाबला डीजे भोले और 777143 नंबरी की टीम के बीच खेला गया और पेनाल्टी शूटआउट में डीजे भोले टीम एक गोल से विजेता बना। तीसरा स्थान 7 स्टार एवं चर्तुथ स्थान डोबरोबासा को मिला। इस अवसर कमेटी के सदस्य अध्यक्ष संजय पूर्ति, सचिव जितेन टिटिंगील, कोषाध्यक्ष कृष्ण पूर्ति,सह कोषाध्यक्ष सुलोमोहन पूर्ति,एवं सदस्य सोमाय पूर्ति, डिलो पूर्ति, डाडु सिंह पूर्ती, लालू पूर्ति, गोपाल पूर्ति, राम पूर्ति, जय टिटिंगील, जारका पूर्ति ,पांडेया पूर्ति, दिऊरी पूर्ति समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## ग्रिजली विद्यालय में जन्माष्टमी समारोह आयोजित

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के सभागार में श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अपर्णा सिन्हा, संयोजक तुषार रॉय चौधरी एवं बच्चों के द्वारा श्री कृष्ण के बालस्वरूप की विधिवत पूजा-अर्चना से की गई एवं माखन मिश्री का भोग लगाया गया तत्पश्चात श्रीकृष्ण को पालकी में झूला झुलाकर किया गया । सीईओ प्रकाश गुप्ता ने जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते कहा कि श्री कृष्ण की जीवनी हमें सत्य मार्ग का अनुसरण करने एवं फल की कामना के बिना सतत् कर्म करने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम को प्राचार्या अपर्णा सिन्हा आदि ने भी सम्बोधित किया.इस मौके पर विद्यालय के बच्चे राधा व कृष्ण के रूप में ठुमके लगाते नजर आए। राधा-कृष्ण के परिवेश में छात्र आयांश सिंह, आरुषि, निशिता, श्रीनिका कुंडू, वेदान्श पांडे, पियूष, परिणीति, परिणिधि, काव्या, अन्वी वर्मा, आराध्या सिंह,सांवी, ऋषि राज, आयुष, खुशी, नव्या, पीहू, लवली, सुर्जोस्तु पालित, सुजल यादव, पीहू राज, आदित्य तिवारी, अदिति, सुरभि, खुशी, श्रेष्ठ समर्थ, पीहू कुमारी, रूद्र राज, आद्या सिंह, नक्श जायसवाल, युवराज सिंह बेहद आकर्षक लग रहे थे। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य मैया यशोदा, ये तेरा कन्हैया के नृत्य ने उपस्तिथ दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा कार्यक्रम को यादगार बना दिया। मंच संचालन शिक्षिका फाल्गुनी पांडेय ने किया। कार्यक्रम संचालन कार्यक्रम प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव, शिक्षिका रीना हूडा, स्वेता प्रकाश, सारिका देवी, रिम्मी चटर्जी, नेहा बरनवाल, वीणा भदानी, प्रिया कुमारी, खुशबु खातून, मधुलिका, प्रीति कौर, खुशबु सिंह एवं समस्त विद्यालय परिवार की भूमिका सराहनीय रही।

## बचपन स्कूल में धूमधाम से मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुमो स्थित बचपन प्ले स्कूल अ यूनिट ऑफ़ ग्रिज़ली पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूम-धाम से मनाया गया। इस मौके पर नन्हें-मुन्ने बच्चों ने कृष्ण, राधा, ग्वाल-बाल बनकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या नीरजा, संयोजक, संयोजिका, शिक्षिकाओं एवं बच्चों के द्वारा लड्डू गोपाल की विधिवत पूजा अर्चना से की गई। इसके बाद लड्डू गोपाल को माखन मिश्री का भोग लगाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र आलोक झा ने अंग्रेजी भाषा के माध्यम से कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की महत्ता बतायी। प्रधानाचार्या नीरजा ने बच्चों को बधाई देते उनके बारे में कही. शिक्षक काशीनाथ महतो ने बच्चों को भगवान कृष्ण की लीलाओं की अनोखी कहानियाँ सुनाई वहीं कक्षा नर्सरी के बच्चों अदीबा, रेयाना, निहित, प्राशिव, समृद्धि, अनन्या, अभिनन्दन, आयुश, प्रत्युश, अर्चित, अयाँश, अभय ने ÷ट्विंकल-ट्विंकल लिटिल स्टार, कृष्णा मेरा सुपर स्टार एल0के0जी0 के बच्चों अम्वी, अद्विका, अनाएशा, हर्षी जैन, काश्वी सिंह, फानीश जैन, प्रियेश कुमार, यश मोदी , माब्या, आद्या, अदविक, तृषी, आर्यमन, पवन कुमार ने राधे-राधे की धुन पर तथा यू0के0जी0 के बच्चों माइशा, आद्या, रिशिका, अहान, अक्षज, दक्ष, मानविका, अनाया, शिवांश, रेयाँश, आन्या, शिवांगी, शिवांश, आदित्य ने वो कृष्णा है की धुन पर धमाकेदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिया। इसके पश्चात मटकी फोड़ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसमें सभी बच्चे उल्लसित नजर आए। अंत में फोटोग्राफी एवं प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक सकिंदर कुमार, संयोजिका अनीता कुमारी, अर्चना चंदन, पूजा झा, मारिया मंडल, सी0 सी0 ए0 प्रभारी सदफ नाज, दिशा सोनी, रश्मि सूद, सूरज कुमार, काशीनाथ कुमार, मुकेश कुमार, संजू कुमारी, श्वेता अग्रवाल, गुरजीत कौर, सोनी गुप्ता, मनीषा कुमारी, दिव्याली कुमारी, नेहा लाल, प्रियम, बीशा, श्रुति, पूनम तेजपाल, अमिषा कुमारी, सीमा पंडित, सुनीता कुमारी, सुप्रिया कुमारी, अंजली सलूजा, नेहा गुप्ता, रितिका पाण्डेय, अंजली कुमारी, डिम्पल, साक्षी, निधी, रिद्धिमा, शैलजा सेठ, ज्योती, शालिनी, प्रतिमा शर्मा, प्रतीक जैन, अनिल कुमार यादव, रजनीश कुमार, मनीमाला दत्ता, विकास गुप्ता, अर्चना सिन्हा एवं विद्यालय के सभी शिक्षिकेत्तर कर्मचारियों का भी सराहनीय योगदान रहा।

# गैस सिलिंडर लिक होने से लगी आग, महिला की मौत व दो घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कदमा थाना क्षेत्र के रामनगर में बुधवार को सामुदायिक भवन के पास स्थित बसंत विहार अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर एक फ्लैट में गैस रिसाव के चलते आग लग गई। इसके बाद वहां रखे तीन गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। सिलेंडर में विस्फोट होने पर पूरे फ्लैट में आग फैल गई। इस घटना में किचन में काम कर रही महिला नीता गुप्ता की



मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके पति ओपी गुप्ता सदमे में चले गए हैं। एक अन्य व्यक्ति भी आग में बुरी तरह झुलस गया है। दोनों को टीएमएच में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। आग लगने पर पूरा परिवार फ्लैट में ही फंस गया था। बाद में उन्हें निकाला गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस और टाटा स्टील अग्निशमन विभाग के पांच दमकल मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया गया। पुलिस घटना की जांच में जुट गई।

## नशा मुक्ति को उत्क्रमित विद्यालय गोविंदपुर में आम सभा आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उपायुक्त रवि शंकर शुक्ल के निर्देशानुसार एंटी नारकोटिक एक्टिविटी के तहत नशा मुक्ति को लेकर क्षेत्र में अभियान जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को सरायकेला अंचल अंतर्गत गोविंदपुर पंचायत के उत्क्रमित विद्यालय में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों के साथ एक आमसभा का आयोजन किया गया। मौके पर सभी को नशापन से होनेवाले नुकसान के संबंध विस्तार से बताया गया। साथ ही नशा मुक्ति अभियान में आगे बढ़ कर हिस्सा लेने का अनुरोध किया गया। जो नशा का सेवन करते हैं उन्हें नशा



सेवन छोड़ने की अपील की गई। इस अवसर पर अंचल अधिकारी सरायकेला सुरेश कुमार सिन्हा सहित पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएँ सहित जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य विभागके प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## गौरडीह में आयोजित मां मनसा देवी की पूजा अर्चना में शामिल हुए विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के गौरडीह गांव के ग्राम प्रधान सह झामुमो नेता हिमांशु महतो के घर में आयोजित मां मनसा देवी की पूजा अर्चना में बुधवार को विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने मां मनसा देवी की मूर्ति के समक्ष मत्था टेककर क्षेत्र की खुशहाली कामना की। विधायक ने बताया कि झामुमो नेता हिमांशु महतो के घर पर तीन पीढ़ियों से लगातार मां मनसा देवी की पूजा अर्चना की जाती है और इस साल भी हर्षोल्लास के साथ पूजा का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि घर में मां मनसा देवी की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया गया। मौके पर हिमांशु महतो, काजल सिंह, शंभु सिंह, शिवशंकर महतो, संतोष महतो समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# टाटा मोटर्स में 20 प्रतिशत बोनस की मांग उठी यूनियन ने प्रबंधन को सौंपा चार्टर ऑफ डिमांड

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा मोटर्स में भी टाटा स्टील की तर्ज पर 20 प्रतिशत बोनस की मांग उठाई है। बुधवार को टेल्को वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी आकाश दुबे, प्रकाश और हर्षवर्धन ने टाटा मोटर्स प्रबंधन को वार्षिक बोनस के लिए एक चार्टर आफ डिमांड सौंपा है। इसमें कहा गया है कि टाटा मोटर्स में आर्थिक स्थिरता आ गई है। कंपनी अब मुनाफे की तरफ बढ़ रही है। इसलिए कर्मचारियों को 20 प्रतिशत बोनस मिलना चाहिए। चार्टर ऑफ डिमांड में कहा गया है कि कर्मचारी पूरी लगन और निष्ठा के साथ कम कर रहे हैं। इसी के चलते कंपनी घाटे से उबरी है। टेल्को वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों का कहना है कि टाटा स्टील ही नहीं शहर की अन्य कंपनियां भी अपने कर्मचारियों को अच्छा बोनस दे रही हैं तो टाटा मोटर्स को भी ऐसा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छा वार्षिक बोनस कर्मचारियों को साल भर काम करने के लिए प्रेरित करता है। यही नहीं टेल्को वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी ने मांग पत्र के जरिए टाटा मोटर्स प्रबंधन से मांग की है कि परंपरा और गोपेश्वर लाल द्वारा किए गए समझौते के तहत कर्मियों को परमानेंट करने की संख्या में भी बढ़ोतरी की जाए और टेल्को वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी के साथ प्रबंधन वार्ता शुरू करे। मांग पत्र की एक कॉपी डीएलसी को भी दी गई है और उनसे आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है।

### स्थाईकरण के मुद्दे को डीएलसी ने टाटा मोटर्स प्रबंधन को लिखा पत्र

**जमशेदपुर:** उप श्रमायुक्त (डीएलसी) ने बुधवार को टाटा मोटर्स प्रबंधन को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि टेल्को वर्कर्स यूनियन ने उन्हें एक आवेदन देकर मांग की है कि टाटा मोटर्स प्रबंधन कर्मचारियों को स्थाई करने के मुद्दे पर टेल्को वर्कर्स यूनियन से भी बात करे। डीएलसी ने टाटा मोटर्स प्रबंधन से कहा है कि इस मामले में उचित कार्रवाई कर डीएलसी को अवगत कराएं। टेल्को वर्कर्स यूनियन के नेता हर्षवर्धन का कहना है की डीएलसी ने इस पत्र के जरिए टाटा मोटर्स प्रबंधन से कहा है कि वह टेल्को वर्कर्स यूनियन को बुलाकर कर्मचारियों को स्थाई करने के मुद्दे पर वार्ता करें। टेल्को वर्कर्स यूनियन की मांग है कि टाटा मोटर्स प्रबंधन इस बार पिछले साल से अधिक कर्मियों को स्थाई करे।

### चक्रधरपुर के पोड़ाहाट स्टेडियम में खेलो झारखंड प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

# खेलकूद को बढ़ावा दे रही है हेमंत सरकार : सुखराम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर के मारवाड़ी प्लस टू स्कूल के समीप पोड़ाहाट स्टेडियम में बुधवार को खेलो झारखंड प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ संयुक्त रूप से अतिथियों ने दीप जलाकर व गोला फेंककर किया। प्रतियोगिता में चक्रधरपुर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के बड़ी संख्या में



छात्र-छात्राएं शामिल हुए। मौके पर विधायक सुखराम उरांव ने संबोधित करते हुये कहा कि खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकर प्रयासरत है। झारखंड के खिलाड़ी देश-विदेश में झारखंड का नाम रौशन कर रहे हैं। इस अवसर पर मौजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी सह बीईईओ अविनाश राम ने खेलो झारखंड कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर विभिन्न स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं व बड़ी संख्य में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## विवेक चौधरी ने महासचिव पद से दिया इस्तीफा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कुछ महीना पहले पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद के चुनाव में मुकेश मित्तल की जीत सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाने वाले विवेक चौधरी ने अब मुकेश मित्तल की टीम का साथ छोड़ दिया है। उस चुनाव में अशोक चौधरी और पवन अग्रवाल की तगड़ी दावेदारी के बीच मुकेश के लिए राह आसान करने में विवेक ने सफल रणनीति बनाई थी। बाद में अध्यक्ष चुने जाने के बाद मुकेश



मित्तल ने विवेक को महासचिव पद का दायित्व सौपा था। अब विवेक ने अपनी व्यावसायिक व्यवस्थाओं को कारण बताते हुए पद छोड़ने का ऐलान कर दिया है। हालांकि विवेक के इस्तीफा के कारणों की अलग-अलग व्याख्या भी की जाने लगी है।

## प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बुधवार को पटमदा के एसएस प्लस टू हाई स्कूल मैदान में प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड 2023-24 का आयोजन बारिश के बीच देर शाम तक संपन्न हुआ। इसमें कक्षा 6-8 बालक-बालिका एवं 9-12 बालक-बालिका वर्ग के प्रतिभागियों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर व 800 मीटर रेस, तीरंदाजी, लम्बी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी, शार्ट पुट थ्रो आदि प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रखंड शिक्षा परिवार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पटमदा उत्तरी के जिला पार्षद खगेन



चंद्र महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, मुखिया संघ के अध्यक्ष कृष्णपद सिंह ने सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, खेल संचालन कमेटी के सदस्य राजेश कुमार, अवनी महांती, रवि नरेश प्रसाद, प्रबोध कुमार महतो, रामपद महतो, डॉ. समीर कुमार एवं अन्य शिक्षकों का सक्रिय योगदान रहा।

# पटमदा के लावा गांव में 2 ट्रांसफॉर्मर खराब, अंधेरे में सैकड़ों ग्रामीण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड मुख्यालय से सटे लावा गांव में 2 विद्युत ट्रांसफॉर्मर खराब होने से सैकड़ों ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश हैं। इस संबंध में लावा के ग्राम प्रधान बृंदावन दास ने बताया कि काली मंदिर के पास स्थित 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर पिछले दो दिनों से खराब होने से बच्चों की पढ़ाई, मोबाइल फोन चार्जिंग, मोटर पंप से पानी भरने जैसी कई जरूरी सेवाएं बंद हो गई है। वहीं पेट्रोल पंप के पास स्थित 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर मंगलवार से खराब है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी एवं विद्युत विभाग के जेई से भी बात की गई है लेकिन कोई सकारात्मक आश्वासन नहीं



मिला। उन्होंने बताया कि टीआरडब्ल्यू में ही स्टॉक नहीं होने की जानकारी दी गई है इसलिए आज भी ट्रांसफॉर्मर मिलने की उम्मीद नहीं है। दोनों ही ट्रांसफॉर्मर करीब 8 माह पूर्व लगाया गया था जो उस वक्त भी पुराना ही मिला था।

## मतदाता सूची पन्ना वेरिफिकेशन का कार्य जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त के निर्देशानुसार मतदाता सूची के पन्ना वेरिफिकेशन का कार्य मतदान केंद्र संख्या 335 प्राथमिक विद्यालय मानिक बाजार क्षेत्र में किया गया । भ्रमण के दौरान मतदाता सूची के एक पन्ने में उपलब्ध 30 मतदाताओं के प्रविष्टियों की जांच की गई । सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने मतदाताओं से अपील किया कि जिस प्रकार की भी त्रुटियां हैं उन्हें बीएलओ के माध्यम से ठीक करा सकते हैं।

# सफलता की कहानी: धालभूमगढ़ की सविता महतो बढ़ा रही हैं उद्यमिता की ओर कदम

### जेएसएलपीएस के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर कमा रहीं 800-1000 रुपये रोजाना



**प्रभात मंत्र डेस्क**

**जमशेदपुर :** धालभूमगढ़ प्रखंड के कुकड़ाखुपी गांव की सविता महतो ग्रामीण महिलाओं के लिए एक उदाहरण है। जीवन में आगे बढ़ने की चाह और आत्मनिर्भरता की ओर उठाये गए कदम ने उनके परिवार को समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है। और इस प्रयास को सफल बनाया है झारखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (जेएसएलपीएस) ने, जिसके माध्यम से धालभूमगढ़ जिले में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) से जुड़कर सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाया। इसके लिए उन्होंने अपने आप को नयी तकनीकों से सुदृढ़ बनाया और जेएसएलपीएस द्वारा दिए गए ऋण को लेकर खुद को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया। कुकड़ाखुपी गांव की सविता महतो की कहानी एक ऐसी सफल महिला की कहानी है जो स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आज रोजाना 800 से 1000 हजार रुपये कमा रही हैं। वह एक सिलाई मशीन और मूढ़ी बनाने की मशीन की मालकिन हैं। पति के साथ मिलकर मूढ़ी का उत्पादन कर वह 800 से 1000 रुपये रोजाना कमा रही हैं। सविता महतो ने बताया कि उनके पति प्रभात रंजन महतो पहले गांव में ट्यूशन पढ़ाकर परिवार का गुजारा करते थे। जब गांव में जेएसएलपीएस की सीआरपी दीदी आयी और उन्हें समूह के महत्व और सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया तो उन्होंने राधा-कृष्ण महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ने का फैसला किया। समूह से मिले ऋण से उन्होंने सिलाई मशीन खरीदी और घर पर ही कपड़े सीना शुरू कर दिया। इससे उन्हें कुछ कमाई होने लगी। 2022 में उन्होंने सीसीएल ऋण के तहत एक लाख रुपये का ऋण लेकर मूढ़ी बनाने की मशीन खरीदी। उन्होंने घर में ही मशीन लगाकर मूढ़ी बनाने का काम शुरू कर दिया। पति के साथ मिलकर वह मूढ़ी बनाती हैं और उसे पैक करके स्थानीय बाजारों में बेचती हैं। सविता महतो ने कहा कि जेएसएलपीएस से उन्हें आजीविका का एक अच्छा स्रोत मिला है, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। अब वह अन्य महिलाओं को भी स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित करती हैं।

## संपादकीय

# चले सूर्य की ओर

**इसरो** के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को एक बार फिर ढेरों बधाइयां और प्रथम सौर मिशन की अंतिम सफलता की शुभकामनाएं...। 'चंद्रयान-3' की अनुपम सफलता के बाद इसरो ने 'आदित्य एल-1' मिशन का प्रक्षेपण किया है। फिलहाल यान पृथ्वी की कक्षा में घूम रहा है। इस मिशन के बाद अक्तूबर में 'गगनयान' का सफरनामा शुरू किया जाएगा। शुक्र पर जाने का भी लक्ष्य तय है। सूर्य के अध्ययन के लिए सैटेलाइट भेजने वाला भारत दुनिया का तीसरा देश है। अमरीका के नासा और यूरोपीय स्पेस एजेंसी के बाद मिशन इसरो ने भेजा है। कभी इस दिन, इन लम्हों और ऐसी उपलब्धियों की कल्पना भी की थी? सूर्य तो हम भारतीयों के लिए भगवान स्वरूपा देव हैं। हम सूर्य की उपासना करते हैं और मंत्रोच्चारण के साथ आस्था व्यक्त करते हैं। हमने ऐसी मिथकीय कहानियां भी पढ़ी हैं कि बाल हनुमान ने सूर्य को गोल-गोल फल समझ कर अपने मुंह में हड़प लिया था। यकीनन सृष्टि गहरे अंधकार में डूब गई होगी और हाहाकार मचने लगा होगा! उन आस्थाओं और कथाओं का आज भी सम्मान है, लिहाजा किसी भी अंतरिक्ष मिशन के प्रक्षेपण से पहले इसरो अध्यक्ष एवं अन्य वैज्ञानिक अपनी आस्था जताने मंदिरों तक जाते हैं। कल्पना यह भी करनी चाहिए कि मानवता और प्रौद्योगिकी ने कितनी ऊंची छलांग लगाई है कि सूर्य तक अंतरिक्ष यान भेजना और उसका सूक्ष्म अध्ययन करना तक संभव हो गया है। कोई भी मिशन सूर्य की सतह तक नहीं पहुंच सकता, क्योंकि सूर्य का तापमान 6000 डिग्री सेल्सियस बताया जाता है। सूर्य के गुरुत्वाकर्षण की परिधि में आने वाली कोई भी वस्तु भस्म हो जाएगी, लिहाजा हमारे वैज्ञानिकों ने लैगरेंज प्वाइंट-1 को चुना है। ऐसे 5 प्वाइंट हैं, लेकिन एल-1 ऐसी जगह है, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल स्थिर होता है। यानी 'आदित्य मिशन' एल-1 पर स्थिर रहकर अपनी जांच और सचित्र अध्ययन को अंजाम दे सकता है। यान पर 7 पेलोड हैं, जो तमाम सूचनाएं, संकेत और चित्र धरती पर इसरो तक पहुंचा सकते हैं। पृथ्वी से सूर्य की कुल दूरी करीब 1.5 करोड़ किलोमीटर है। इसरो का मिशन फिलहाल 1.5 लाख किलोमीटर का सफर तय करेगा। इसमें भी 125-127 दिन का वक्त लगेगा। अर्थात प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणितीय गणना के बल पर 'आदित्य' चार माह से अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहेगा और अंततः होलो ऑर्बिट तक पहुंचेगा। दरअसल सूर्य का गहन, सूक्ष्म अध्ययन इसलिए जरूरी है, क्योंकि पृथ्वी पर मानवीय जीवन उसी की बदौलत है। सभी ग्रह सूर्य की परिक्रमा करते हैं, लिहाजा सूर्य पर होने वाले बदलावों, तापमान की प्रक्रिया, ऊर्जा के निरंतर प्रवाहित होने वाले कणों से वे लगातार प्रभावित होते रहते हैं। अब उनका वैज्ञानिक अध्ययन करना अनिवार्य होता जा रहा है, क्योंकि मानवीय प्रयास चांद और मंगल तक तो पहुंच ही चुके हैं। बृहस्पति और शुक्र पर भेजे जाने वाले मिशनों पर काम किए जा रहे हैं। बहरहाल 'आदित्य' सूर्य की संरचना, उत्पत्ति, किरणों और उसके वायुमंडल का अध्ययन करेगा। ऐसे पेलोड भी भेजे गए हैं, जो अध्ययनों को रिकॉर्ड कर इसरो तक भेजेंगे। सौर हवाओं, तूफानों, बदलावों और भूकंपों के भी अध्ययन किए जाएंगे। मौसम के बदलाव पर भी मिशन की निगाहें रहेंगी। सूर्य के तापमान, बाहरी किनारों की हीटिंग, ऊर्जा की पद्धतियों और पराबैंगनी किरणों के भी अध्ययन किए जाएंगे। हमारा मिशन फिलहाल एक फीसदी क्षेत्र को ही कवर कर सकेगा। वैज्ञानिक एल-1 को 'अंतरिक्ष की पार्किंग' कहते हैं, लिहाजा वहां पहुंच कर और मिशन को स्थापित कर अध्ययन किए जा सकते हैं। दरअसल सूर्य पर होने वाली गतिविधियों की हमें पर्याप्त वैज्ञानिक जानकारी नहीं है। आजकल जलवायु परिवर्तन पर मंथन और चर्चाएं जारी हैं। क्या सूर्य की गर्मी पृथ्वी के तापमान और पर्यावरण को प्रत्यक्ष तौर पर प्रभावित कर रही है, इस निष्कर्ष पर हम तभी पहुंच सकते हैं, जब हमारे पास सूर्य के अध्ययन के साक्ष्य होंगे। बहरहाल अभी तक सूर्य के 22 मिशन भेजे जा चुके हैं, लेकिन इसरो जो कर रहा है, उससे वह इतिहास रचने जा रहा है। भारत अंतरिक्ष की शक्ति बनता जा रहा है, अब यह समूचे विश्व के सामने है। भारत की 'अंतरिक्ष स्टेशन' बनाने की भी योजना है। फिलहाल 'आदित्य एल-1' के सफर पर निगाहें हैं, क्योंकि यह सफलता भारत के लिए बेहद जरूरी है। देशवासियों को इसके सफल होने की कामना करनी चाहिए।


हम सूर्य की उपासना करते हैं और मंत्रोच्चारण के साथ आस्था व्यक्त करते हैं। हमने ऐसी मिथकीय कहानियां भी पढ़ी हैं कि बाल हनुमान ने सूर्य को गोल-गोल फल समझ कर अपने मुंह में हड़प लिया था। यकीनन सृष्टि गहरे अंधकार में डूब गई होगी और हाहाकार मचने लगा होगा! उन आस्थाओं और कथाओं का आज भी सम्मान है, लिहाजा किसी भी अंतरिक्ष मिशन के प्रक्षेपण से पहले इसरो अध्यक्ष एवं अन्य वैज्ञानिक अपनी आस्था जताने मंदिरों तक जाते हैं। कल्पना यह भी करनी चाहिए कि मानवता और प्रौद्योगिकी ने कितनी ऊंची छलांग लगाई है कि सूर्य तक अंतरिक्ष यान भेजना और उसका सूक्ष्म अध्ययन करना तक संभव हो गया है। कोई भी मिशन सूर्य की सतह तक नहीं पहुंच सकता, क्योंकि सूर्य का तापमान 6000 डिग्री सेल्सियस बताया जाता है। सूर्य के गुरुत्वाकर्षण की परिधि में आने वाली कोई भी वस्तु भस्म हो जाएगी, लिहाजा हमारे वैज्ञानिकों ने लैगरेंज प्वाइंट-1 को चुना है। ऐसे 5 प्वाइंट हैं, लेकिन एल-1 ऐसी जगह है, जहां सूर्य और पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण बल स्थिर होता है। यानी 'आदित्य मिशन' एल-1 पर स्थिर रहकर अपनी जांच और सचित्र अध्ययन को अंजाम दे सकता है।


## कुछ अलग

# विभागों की दुरुस्ती लाजिमी

**विभागीय** कामकाज की दुरुस्ती के लिए जरूरी यह है कि नए लक्ष्यों के बजाय पुराने कामों का विश्लेषण किया जाए। दरअसल सरकारों की अदला-बदली व सियासत के बदलते मजमूनों ने हिमाचल के दफ्तरी माहौल को आगे दौड़ पीछे चौड़ में रहना सिखा दिया। इस तरह पांच साल बाद बेशक कुछ नए दस्तावेज तैयार हो जाते हैं, लेकिन असफल कंगूरे कहीं उपेक्षित रह जाते हैं। नई इमारतों के बीच अधूरे भवनों की गिनती कर लें, तो सैकड़ों बर्बादी के आलम में उपेक्षित और असहाय बन जाते हैं। परियोजनाएं अपनी उपयोगिता भूल कर सजायाफ्ता हो जाती हैं। आश्चर्य यह कि सरकारें बदलते पुलिस का ट्रैफिक बंदोबस्त, ट्रैफिक लाइट्स की रोशनी और सीसीटीवी कैमरे तक कबाड़ हो जाते हैं। पीडब्ल्यूडी अगर सडक़ों की आधी अधूरी ड्रेनेज व्यवस्था पर गौर करे, तो पता चल जाएगा कि क्यों इसे पूरा नहीं होने दिया गया। हम वर्षों से सुन रहे हैं कि शिक्षा विभाग व बोर्ड नकल रोकने के लिए नई सुर्खियां तलाश रहे हैं, लेकिन व्यवस्था को रेखांकित नहीं किया जा सका। अस्पतालों में इमारतों का शोर कमोबेश हर सरकार के दौर में सजावटी हो गया, लेकिन जहां मरीज आ रहे हैं, वहां माकूल डाक्टर नहीं होते। हम डेयरी उत्पादों की फेहरिस्त में हर बार जागृति शिविर लगा रहे होते हैं, लेकिन दूध की नदियां दिखाई नहीं देतीं। जरूरत है विभागीय स्थायित्व की, लेकिन हर बार राजनीति के वर्क चढ़ा कर हिमाचल की कार्यप्रणाली को खुद को बचाने का मौका मिल जाता है। वर्षों से वन महोत्सव मनाने वाले तथा 70 फीसदी जमीन उगाने वाले हिमाचल के नागरिकों को इमारती लकड़ी क्यों नहीं मिलती। पूरे प्रदेश ने इस त्रासदी में भी देखा कि ढहते मंजर के लिए हमारी वास्तुकला, निर्माण सामग्री तथा विकास के वैकल्पिक रास्ते दोषी साबित हुए। अब कहीं जाकर सरकार को ऐसा लगा कि जंगलों में गिरे पेड़ ही उठा लिए जाएं तो प्रदेश की हिफाजत होगी। आश्चर्य यह कि नियमों की कमी नहीं, लेकिन अतीत में रहे हमारे वन मंत्री फाइलों के सफेद पन्ने ही पढ़ते रहे। प्रदेश माने या न माने, राजनीति कुछ भी कहे या पर्यावरण संरक्षण के नाम पर वन विभाग को देवता बना दें, लेकिन सच यह है कि जंगल महकमे की कार्यशैली ने प्रदेश को अपंग बना दिया है। शिमला में पंद्रह सौ के करीब पौधे क्यों गिरे, इसका दोषी वन विभाग को क्यों न माना जाए। सडक़ों के किनारे अनावश्क रूप से खड़े पेड़ या आंधियों में गिरते पेड़ों से हुए नुक्सान की भरपाई कौन करेगा। बहरहाल जंगल में गिरे पेड़ों से संपत्ति बटोरी जाएगी। इसी तरह कमोबेश हर विभाग में उपेक्षित संपत्ति को अगर बटोरा जाए, तो प्रदेश के खातों में राहत के दिन लौटेंगे। बरसात के भारी नुकसान ने हमें खुद में झांकने की नसीहत दी है। अगर अपने ढह चुके मकान से आम आदमी नवनिर्माण की ईंटें खोज सकता है, तो हर विभाग को इसी तरह कुछ न कुछ ढूंढ निकालना होगा। प्राकृतिक त्रासदी के बाद नवाचार का एक नया संसार विकसित हो सकता है। प्रदेश में तकनीक बदलने की जरूरतें दिखाई दी हैं, तो हर विभाग को आर. एंड डी. के तहत काम का नजरिया बदलना होगा।

## भारत से निर्यात किये जा रहे 30 मुख्य उत्पादों में से 19 उत्पादों के निर्यात में कमी दर्ज की गई

# कमजोर मानसून एवं घटते निर्यात से भारत की आर्थिक विकास दर कम प्रभावित होगी

प्रह्लाद सबनानी

**भारत** में विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में विकास से सम्बंधित हाल ही में जारी किया गए आंकड़ों का विश्लेषण करने पर ध्यान में आता है कि भारत, दुनिया की सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। अप्रेल-जून 2023 तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जबकि चीन में 6.3 प्रतिशत, इंडोनेशिया में 5.2 प्रतिशत, रूस में 4.9 प्रतिशत, अमेरिका में 2.1 प्रतिशत, जापान में 2 प्रतिशत, दक्षिणी कोरिया में 0.9 प्रतिशत, ब्रिटेन में 0.4 प्रतिशत एवं जर्मनी में 0.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है।

भारत के सेवा क्षेत्र में लगातार मजबूत वृद्धि दर बनी हुई है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद में अपनी भागीदारी को 60 प्रतिशत से ऊपर बनाए हुए है। अप्रेल-जून 2023 तिमाही में भी सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर 10.3 प्रतिशत की रही है। इसमें वित्तीय क्षेत्र, रियल एस्टेट एवं प्रोफेशनल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में 12.2 प्रतिशत की वृद्धि दर भी शामिल है। इसी प्रकार व्यापार, होटेल, यातायात, कम्यूनिकेशन एवं बोरडकास्टिंग से सम्बंधित सेवाओं में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। कृषि क्षेत्र में वृद्धि दर 3.5 प्रतिशत की रही है। कन्स्ट्रक्शन क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम तिमाही में 16 प्रतिशत वृद्धि दर रही थी जो वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में घटकर 7.9 प्रतिशत की रही है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में भारत में सबसे तेज गति से वृद्धि दर्ज करने वाले क्षेत्र हैं – वित्तीय सेवाएं एवं रियल इस्टेट 12.2 प्रतिशत, व्यापार, होटेल एवं यातायात 9.2 प्रतिशत, पब्लिक एड्मिनिस्ट्रेशन एवं डिफेन्स 7.9 प्रतिशत, कंस्ट्रक्शन 7.9 प्रतिशत, माइनिंग 5.8 प्रतिशत एवं मैन्युफेक्चरिंग 4.7 प्रतिशत। विनिर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर को बढ़ाने के लिए अभी और कदम उठाए जाने की आवश्यकता महसूस हो रही है।

भारत से उत्पादों के निर्यात में लगातार 6ठे माह कमी दृष्टिगोचर हुई है। जुलाई 2023 माह में भी उत्पादों के निर्यात में 15.9 प्रतिशत की कमी देखी गई है। भारत से निर्यात किये जा रहे 30 मुख्य उत्पादों में से 19 उत्पादों के निर्यात में कमी दर्ज की गई है। अप्रेल-जून 2023 तिमाही में भी विभिन्न उत्पादों में निर्यात कम ही रहे हैं। वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं में उत्पन्न हो रही समस्याओं के चलते भारत से उत्पादों में निर्यात कम हो रहे हैं। जब तक इन देशों की आर्थिक स्थिति सुधरती नहीं है तब तक भारत से इन उत्पादों के निर्यात में भी सुधार की सम्भावना कम ही है।


अप्रेल-जून 2023 तिमाही में भी सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर 10 .3 प्रतिशत की रही है। इसमें वित्तीय क्षेत्र, रियल एस्टेट एवं प्रोफेशनल सेवाओं जैसे क्षेत्रों में 12 .2 प्रतिशत की वृद्धि दर भी शामिल है। इसी प्रकार व्यापार, होटेल, यातायात, कम्यूनिकेशन एवं बोरडकास्टिंग से सम्बंधित सेवाओं में 9 .2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। कृषि क्षेत्र में वृद्धि दर 3 .5 प्रतिशत की रही है। कन्स्ट्रक्शन क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2022-23 के प्रथम तिमाही में 16 प्रतिशत वृद्धि दर रही थी जो वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में घटकर 7 .9 प्रतिशत की रही है।




दूसरे, भारत में अगस्त 2023 माह में मानसून की गतिविधियां बहुत कमजोर रही हैं। अगस्त 2023 माह में मानसून की वर्षा लम्बे समय के औसत की तुलना में 35 प्रतिशत कम रही है जो लगभग पिछली एक शताब्दी में अगस्त माह में सबसे कम मानसून की वर्षा है। कुल मिलाकर देश में मानसून की वर्षा सामान्य से 3 से 18 प्रतिशत तक कम रह सकती है। मानसून की वर्षा कम होने का सीधा असर देश के कृषि क्षेत्र पर पड़ेगा। खरीफ की फसल तो कुछ हद तक प्रभावित हुई है। देश में कम वर्षा के कारण पानी के भंडारण पर भी विपरीत असर दिखाई दे रहा है। आगे आने वाले समय में देश के कुछ भागों में पानी की कमी महसूस की जा सकती है, जिसके चलते रबी की फसल पर भी कुछ विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। परंतु, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सम्पन्न किए गए एक अध्ययन के अनुसार भारत के जिन क्षेत्रों में अनाज का उत्पादन होता है, उन क्षेत्रों में मानसून का मौसम समाप्त होने के पूर्व तक शायद मानसून की वर्षा की अधिक कमी नहीं रहे। अतः वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि क्षेत्र में उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में बहुत अधिक कम होगा, ऐसा जरूरी भी नहीं है।

केंद्र सरकार एवं कुछ राज्य सरकारों द्वारा पूंजीगत खर्चों में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की गई है। इसके साथ ही कई कम्पनियों की लाभप्रदता में सुधार के चलते इन कम्पनियों ने भी अपने पूंजीगत खर्चों में वृद्धि की है। इस प्रकार, सरकारी एवं निजी क्षेत्र की कई कम्पनियां अब पूंजीगत खर्च के साइकल में प्रवेश कर गई हैं, इससे आगे आने वाले समय में देश के आर्थिक विकास को गति मिल सकती हैं। कोरोना महामारी के चलते पर्यटन का क्षेत्र बहुत अधिक प्रभावित हुआ था परंतु इस वर्ष पर्यटन के क्षेत्र में जबरदस्त उच्छाल देखने में आया है। इससे पर्यटन से सम्बंधित क्षेत्रों जैसे होटेल, यातायात, खुदरा व्यापार आदि में अतुलनीय गतिविधियां दृष्टिगोचर हुई हैं। इन गतिविधियों के आने वाले समय में और अधिक गति पकड़ने का अनुमान है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2023) के बाद से भी भारत के विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में विकास की गतिविधियां तेज बनी हुई हैं। इससे आभास होता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की शेष अवधि में भी देश में विकास दर ऊंचे स्तर पर बनी रह सकेगी। अगस्त 2023 माह में भारत के विनिर्माण क्षेत्र में अच्छी वृद्धि दर जारी रही है। एसएंडपी ग्लोबल पर्चेसिंग मैनेजर इंडेक्स (पीएमआई) पिछले तीन माह के उच्चतम स्तर 58.6 पर पहुंच गया है। यह इंडेक्स विनिर्माण इकाईयों को मिल रहे नए ऑर्डर एवं इन इकाईयों में बढ़ रहे उत्पादन के चलते सम्भव हो पाया है। इसका आशय यह भी है कि आगे आने वाले समय में विनिर्माण के क्षेत्र में वृद्धि जारी रहने की सम्भावनाएं बढ़ गई है। भारत के 8 मूलभूत उद्योग क्षेत्रों में जुलाई 2023 माह के दौरान वृद्धि दर 8 प्रतिशत की रही है, यह जून 2023 माह में, पिछले 5 माह के उच्चतम स्तर, 8.3 प्रतिशत रही थी। जबकि जुलाई 2022 माह में यह वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत की रही थी। उक्त 8 मूलभूत उद्योग क्षेत्र में शामिल हैं, कोयला उद्योग, स्टील उद्योग, प्राकृतिक गैस, सेमेंट उद्योग, बिजली उत्पादन, रीफाईनरी उत्पाद, फर्टिलायजर उद्योग एवं कच्चा तेल उत्पादन। जुलाई 2023 माह में इन समस्त 8 मूलभूत उद्योगों के उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई है। अप्रेल-जुलाई 2023 की अवधि के दौरान संचयी वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत की रही है।

अगस्त 2023 माह में चार पहिया वाहनों (व्यावसायिक वाहनों सहित) की बिक्री में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। मारुति सुजुकी कम्पनी की चार पहिया वाहनों की बिक्री 14.48 प्रतिशत से बढ़कर 1.89 लाख वाहनों की रही है। महिंद्रा कम्पनी की वाहनों की बिक्री 19 प्रतिशत से बढ़ी है तो आईशर मोटर कम्पनी की वाहनों की बिक्री 10.66 प्रतिशत से बढ़कर 77,583 के स्तर पर रही है। इसी प्रकार, अशोक लीलैंड कम्पनी की व्यावसायिक वाहनों की बिक्री 10.30 प्रतिशत से बढ़कर 15,576 के स्तर पर पहुंच गई है। व्यावसायिक वाहनों में ट्रक की बिक्री को भी शामिल किया जाता है।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में मजबूत होता भारत

**हाल** ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स बिजनेस फोरम लीडर्स डायलॉग में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में चुनौतियों और उथल-पुथल के दौर के बीच भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। इस समय एक मजबूत आर्थिक देश के रूप में भारत दुनिया के सामने खड़ा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार द्वारा मिशन मोड में किए जा रहे सुधारों से भारत में कारोबारी सुगमता में वृद्धि हुई है। भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और देश में 100 से अधिक यूनिकार्न हैं। साथ ही जल्द ही भारत पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर दुनिया के लिए विकास का इंजन बन जाएगा। गौरतलब है कि 23 अगस्त को प्रकाशित एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस रिपोर्ट के मुताबिक इस समय लडख़ड़ाती हुई वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भयावह काले बादल छाए हुए हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए 2023 में लगभग 2.5 प्रतिशत की वृद्धि दर संभावित की गई है। यह अगले वर्ष 2024 में और घटकर 2.4 फीसदी रह सकती है।



यदि हम वैश्विक परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि पिछले वर्ष के दौरान तेजी से मौद्रिक नीति सख्त होने से वैश्विक आवास, बैंक ऋण और औद्योगिक क्षेत्र में कमजोरी आई है। स्पष्ट है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के हालात चुनौतीपूर्ण हैं। चीन, अमेरिका और जापान जैसी अर्थव्यवस्थाओं से भी चिंताजनक संदेश हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने चीन की अर्थव्यवस्था को एक ऐसे टाइम बम की संज्ञा दी है जो कभी भी फट सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जब बुरे लोगों को दिक्कत होती है तो वे बुरे काम करते हैं। दुनिया की वित्तीय एजेंसियां यह टिप्पणी कर रही हैं कि चार दशक से विकास कर रहे चीन के लिए अब अवसान का समय आ गया है। खासतौर से चीन की अर्थव्यवस्था से वैश्विक आर्थिक जोखिमें उभरती जा रही हैं। वित्त वर्ष 2023-24 की डगर पर चीन की अर्थव्यवस्था निराशाओं और मुश्किलों से घिरी हुई है। कोविड-19 की सुस्ती के बाद चीन की अर्थव्यवस्था के द्वारा रफ्तार पकडऩे की उम्मीद थी। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है। चीन के बाजार में सुस्त उपभोक्ता खर्च, निर्यात में गिरावट, बड़ी-बड़ी कंपनियों का दिवालियापन, युवाओं में बेरोजगारी से निराशा का बनता नया रिकॉर्ड, बढ़ते सरकारी ऋण, घरेलू मांग में कमी, फूड से लेकर मकानों के मूल्यों में भारी गिरावट, कारोबारी गतिविधियों का धीमी होना, निवेशकों के चेहरे पर निराशाएं, मांग की तुलना में अधिक उत्पादन, सामाजिक सुरक्षा की चिंता में अधिक बचत की प्रवृत्ति के कारण बाजार में खरीदी में कमी जैसी जटिल स्थितियों के बीच अब चीनी अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के रास्ते सीमित हो गए हैं। जहां चीन में इस समय मुद्रा संकुचन (मनी डिफ्लेशन) की स्थिति है, वहीं अमेरिका में मुद्रा स्फीति (मनी इनफ्लेनेशन) की स्थिति है। अमेरिका मार्च 2022 से अब तक 11 बार ब्याज दरों में इजाफा करने के बाद भी मुद्रास्फीति का सामना कर रहा है। अमेरिका असाधारण ऋण से भी गुजर रहा है। पिछले तीन वर्षों में उसके कर्ज में करीब 8 लाख करोड़ डॉलर का इजाफा भी हुआ। परिणामस्वरूप रेटिंग एजेंसी फिच ने अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग को एए प्लस से कम करके एएए कर दिया है। जापान में भी हालात अच्छे नहीं हैं। जापान में मुद्रास्फीति बढ़ी हुई है। जापान में इसके लिए खाद्यान्न, ईंधन और टिकाऊ वस्तुओं की ऊंची कीमतें उत्तरदायी हैं। डॉलर के मुकाबले येन की कीमत में भारी गिरावट आई है। उल्लेखनीय है कि विभिन्न नई वैश्विक रिपोर्टों के मुताबिक वर्ष 2023 में भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति वाली होगी। भारत की विकास दर 2023 में 5.9 फीसदी व 2024 में 6.1 फीसदी अनुमानित है। दुनिया के प्रमुख आर्थिक और वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा था कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा रखने वाला भारत वर्ष 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोडक़र दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आएगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था की बढ़ी हुई अनिश्चितताओं के बीच भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन दुनिया में भारत की अहमियत बढ़ा रहा है।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने में आर्थिक वित्तीय सुधारों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में तेज वृद्धि की अहम भूमिका है। भारत बौद्धिक सम्पदा, शोध और नवाचार की डगर पर आगे बढक़र विभिन्न क्षेत्रों में विकास को अपनी मुट्ठियों में कर रहा है। भारत के नवाचार दुनिया में सबसे प्रतियोगी, किफायती, टिकाऊ, सुरक्षित और बड़े स्तर पर लागू होने वाले समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं। कारोबार सुगमता के लिए नई लॉजिस्टिक नीति, महत्वाकांक्षी गति शक्ति योजना और नई विदेश व्यापार नीति (एफडीपी) के द्वारा नए अध्याय लिखे जा रहे हैं। उद्योग-कारोबार को आसान बनाने के लिए 1500 पुराने कानूनों और 40 हजार अनावश्यक अनुपालन को समाप्त किए जाने की अहम भूमिका है। भारत में उद्योगों को आगे बढ़ाने के लिए चलाए गए विशेष अभियान मील का पत्थर बनते जा रहे हैं। यह भी भारत की बढ़ती हुई वैश्विक आर्थिक साख की सफलता है कि आरबीआई ने जुलाई 2022 में डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए विदेशी व्यापार का लेन-देन रुपये में करने का प्रस्ताव किया था। अगस्त 2023 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ आयातित कच्चे तेल का भुगतान रुपए में करने की शुरुआत के बाद अफ्रीकी देशों सहित कई देशों ने रुपए में कारोबार के लिए सकारात्मक रुख दिखाया है। यद्यपि दुनियाभर में भारत सबसे तेज और आकर्षक अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में रेखांकित हो रहा है, लेकिन हमें देश की नई लॉजिस्टिक नीति 2022 और गति शक्ति योजना की अभूतपूर्व रणनीतियों से भारत को आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश के रूप में तेजी से आगे बढ़ाना होगा।


दुनिया की वित्तीय एजेंसियां यह टिप्पणी कर रही हैं कि चार दशक से विकास कर रहे चीन के लिए अब अवसान का समय आ गया है। खासतौर से चीन की अर्थव्यवस्था से वैश्विक आर्थिक जोखिमें उभरती जा रही हैं। वित्त वर्ष 2023-24 की डगर पर चीन की अर्थव्यवस्था निराशाओं और मुश्किलों से घिरी हुई है। कोविड-19 की सुस्ती के बाद चीन की अर्थव्यवस्था के द्वारा रफ्तार पकडऩे की उम्मीद थी। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है। चीन के बाजार में सुस्त उपभोक्ता खर्च, निर्यात में गिरावट, बड़ी-बड़ी कंपनियों का दिवालियापन, युवाओं में बेरोजगारी से निराशा का बनता नया रिकॉर्ड, बढ़ते सरकारी ऋण, घरेलू मांग में कमी, फूड से लेकर मकानों के मूल्यों में भारी गिरावट, कारोबारी गतिविधियों का धीमी होना, निवेशकों के चेहरे पर निराशाएं, मांग की तुलना में अधिक उत्पादन, सामाजिक सुरक्षा की चिंता में अधिक बचत की प्रवृत्ति के कारण बाजार में खरीदी में कमी जैसी जटिल स्थितियों के बीच अब चीनी अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के रास्ते सीमित हो गए हैं।


## देश दुनीया से

# ममता सरकार और अदालती फैसले

**कानून** व्यवस्था से खिलवाड़, भ्रष्टाचार और वोट बैंक के लिए सरेआम तुष्टिकरण जैसी नीतियों के कारण पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से जितनी लताड़ खाई है, उतनी देश के किसी अन्य राज्यों की सरकारों ने शायद ही कभी खाई हो। आश्चर्य की बात यह है कि अदालतों से मिली मुकदमों में हार और फटकार के बावजूद ममता सरकार ने कोई सबक नहीं सीखा। ममता सरकार का रवैया संविधान के कायदे-कानूनों का उल्लंघन करना रहा है। विपक्षी दलों ने ममता सरकार की इस प्रवृत्ति पर कभी पुरजोर तरीके से विरोध नहीं किया। सत्ता में होने का बेजा फायदा उठाने की लगातार बढ़ती पुनरावृत्ति पर अदालतों ने अंकुश लगाया है। ममता सरकार का रवैया ऐसा रहा है जैसे पश्चिमी बंगाल भारत के संवैधानिक दायरे से अलग कोई देश हो। नया मामला पश्चिम बंगाल में स्थानीय निकायों में भर्ती घोटाले से जुड़ा है। पश्चिम बंगाल सरकार को अन्य मामलों की तरह इसमें भी एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में स्थानीय निकाय मामले में दखल देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि स्थानीय निकाय भर्ती और शिक्षक भर्ती घोटाले में लिंक है। इन दोनों मामले में वो सीबीआई और ईडी जांच का सामना कर रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली तीन जजों की पीठ ने कथित घोटाले में सीबीआई और ईडी जांच को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की अर्जी पर राहत देने से इनकार कर दिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्र की पीठ ने इस दलील को मान लिया कि ये सब बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है। सीबीआई जांच काफी आगे पहुंच गई है। अब इसमें दखल देते हुए रोकना उचित नहीं है। इससे पहले भी ममता सरकार को भ्रष्टाचार सहित कई दूसरे महत्वपूर्ण मामलों में सुप्रीम कोर्ट से हार का सामना करना पड़ा है। सुप्रीम कोर्ट से मिली लताड़ और हार के बावजूद ममता सरकार के रवैये में कोई विशेष सुधार नहीं आया। सरकार की न तो कार्यशैली बदली और न ही तृणमूल कांग्रेस में कोई तब्दीली नजर आई। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की बिना यूपीएससी के दखल के पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति की अनुमति देने की याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी के मामले में कहा था कि हमारे पिछले आदेश में बदलाव की कोई जरूरत नहीं है। कोर्ट ने बार-बार एक ही तरह की याचिका दाखिल करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा था कि इस तरह के आवेदन कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है। सुप्रीम कोर्ट एक पुराने आदेश में कह चुका है कि हर राज्य को डीजीपी की नियुक्ति से पहले यूपीएससी से योग्य अधिकारियों की लिस्ट लेनी होगी। उसी लिस्ट में से चयन करना होगा। पश्चिम बंगाल सरकार का कहना था कि यह व्यवस्था गलत है। राज्य सरकार को चयन का पूर्ण अधिकार मिलना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की इस व्यवस्था को लेकर भाजपा और अन्य विपक्षी दलों की राज्यों सरकारों ने कोई आपत्ति नहीं जताई। इन मामलों की तरह ही इस साल पश्चिम बंगाल में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसा मामले में ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा था। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी को जांच सौंपने का आदेश दिया था। कलकत्ता हाई कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा ने साफ कहा कि हम विशेष अनुमति याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। दरअसल पश्चिम बंगाल सरकार ने एनआईए को जांच ट्रांसफर करने के हाई कोर्ट के आदेश की आलोचना करते हुए कहा था कि किसी भी विस्फोटक का इस्तेमाल नहीं किया गया था और यह निर्देश राजनीतिक रूप से पारित किया गया था।


पश्चिम बंगाल सरकार को अन्य मामलों की तरह इसमें भी एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में स्थानीय निकाय मामले में दखल देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि स्थानीय निकाय भर्ती और शिक्षक भर्ती घोटाले में लिंक है। इन दोनों मामले में वो सीबीआई और ईडी जांच का सामना कर रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली तीन जजों की पीठ ने कथित घोटाले में सीबीआई और ईडी जांच को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की अर्जी पर राहत देने से इनकार कर दिया।


## दृष्टिकोण

# शिक्षक दिवस तक सीमित न हो महिमा

**शिक्षक** का हर मानव के जीवन में विशेष स्थान होता है। यह शिक्षक ही है जो किसी मनुष्य को इनसान बनाता है। शिक्षक का स्थान मानव जीवन में भगवान और माता-पिता से भी ऊपर है। यही वजह है कि शिक्षक के बारे में जितना भी कहा जाए, कम ही है। तभी तो स्वयं कबीर दास जी इस विषय पर कहते हैं : 'सब धरती कागज करूं, लिखनी सब बनराय। सात समुद्र की मसि करूं, गुरु गुण लिखा न जाय॥' इसका अर्थ यह है कि यदि सम्पूर्ण पृथ्वी को कागज के रूप में परिवर्तित कर दिया जाए, साथ ही सातों समुद्र की स्याही बना ली जाए और क्यों न सभी जंगलों की कलम भी बना ली जाए, लेकिन इसके बावजूद शिक्षक की महिमा का संपूर्ण गुणगान किया जा सके, यह मुमकिन नहीं है। भारत में प्राचीन काल से ही गुरु-शिष्य की परंपरा का बहुत अधिक महत्व रहा है। हमारी संस्कृति के निर्माण में गुरु-शिष्य परंपरा का बहुत अधिक योगदान है। मानव के जीवन निर्माण के सभी स्तंभों में शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है। शिक्षक अपने शिष्य के जीवन के साथ-साथ उसके चरित्र निर्माण में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कहा जाता है कि इनसान की सबसे पहली गुरु उसकी मां होती है, जो अपने बच्चों को जीवन प्रदान करने के साथ-साथ जीवन के आधार का ज्ञान भी देती है। इसके बाद अन्य शिक्षकों का स्थान होता है। किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करना बहुत ही विशाल और कठिन कार्य है। व्यक्ति को शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उसके चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण करना उसी प्रकार का कार्य है, जैसे कोई कुम्हार मिट्टी से बर्तन बनाने का कार्य करता है। भारत में भूतपूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस अर्थात 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। उन्होंने अपने छात्रों से अपने जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस मनाने की इच्छा जताई थी। पूर्व राष्ट्रपति डा. राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 को तमिलनाडु के तिरुमनी गांव में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वे बचपन से ही किताबें पढने के शौकीन थे और स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित थे। डा. राधाकृष्णन का निधन चेन्नई में 17 अप्रैल 1975 को हुआ था। भूतपूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सम्मान में ही उनके जन्म दिवस पर भारत में शिक्षक दिवस मनाने की शुरुआत हुई। भारत में सबसे पहले शिक्षक दिवस 5 सितंबर 1962 को मनाया गया था। वैसे तो विश्व भर में 100 से भी अधिक देशों में शिक्षक दिवस मनाया जाता है, मगर अन्य देशों में यह दिवस अलग-अलग दिन पर मनाया जाता है। भारत में यह दिवस 5 सितंबर को मनाया जाता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षक दिवस 5 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में मनाया जाता है। इस दिन विश्व के सभी शिक्षकों को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए याद किया जाता है। गुरु की भूमिका प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण रहती है, लेकिन आज के समय में शिक्षक के दायित्व को कुछ लोग भ्रष्ट आचरण से कलंकित कर रहे हैं। बेहतर समाज के भविष्य के लिए यह संकट व चुनौती है।

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्रियान्वित सभी कल्याणकारी योजनाओं एवं कोविड से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में मुख्य रूप से कोविड जांच, गर्भवती महिलाओं का एएनसी जाचं, संस्थागत प्रसव, सिजेरियन, आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, हीमोग्लोबिन जांच, एचआईवी जांच, कुपोषण उपचार केन्द्र, एसएनसीयू, नियमित टीकाकरण, कुष्ठ रोग, टीवी रोग, मलेरिया, एनसीडी, फाईलेरिया दवा की उपलब्धता, स्वास्थ्य संस्थान की आधारभुत संरचना, मानव संसाधन की उपलब्धता आदि के संदर्भ में समीक्षा की गई।समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने जिले के सभी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे कोविड जांच को लेकर निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित करें कि सभी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमित कोविड जांच हो।जिले में सर्वे कराकर सभी गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं का नियमित टीकाकरण लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रभारी चिकत्सा पदाधिकारी को निर्देशित किया कि एक माह के अंदर सभी क्रियान्वित योजनाओं का शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करें। भीबीडी कंसल्टेंट के द्वारा जानकारी दी गई कि आई डीए फाइलेरिया विलोपन कार्यक्रम 2023 10 अगस्त से 28 अगस्त 2023 तक चतरा जिले में चलाया गया। जिसमें कूल जनसंख्या का 85त्न लक्षित जनसंख्या का 96.5 प्रतिशत लोगों को दवा का सेवन कराया गया है। जिसमे प्रतिकूल प्रभाव 231 लोगों में देखा गया ?, एवं माह अगस्त में 4590 घरों में डेंगू सर्विलेंस किया गया जिसमे 14 घरों में डेंगू का लार्वा पाया गया जिसे लार्वा नाशक छिरकाऊ के द्वारा नष्ट कर दिया गया है। बैठक में मुख्य रूप से सिविल सर्जन, डॉ. जगदीश प्रसाद, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# बाबूलाल के आगमन को लेकर भाजपा का मैराथन बैठक सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं कीमैराथन बैठक मंडल अध्यक्ष दयानिधि सिंह की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में विधायक किशुन कुमार दास, जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, नरेश सिंह, जीतन राम, बिनोद बिहारी पासवान मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में पार्टी संगठन को सशक्त और मजबूत करने का निर्णय लिया गया साथ हीं पार्टी कार्यकर्ताओं ने 12 सितंबर को महाजनसंपर्क अभियान के तहत सिमरिया आ रहे प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आगमन की तैयारी को लेकर चर्चा किया। वहीं उनके भव्य स्वागत में कोई कमी ना रहे इस पर भी चर्चा किया गया। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि बाबूलाल मरांडी को पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बिरहु चौक पर स्वागत किया जाएगा। इसके बाद सिमरिया में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। बैठक में कहा गया कि मेरा माटी मेरा देश के तहत हर पंचायत के हर घर से एक चुटकी माटी लिया जाएगा। इसके बाद सेवा पकवाड़ा अभियान चलाया जाएगा। मौके पर मिथलेश गुप्ता, लखन प्रसाद साहू, उपेंद्र सिंह, अक्षवट सिंह, लीलाधर महतो, कुमार शुभम, रविंद्र सिंह, दशरथ महतो, राजीव कुमार, बिनोद पांडेय, लवकुश सिंह, बॉबी सिंह, संतोष सिंह, मारुति नंदन सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जंगली हाथियों ने 5 एकड़ में लगे धान की फसल को किया नष्ट

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के जाला ग्राम में जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया और खेतों में लगे धान की फसल को रौंदकर नष्ट कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि 15 से 16 की संख्या में पहुंचे हाथियों के झुंड ने जयराम उरांव, उमेश उरांव, बालेश्वर उरांव, उदय लोहरा, पुरन उरांव, रामा उरांव, लालदेव लोहरा, ननकू यादव, दशरथ यादव, लोचन यादव वीरेंद्र यादव सभी ग्राम जाला थाना बालूमाथ निवासी के करीब 5 एकड़ में लगे धान की फसल को जंगली हाथियों के झुंड में रौंदकर कर नष्ट कर डाला। वही मामले की सूचना पाकर राजद युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दीपक यादव घटनास्थल पहुंचे और पीड़ित किसानों से मुलाकात की और कहा कि वन विभाग द्वारा उन्हें उचित मुआवजा दिलाने में उनका भरपूर सहयोग रहेगा। साथ ही कहा की जंगली हाथियों का झुंड क्षेत्र में इन दिनों जमकर उत्पात मचा रहा है बावजूद इसके वन विभाग झुंड को भगाने में नाकाम साबित हो रहा है। जिस कारण किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

## महिला की डूबने से मौत

**महुआडाड़ः (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडाड़ प्रखंड अंतर्गत अक्सी पंचायत के मुंडा टोली में पानी भरने के दौरान कुएं में गिर जाने से एक महिला की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार दीपिका देवी उम्र 35 वर्ष पति बल्कू मुंडा अकेले ही घर के नजदीक रात करीब 7:00 बजे कुएं में पानी भरने गई हुई थी, जहां कुएं में गिरकर डूबने से मौत हो गई। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा महुआडाड़ थाना को सूचना दी गई, घटना की सूचना मिलते ही पुअनी अजय कुमार दास घटनास्थल पर पहुंचे जहां महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया।

## दो अभियुक्त गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत खैराही टोला स्थित लक्ष्मी वाशिंग सेंटर से चोरी की गई मोटर युक्त वाशिंग मशीन को बरामद करते हुए पलामू के सतबरवा ताबर निवासी दो चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वही संलिप्त दो चोर फरार हैं। इस संबंध में सोमवार को छिपादोहर थाना में प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ दिलु लोहार ने बताया कि कि छिपादोहर के खैराही टोला में स्थित लक्ष्मी वसिंग सेंटर से दो जुलाई 2023 को रात्रि में अज्ञात चोरों ने मोटर युक्त वशिंग मशीन की चोरी हुई थी। जिसकी लिखित शिकायत सेंटर का मालिक अशोक प्रसाद ने की थी। जिसे लेकर एसपी अंजनी अंजन के द्वारा एक टीम का गठन किया गया। जिसका नेतृत्व एसडीपीओ दिलु लोहार ने किया। दिलु लोहार और थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के कुशल नेतृव ने कांड का उद्भेदन करते हुए संलिप्त दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है जिसमें ज्यायूल हक उर्फ बबलू और, कुदुस अंसारी शामिल है। दोनों ग्राम- ताबर थाना सतबरवा के निवासी हैं।

## नेतरहाट में पानी सप्लाई बंद होने से लोग परेशान टैंकरों से मंगाया जा रहा है पानी

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में से एक नेतरहाट में पानी सप्लाई बंद होने से लोग परेशान हैं। लोग टैंकरों से भाड़े पर पानी मंगा कर पीने को मजबूर है। पेयजल विभाग के द्वारा बने टंकी से ही पूरे क्षेत्र में पानी की सप्लाई की जाती है। लेकिन लगभग डेढ़ महीना से पानी टंकी में मोटर खराब हो जाने के कारण पानी आपूर्ति बंद पड़ी है। पानी सप्लाई बंद हो जाने से बाजार टांड़, जंगली वार फेयर स्कूल, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, समेत आसपास के क्षेत्र में पानी की जबरदस्त किल्लत हो गई है। इसके बावजूद अभी तक पीएचडी विभाग के द्वारा इस संबंध में कोई भी सुधार कार्य नहीं किया गया है। पीएचडी विभाग के अधिकारियों से बात करने पर बताया गया की क्षेत्र में पानी की सप्लाई जलसहिया के द्वारा देखा जाता है, हमारे पास इसे दुरुस्त करने के लिए कोई भी फंड नहीं है। वही जलसहिया के द्वारा बताया गया की फंड में पैसा नहीं होने के कारण मोटर की मरम्मती नहीं हो पा रही है। नेतरहाट आवासीय विद्यालय के छात्र और शिक्षक भी पानी की किल्लत झेल रहे हैं।

# राजद ने पंचायत कमिटी विस्तार को लेकर किया बैठक का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** सदर प्रखंड के बेंदि पंचायत के चूरिया गांव में बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल पंचायत कमिटी के विस्तार को लेकर लातेहार प्रखंड अध्यक्ष निजाम अंसारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पंचायत कमिटी विस्तार को लेकर के चर्चा की गई, सर्वसम्मति से बेंदि पंचायत के राजद अध्यक्ष बीडीओ सिंह को बनाया गया। जबकि उपाध्यक्ष सकेंद्र परहिया, महासचिव रविंद्र सिंह, सचिव विमल लोहरा को बनाया गया है। जबकि महिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर अनीता देवी को बनाया गया है, तथा कार्यकारिणी सदस्य मे चंद्रदेव उरांव, हरि लोहरा, शिवनारायण उरांव, शंभु भूइंया, राजन सिंह, रामरति उरांव व राजदेव को शामिल किया गया है। बैठक में राष्ट्रीय जनता दल के जिला प्रधान महासचिव मोहर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष रंजीत यादव, जिला सचिव मिठ्ठू लोहरा, दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पवन कुमार, शोएब अंसारी, बसंत पासवान, संतोष यादव, पूरनचंद सिंह, अजय पासवान, दिलीप सिंह, हीरो भूइंया, कुंती देवी, सीतामनी देवी, अनीता देवी, जितवाहन सिंह, सुरेंद्र प्रजापति, महेंद्र भूइंया, बली यादव, प्रमोद उरांव, सीमा देवी, रमा देवी, मो शमीम अंसारी, राजा भूइंया, मुकूल उरांव, सुरेंद्र उरांव व श्याम बिहारी यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला के पुराना धर्मशाला में दुर्गा सोरेन सेना का बैठक की गयी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** जिला के दुर्गा सोरेन सेना की बैठक चतरा मुख्यालय के पुराना धर्मशाला में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता धनेश्वर गंझु एवं संचालन जिला महासचिव संतोष नायक ने किया। बैठक में मुख्य चर्चा का विषय पूरे चतरा जिले को अकाल क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य चलाया जाय, चतरा एवं सिमरिया विधानसभा में प्रत्याशी देने पर विचार विमर्श किया गया ।लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन से स्थानीय उम्मीदवार आएगा उसके समर्थन में भी विचार विमर्श किया किया । संगठन विस्तार मजबूती पर चर्चा की गई। झारखण्ड आंदोलनकारीयों को पेंशन एवं सरकारी सुविधा दिया जाय नहीं तो 13 सितम्बर को सिमरिया अनुमंडल में एक विशाल रैली प्रदर्शन किया जाएगा। पूरे चतरा जिले में तमाम अंचल एवं प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। उस पर भी नकेल लगाया जाएगा। बैठक में सिमरिया प्रखंड के प्रखंड सचिव अशोक साव को बनाया गया उन्हें जिला अध्यक्ष एवं जिला महासचिव के द्वारा पत्र भी सोपा गया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, केंद्रीय प्रवक्ता राजकिशोर कमल उर्फ़ पिंकू, आंदोलनकारी नेता कैलाश सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीमा कुजूर, मधु लता, दिनेश टाना भगत, इटखोरी प्रखंड अध्यक्ष राजू ठाकुर, इटखोरी प्रखंड सचिव जयकुमार प्रसाद उर्फ रजक, जी टंडवा प्रखंड अध्यक्ष मिश्रा पासवान, जिला उपाध्यक्ष सुगन साव, युगेश्वर भोगता, चतरा नगर अध्यक्ष डब्लू सोनी, राजेंद्र प्रसाद कसेरा, संजय यादव, भारी संख्या में उपस्थित थे।

## जलमीनार पैनल बोर्ड हुआ चोरी जीप सदस्य के संज्ञान में आते ही बीडीओ को दिया सूचना



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत कल्हेपाट डीपा टोली आंगनबाड़ी के समीप लगा जलमीनार का पैनल बोर्ड पांच दिन पूर्व अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। चोरी की सूचना ग्रामीणों से प्राप्त सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की द्वारा जायजा लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा को अवगत कराया गया। जानकारी के अनुसार बता दे कि कल्हेपाट डीपा टोली आंगनबाड़ी केंद्र के समीप जलमीनार में मशीन को चलाने के लिए पैनल बोर्ड लगाया गया था। जिसे पाँच दिन पूर्व अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया। पैनल बोर्ड का चोरी होने से पानी पिने के लिये ग्रामीण और बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। साथ ही जीप सदस्य ने चोरी की सूचना थाना को देने का सलाह दिया गया था। परंतु इस पर ग्रामीण एवं आंगनबाड़ी सेविका द्वारा पहल नही किया गया। निप सदस्य ने कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा को जानकारी दिया गया है?। और मरमती करवाने की मांग किया गया है। वही इस संदर्भ में अंचलाधिकारी विजय कुमार भी जिला परिषद सदस्य से चोरी की घटना का जायजा लिया। चोरी की घटना पर जिला परिषद सदस्य ने नाराजगी जताते हुए कहा कि चोरी की सूचना थाना को देने में ग्रामीणों ने क्यों बिलम किया जिसे ग्रामीणो ने कहा आंगनबाड़ी सेविका थाना को सूचना की होगी। जिस कारण हमलोग थाना को अवगत नही कराये।

## राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय केड़ में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेतला :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय केड़ के छात्र- छात्राओं और शिक्षक शिक्षिका ने धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया और बच्चों द्वारा रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम भी आयोजन की गई थी, शिक्षक दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन कर रहे विद्यालय के ही प्रधानाध्यापक-सत्यवान पांडे, विद्यालय में आए हुए अभिभावक और शिक्षक ने कार्यक्रम को प्रारंभ करने के लिए डॉक्टर सर्वपल्ली राधा कृष्ण जी की तस्वीर पर बारी-बारी से पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। विद्यालय के बच्चें ने अपने शिक्षक के लिए उपहार दिए, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी विद्यालय के शिक्षक-रवि शंकर यादव, रंजीत कुमार, पंकज कुमार, सत्येंद्र पांडे, विजय लक्ष्मी, इस तरह कार्यक्रम में अभिभावक भी उपस्थित थे। मौके पर केड़ पंचायत के मुखिया अनीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि-लालमन उरांव, भोजपुरी गायक-ललन यादव व्यास, चंदन यादव, अशोक यादव, विद्यालय अध्यक्ष-विणा देवी समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## गणेश पूजा महोत्सव को लेकर पूजा कमिटी ने जीएम अमरेश सिंह को किया आमंत्रित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** सुप्रसिद्ध सूर्य मंदिर चुन्दरु धाम (टंडवा) में 19 सितंबर से 28 सितंबर तक होने दस दिवसीय श्री गणेश पूजा महोत्सव को भव्य रूप से मनाने को लेकर पूजा कमिटी के द्वारा आम्रपाली चंद्रगुप्त कोल परियोजना के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह, परियोजना पदाधिकारी पी.के. सिन्हा, मैनेजर समित कुमार सिन्हा, डिस्पैच ऑफिसर सुधांशु शर्मा, माइनिंग इंचार्ज राजेश कुमार,सिविल विभाग के अभिरूप कुमार, उज्वल कुमार, रामभजु कुमार से शिष्टाचार मुलाकात करते हुवे निमंत्रण पत्र दिया।जिसमें पूजा समिति द्वारा श्री गणेश भगवान के प्रतिमा एवं अंगवस्त्र देकर उन्हे सम्मानित किया। जिसके उपरांत आम्रपाली परियोजना के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह के द्वारा गणेश पूजा समिति के पदाधिकारीयों को श्रीरामचरितमानस एवं भागवतगीता को देते हुवे सम्मानित किया।जिसमें गणेश पूजा के अध्यक्ष जागेश्वर दास, सचिव रामदेव पासवान, कोषाध्यक्ष कुन्दन पासवान, पोकला उर्फ कसीयाडीह पंचायत के समाजसेवी सह मुखिया पति गोपाल महतो, उपाध्यक्ष अर्जुन दास, उपेंद्र पांडेय, सुनील कुमार, सहसचिव छोटन पासवान, संरक्षक विजय पासवान मौके पर उपस्थित थे।

**प्रखण्ड क्षेत्र में चेहलुम त्यौहार की तैयारी पूर्ण**

# हर्षोउल्लास और भाईचारगी के साथ मनाई जाएगी चेहलुम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र में चेहलुम त्यौहार मनाने को लेकर मुस्लिम समुदायों ने तैयारी पूरी कर ली है। इसके लिए कमिटी गठित कर पदाधिकारी से लेकर सभी समुदायों और बुद्धिजीवियो तथा जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। वहीं मुख्य अतिथि में एसडीओ सुधीर कुमार दास, एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी को आमंत्रित किया गया। चेहलुम का मेला अगले 7 सितम्बर को सिमरिया कर्बला मैदान में लगाया जाएगा। अखाड़े में हजारों की भीड़ मौजूद रहेंगे। चेहलुम का जुलुस फतहा, सबानो, बन्हे, लिपदा ,सिमरिया आदि गाँव के लोग शामिल होंगे। जहां एक से बढ़ कर एक लाठी,तलवार,भाला,आदि शस्त्र चालन का कर्तव्य दिखाया जाएगा। वहीं लोग मेले का लुत्फ उठाएंगे। जुलुस के लिए सभी अखाड़े के लोग बाहर से महंगा से महंगा बेंजो वादन साउंड बुक कर अपने अपने अखाड़े में मंगा लिए है।

## धर्मपुर : सरस्वती विद्या मंदिर में मना जन्माष्टमी महोत्सव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के धर्मपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में श्री जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राधा कृष्ण रूप-सज्जा प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राज श्री पूरी, विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक व्यापक जी, विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, ऊं तथा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और कृष्ण आरती कर किया। रूप सज्जा प्रतियोगिता में बच्चों ने खुलकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों के मोहक प्रदर्शन देख वहां उपस्थित अभिभावक एवं विद्यालय परिवार मंत्रमुग्ध हो गया। इस मौके पर अनिल ठाकुर ने कहा कि विद्या भारती आधारित सरस्वती विद्या मंदिर का मूल कार्य है शिक्षा के साथ-साथ अपने संस्कारों से नई पीढ़ी को अवगत कराया जाए। जब उन्होंने जय श्री कृष्ण का उद्घोष कराया तो पूरा परिसर जय श्री कृष्णा और लड्डू गोपाल के उदघोष से गूंज उठा। वहीं प्रधानाचार्य ने विद्या भारती के उद्देश्य के बारे में भैया/बहनों को अवगत करवाया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक व्यापक जी ने कहा इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा का विकास होता है। राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में कक्षा अरुण से प्रथम तक विद्यालय के कुल 80 भैया/बहनों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन गीता दीदी ने कृष्ण भजन एवं आरती संगीत आचार्य दीपक दास के द्वारा हुआ तो वही कार्यक्रम की भूमिका नीलम दीदी जी ने रखी। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली में पूनम, उपासना और नीलम की उपस्थिति रही।अंत में पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें राधा के रूप में कक्षा - उदय ब की बहन अर्चिका को प्रथम तथा कृष्ण के रुप में कक्षा प्रथम अ के भैया रेवांश गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही सर्वश्रेष्ठ नृत्य में रिवांश गुप्ता और आदिया गुप्ता को पुरस्कृत किया गया।अंत में प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मौके पर लालबहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, ममता देवी, सुरेश ठाकुर, नीलम, रेणु गुप्ता , गीता कुमारी, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्मप्रकाश प्रसाद, पूनम गुप्ता, आलोक कुमार पांडेय, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, रविकांत पाठक, राकेश कुमार सिन्हा, रविन्द्र कुमार पांडेय, दीपक कुमार शर्मा, विकास कुमार गुप्ता, रजनी नाग, श्वेता श्रीवास्तव, अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी, शिल्पा पाठक, अंजली पांडे , नीलम उपस्थित रहीं।

# राजद जिला पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के आवास में आगामी लोकसभा चुनाव मिशन 2024 को लेकर राजद जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई। पार्टी संगठन को मजबुती को लेकर जिले के तमाम प्रखंडो में प्रखंड प्रभारी नियुक्त किए गए। सदर चतरा प्रखंड में अतीक मंसूरी, राजेंद्र राम, हंटरगंज प्रखंड में गौरी प्रसाद यादव और फिरोज आलम,प्रतापपुर प्रखंड में प्रभु दयाल यादव और वकील खान, कुंदा प्रखंड मेंमो मोजीब इमाम, सूर्यदेव यादव, कान्हाचट्टी में प्रतीक प्रकाश अंगार और हारून रशीद, नगर चतरा में अशोक कुमार सिन्हा और अख्तर हुसैन, मयूरहंड में अभिषेक सिंह और इंद्रदेव दांगी,इटखोरी में रंजीत सिंह और कबीर अंसारी, गिद्धौर मेंफजलू रहमान और जितेंद्र दांगी, सिमरिया में छठु सिंह भोगता और अशोक दांगी, टंडवा में उपेंद्र यादव और राजू लाल,. पत्थलगडडा में सुभाष यादव और माणिकचंद यादव, लावालौंग में दिलीप प्रसाद यादव और जयराम भुइयां को प्रभारी बनाया गया है। बैठक में प्रधान महासचिव हारुन रशीद, गौरी प्रसाद यादव, अतीक मंसूरी, अशोक दांगी, उपेंद्र यादव, शारदा देवी, फजलू रहमान, राजूलाल वर्मा, अभिषेक सिंह, जयराम भुइयां, सूर्यदेव यादव, दिलीप यादव, फिरोज आलम मोजिब आलम, अशोक सिन्हा सुभाष यादव, जितेंद्र दांगी, दीपक कुमार शर्मा, देव कुमार गौतम, एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव सह मातृ सम्मेलन का हुआ आयोजन

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में जन्माष्टमी की पूर्व संध्या में रूप सज्जा प्रतियोगिता सह मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। आज के इस भव्य एवं आकर्षक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महोदया द्वारा दीप प्रज्वलन करने के साथ हुआ।कक्षा शिशु से प्रथम तक के भैया बहन कृष्ण एवं राधा के रूप में सुसज्जित थे। इस अवसर पर राधे एवं कृष्ण के रूप में शिशु गीत एवं नृत्य से समारोह को आनंद में एवं भाव विभोर बनाए। शिशुओं के अभिभावक बंधु एवं माताएं इस भव्य कार्यक्रम में सम्मिलित थी। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती सुमन राय ने कहा हर बाला राधे की प्रतिमा है तथा बच्चा-बच्चा कृष्णा है। सभी बच्चे भगवान के रूप होते हैं छोटे-छोटे शिशु गीत एवं भजन प्रतियोगिता में भाग लिए इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। आज के इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती कमलावती सिंह ने की तथा निर्णायक के रूप में श्रीमती सरिता जायसवाल उपस्थित थी। अभिभावक प्रतिनिधि के रूप में श्रीमती शोभा देवी उपस्थित थी। इस अवसर पर भैया अच्युतम एवं उनके साथियों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया जीत के बोल थे छोटे-छोटे गैया छोटे छोटे ग्वाल। बहन प्राची सोनी एवं सहेलियां द्वारा गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया गीत के बोलते हैं मीठे रस से भरो । इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे ने कहा शिशु स्वयं भगवान के रूप होते हैं हमें बच्चों को अधिक से अधिक प्रेम प्रोत्साहन एवं सम्मान देना चाहिए। शिशु के सम्यक विकास के लिए आचार्य एवं माताएं सतत प्रयत्नशील हैं। शिशु के सर्वांगीण विकास के द्वारा ही राष्ट्र का विकास संभव है। शिशु वाटिका एवं नन्ही दुनिया की मधुर कल्पना पर समग्र विचार सुनीता बहन जी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### रिश्वत लेते धराया नगर परिषद झुमरी तिलैया का सिटी मैनेजर



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की हजारीबाग टीम ने एक बड़ी कार्रवाई कर नगर परिषद झुमरी तिलैया के सिटी मैनेजर प्रशांत भारती को 25 हजार रु घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।इस बाबत शिकायत कर्ता परसाबाद कोडरमा राजीव लोचन सिंह विद्यार्थी ने पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हजारीबाग को आवेदन दिया था। बताया जाता है कि शिकायतकर्ता विज्ञापन एजेंसी चलाते है,शहर में विभिन्न जगहों पर होर्डिंग लगाने के लिए निकली निविदा में उन्होंने अधिकतम दर कोटेशन उपरांत उक्त होर्डिंग लगाने का अधिकार पाया था।जिसकी अवधि आगामी 31 मार्च 2024 तक थी।लेकिन सिटी मैनेजर प्रशांत भारती ने उक्त कार्य में अड़ंगा लगा कर उनसे 25 हजार की रिश्वत मांगी थी।शिकायत के बाद टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया।

### बरही नगर भवन में दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट के द्वारा मनाया गया शिक्षक दिवस

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग रोड स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट्स,कॉमर्स एन्ड साइंस के द्वारा बरही नगर भवन में शिक्षक दिवस के अवसर पे भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि संस्थान संचालक अरुण शर्मा के माता बसन्ती देवी एवं पिता रामलखन शर्मा थे। एवं विशिष्ट अतिथि सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान,बरही पश्चमी पंचायत समति सदस्य जीतू ठाकुर एवं केदारुत पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह ने समोहिक रूप से दीप प्रजावलित कर कार्यक्रम का शुरुवात किए। सभी अतिथियों को बुके दे कर एवं मुख्य अतिथि को बुके एवं अंग वस्त्र ओढ़ा कर कार्यक्रम में स्वागत एवं सम्मानित किया गया। मंच संचालन संस्थान के शिक्षक कमलकांत ने किया। कुल 74 कार्यक्रम किया गया।

### बरही में सड़क दुर्घटना में टेंपो चालक की मौत

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत एनएच 33 पर करसो पुल के समीप टाटा मैजिक वाहन व टेंपो में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें टेंपो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे ग्रामीणों के सहयोग से बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक इचाक के दरिया गांव निवासी स्व. मुलो महतो का 55 वर्षीय पुत्र चंद्रिका महतो है। हालांकि घटना की जानकारी मिलने पर बरही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और टाटा मैजिक गाड़ी को पकड़कर बरही थाना लाया। वहीं मृतक के परिजनों को सूचना देने के बाद उनके परिजन बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। परिजनों ने बताया कि चंद्रिका महतो टेंपो गाड़ी लेकर इचाक से बरही किसी काम से आ रहा था।

### बरही से एक शिक्षक की बाइक की हुई चोरी

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही में एक शिक्षक की बाइक की चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत भुक्तभोगी शिक्षक करियातपुर गांव निवासी जितेंद्र रविदास पिता रघुनाथ राम ने बरही थाना में आवेदन दिया। आवेदन में उन्होंने बताया कि मैं प्राथमिक विद्यालय का शिक्षक हूं, पिछले 5 सितंबर को मैं अपनी बड़ी भाभी ललिता देवी पति शशि भूषण दास का मोटरसाइकिल नंबर के जेएच 02 एच 8362 हीरो होंडा ग्लैमर को लेकर बरही आए थे। तभी बरही ब्लॉक कैंपस में स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के सामने करीब शाम 6 बजे मोटरसाइकिल खड़ी कर लाइब्रेरी के अंदर शिक्षक दिवस के उपलक्ष में हो रहे कार्यक्रम में गए थे, जब लगभग 6:30 बजे जब वापस जाने के लिए लाइब्रेरी से बाहर निकले और मोटरसाइकिल के पास गए तो देखें कि उक्त मोटरसाइकिल वहां से गायब है। काफी खोजबीन किया परंतु उक्त मोटरसाइकिल कहीं नहीं मिला। वहीं उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल के डिक्की में हमारे प्राथमिक विद्यालय कुटमा के कुछ जरूरी कागजात रखा हुआ था तथा माता समिति का बैंक पासबुक भी मौजूद था। इधर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### एआर मोबाइल शॉप का विधिवत उद्घाटन

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बहेरा पंचायत के ग्राम फुसरी चौक में बुधवार को ए आर मोबाइल शॉप का उद्घाटन किया गया। कोयलांचल क्षेत्र में अपने आप में यह एक भव्य तरीके का मोबाइल दुकान है। दुकान का उद्घाटन विधिवत तरीके से फीता काट कर दुकान से प्रोपराइटर अमजद अंसारी की मां जुबेदा खातून और उनकी मौसी सैबुन निशा द्वारा किया गया। उद्घाटन के उपरांत लोगों को दुकान के बारे में जानकारी दी गई जिसमें कहा गया कि ग्राहकों को आसान मासिक किस्तों में यहां पर विभिन्न फाइनेंस कंपनियों के द्वारा मोबाइल उपलब्ध कराया जाएगा इसके अलावा मोबाइल के रिपेयरिंग के लिए उचित मूल्य पर काम किया जाएगा। दुकान खुलने से कजरी, करीमगंज, फुसरी, तापिन जैसे ग्रामीणों को मोबाइल संबंधी चीजों में हर तरह की सुविधा उपलब्ध दुकानदार द्वारा कराई जाएगी। दुकान के प्रोपराइटर अमजद अंसारी ने बताया कि हम सभी प्रकार के मोबाइल चाहे वह रिपेयरिंग से संबंधित हो या फिर नए मोबाइल हेडफोन चार्जर इत्यादि सब उचित दामों में ग्राहकों को उपलब्ध कराएंगे तथा दुकान से किसी भी ग्राहक को किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं होगी।वहीं इस मोबाइल शॉप में समीर फर्नीचर द्वारा जबरदस्त तरीके का डेकोरेशन किया गया है। मौके पर मुख्य रूप से बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो, विधायक प्रतिनिधि अल्पसंख्यक आरिफ अंसारी, चरही के इमाम हाफिज इफ्तेखार, करीमगंज के इमाम मौलाना मिकाइल,उपमुखिया चरही अभिजीत सिंह , मो आशिक अंसारी,मांडू के समाजसेवी रविंद्र साव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विधायक प्रतिनिधि को मातृ शोक

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर विधायक मनीष जायसवाल के खेलकुद एवं युवा कार्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि राजेश तिवारी उर्फ़ बंटी के माता जी सावित्री देवी का करीब 76 साल की उम्र में बुधवार की अहले सुबह आकस्मिक निधन हो गया। इनके पति स्व. शारदानंद तिवारी एसबीआई में शाखा प्रबंधक रहें थे। निधन के उपरांत इनके आवास शहर के हुडहुडू से खिरगांव मुक्तिधाम तक शव यात्रा निकला जिसके बाद दिवंगत पंचतत्व में विलीन हो गई । इधर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने विधायक प्रतिनिधि बंटी तिवारी की मां के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और इनके शोकाकुल परिजनों को इस दुःख से उबरने की अदम्य साहस प्रदान करने की कामना भी की ।

### 20 विधार्थियो को मिलेगी निशुल्क शिक्षा

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल परिसर में स्थित श्रीनिवास इंस्टीट्यूट ऑफ पारा मेडिकल साइंसेस में अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कॉलरशिप प्रोग्राम में उत्तीर्ण हुए 20 विधार्थियो को निशुल्क शिक्षा का प्रशस्ति पत्र सौंपा गया। बतौर मुख्य अतिथि सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्या भुषण एवं परी फाउंडेशन निदेशक रोली गुप्ता सहित कई गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अतिथियों ने स्कॉलरशिप प्रोग्राम में उत्तीर्ण हुए 20 विधार्थियो को निशुल्क शिक्षा का प्रशस्ति पत्र सौंपा एवं उज्जवल भविष्य की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इंस्टीट्यूट की घोषणा के अनुसार अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले बीस विधार्थियों को अब निशुल्क शिक्षा दिया जायेगा। गरीब एवं होनहार विधार्थियों को पारामेडिकल की शिक्षा प्राप्त करने में सहुलियत मिलेगा। इन विधार्थियो को मुफ्त पारामेडिकल शिक्षा में कोर्स दो वर्षों के लिए डिप्लोमा इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नीशियन डीएमएलटी, दो वर्षों के लिए डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन, दो वर्षों के लिए डिप्लोमा इन ओफ्थाल्मिक टेक्नीशियन, दो वर्षों के लिए डिप्लोमा इन ओ.टी. टेक्नीशियन एवं एक वर्ष के लिए सर्टिफिकेट इन ड्रेसर की शिक्षा दिया जाएगा।

# सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़े : सुधीर मंगलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत सचिवालय परिसर में पशुपालन विभाग की ओर से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों के बीच बकरी व बकरा का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश जिप सदस्य प्रीति दीवान पशूपालन पदाधिकारी डॉ शशी सिन्हा उपस्थित लाभुकों के बीच बकरा-बकरी वितरित की। कुल 8 लाभुकों को इस योजना का लाभ पहुचाया गया। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि योजना का उद्देश्य पशुपालन गतिविधियों के जरिये महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। इसी उद्देश्य को लेकर बकरा विकास योजना, सुकर विकास योजना, लो इनपुट लेयर कुक्कुट



विकास योजना, ब्रायलर कुकुट पालन व बतख चूजा वितरण योजना संचालित की जा रही है। इन्होंने लोगो से उक्त योजना का लाभ उठाने की अपील की। मौके मुखिया चुडकी देवी उपमुखिया जयप्रकाश महतो राम किशुन भोक्ता तपेन्द्र महतो रोशन कुमार जतनलाल महतो शुभम कुमार बबलू कुमार उतम महतो आदि।

# नगर निगम के द्वारा जलकर का भुगतान नही करने वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नगर आयुक्त, हजारीबाग के आदेशानुसार, फरहत अनिसी नगर प्रबंधक के नेतृत्व में वार्ड स 27 के महेश सोनी चौक एवं महावीर स्थान चौक में जल कर का भुगतान नही करने वाले उपभोक्ताओ के विरुद्ध कार्रवाई प्रारम्भ की गई।

निगम कार्यालय के द्वारा सभी जल उपभोक्ताओं को पूर्व में बकाया जल कर का भुगतान करने हेतु नोटिस निर्गत किया था। नोटिस प्राप्ति के पशचात भी उनके द्वारा जल कर का भुगतान नही किया जा रहा है।नगर निगम को जल कर का भुगतान नही करने तथा भविष्य में भी भुगतान नही करने की बात कहने के उपरांत मौके पर राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता पिता- यदुनाथ का वाटर कनेक्शन काटा गया।साथ ही आठ जल कर उपभोक्ताओं यथा यशोदा देवी, ललिता देवी , रामेश्वर प्रसाद मिश्रा, महावीर प्रसाद मिश्रा, यदुनाथ प्रसाद , विजय कुमार गुप्ता, रुक्मणी देवी,बाल कृष्णा, अशोक कुमार गुप्ता, अनूप कुमार के द्वारा जल कर का भुगतान करने हेतु दो दिनों का समय मांगा गया साथ ही नगर प्रबंधक के द्वारा सभी उपभोक्ताओं को दो दिनों के अंदर जल कर का भुगतान करने हेतु कहा गया अन्यथा निगम के द्वारा कनेक्शन को काटने की कार्रवाई की जाएगी।मौके पर धर्मेंद्र राय सहायक, विकास कुमार पी एम यू, रितिका के शेखर एवं रितिका और निगम के तहसीलदार उपस्थित थे।

## पतरातू राधा कृष्ण रूप सजा प्रतियोगिता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय प्रबंधन के द्वारा किया गया। इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा राधा और कृष्णा रूप में आकर विद्यालय मैं एक नए वातावरण का निर्माण कर दिया। विद्यालय के करीब 50 छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य उपेंद्र पांडे के द्वारा बच्चों को राधा एवं कृष्ण के विषय



में विस्तार से बताया गया। ताकि प्रतियोगिता में शामिल होना बच्चों को रुचिकर लगे। मौके पर निर्मला कुमारी, रानी कुमारी,निक्की कुमारी, अनुपमा सिंह,ज्योति पुरी,राजेंद्र साहू,रमेश कुमार आदि ने प्रतियोगिता को बेहतर करने के लिए सराहनीय सहयोग दिया।

## मिल्लत हेल्पलाइन संस्था के द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम बादम में युवाओं के द्वारा चलाए जा रहे मिल्लत हेल्पलाइन संस्था के द्वारा शिक्षा के छेत्र बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता परीक्षा में कुल 65 बच्चों ने भाग लिया जिसमें से 35 छात्राएं और 30 छात्र शामिल हुए। परीक्षा में सामान्य ज्ञान, इतिहास और इस्लामी शिक्षा से सवाल किया गया था। प्रितियोगिता परीक्षा में प्रथम स्थान मालेहा कमर, द्वितीय स्थान मो जैद



अली एवं तृतीय स्थान तलमीज अकरम ने हासिल किया। प्रतियोगिता परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल करने पर समाजसेवी तंजील फैसल के द्वारा मालेहा कमर को दीवाल घड़ी दे कर पुरुस्कृत किया गया। साथ ही मिल्लत हेल्पलाइन के द्वारा मालेहा कमर को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र दिया गया। मो जैद अली को डायरी, ट्रॉफी, प्रमाणपत्र एवं तलमीज अकरम को कॉपी, कलम और प्रमाणपत्र दे कर सम्मानित किया गया। अन्य सभी छात्र और छात्राओं के मनोबल को बढ़ाने के लिए कलम दे कर सम्मानित किया गया। पिछले कई महीनों से शिक्षक जलाल सगीर, नईम अहमद, आफाक अहमद, आदिल शादाब और अब्दुर रहमान छात्रों को मुफ्त में तैयारी करवा रहे हैं। संस्था का उद्देश्य है कि क्षेत्र के गरीब बच्चे जो पढ़ाई करने के इच्छुक हो वैसे बच्चों को मुफ्त में बच्चे के इच्छा अनुसार शिक्षा दी जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से बेलाल सगीर वार्ड सदस्य सारिक असरफ, मौलाना इरफान, हैदर नजीबउल्लाह, इत्यादि उपस्थित थे।

## सांसद के प्रयासों से गरीबों का हो रहा आँखों का मुफ्त इलाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सांसद हज़ारीबाग सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने चौपारण प्रखंड में लोकनायक जयप्रकाश नारायण आँख अस्पताल के ओ.पी.डी. प्रभाग समेत अन्य आधुनिक उपकरणों का उद्घाटन किया। यहाँ 2 करोड़ के सीएसआर मद से नया विंग बनाया गया है और उपकरण लगाए गए हैं। जयंत सिन्हा ने इस अस्पताल को 70 लाख की एडवांस रेटिना सर्जरी मशीन भी उपलब्ध करवाई है। अभी तक यहाँ लगभग 1,000 सर्जरी निशुल्क की जा चुकी हैं, जिनसे जनता के 8 से 10 करोड़ की बचत हुई है। हज़ारीबाग समेत आस पास के 4-5 ज़िलों के निवासी इस अस्पताल से सीधा लाभान्वित हो रहे हैं। जनसेवा के उद्देश्य से की गयी यह एक बहुत बड़ी पहल है। अस्पताल में ओ.पी.डी. प्रभाग शुरू होने से अब मरीज़ों को इलाज में और सुविधा होगी। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



नेतृत्व में हज़ारीबाग व रामगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाएँ बेहतर बन रही हैं। जयप्रकाश नारायण आँख अस्पताल ने मरीज़ों को बहुत राहत दी है। मरीज़ों को आधुनिक इलाज मिले और उन्हें कोई कठिनाई न हो, मेरा यही प्रयास है। मरीज़ों के चेहरे पर निशुल्क व बेहतर इलाज मिलने से आयी प्रसन्नता को देखकर बेहद खुश हूँ। क्षेत्र की जनता के सेवा में मेरा जीवन समर्पित है।

## एकलव्य विद्यालय चरही में श्रीकृष्ण और राधा का प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** बुधवार को एकलव्य द जीनियस माइंड स्कूल, लाल बंगला चरही में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने राधा-कृष्ण के गेटअप में अपनी कला के साथ फैंसी ड्रेस का प्रदर्शन किया। सभी बच्चों ने अपनी सुंदरता से सबका मन मोह लिया। सभी ने राधा-कृष्ण के सुंदर संगीत के मधुर स्वर के साथ मंच पर मनमोहक चाल में अपनी अदाओं को प्रदर्शित किए। जिसमें प्रथम ग्रुप में मानविका सिंह, आयुष कुमार, दुर्गेश नंदन




क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय। दूसरे ग्रुप में पिया कुमारी,सोनम कुमारी,संजना महतो और आर्यन कुमार क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय। तीसरे ग्रुप में स्वीटी कुमारी, छवि पानी, मित्ती कुमारी और पिहु कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर पुरस्कृत हुए। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक राहुल पासवान, मोहित उरांव और शिक्षिकाएं काजल कुमारी, मोमिता घोष, मागरेट मिंज और सलोनी टोप्पो और जिरा देवी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। साथ ही सभी अभिभावक गण ने भी अपना सहयोग प्रदान किए।

## डीएवी पब्लिक स्कूल गिद्दी ए में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन




**गिद्दी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी पब्लिक स्कूल गिद्दी ए में वर्ग एलकेजी से द्वितीय के बच्चों के लिए आज जन्माष्टमी उत्सव सह फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई जहां नन्हे मुन्ने बच्चे नटखट नंद गोपाल की भूमिका में नजर आए। कोई कृष्ण कन्हैया बना तो कोई बनी राधा रानी, राधा-कृष्ण के साथ-साथ नंदबाबा,वासुदेव ,देवकी, ग्वाले और गोपियों के वेशभूषा में बच्चों ने सबको मोहित किया। प्राचार्य श्री मनप्रिया चटर्जी ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप सभी बच्चे श्रीकृष्ण की तरह बुद्धिमान व बलवान बने और बुराई पर सदैव विजय प्राप्त करें। प्राचार्य महोदय ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने में सराहनीय योगदान देने वाले शिक्षिकाओं श्रीमती वंदना चटर्जी, श्रीमती राखी सिंह,श्रीमती शोभा दुबे,सुश्री पल्लवी राय और श्रीमती अनुराधा निशाद को इस खूबसूरत एवं उद्देश्य पूर्ण आयोजन के लिए और बच्चों को जिंदगी के हर पहलू से अवगत करवाने के लिए शुक्रिया किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को अपनी सांस्कृतिक विरासत एवं प्रकृति से जोड़ता है जो अभिभावकों के सहयोग एवं विश्वास से ही संभव हो पता है। फैंसी ड्रेस के विजेताओं की सूची निम्न है:-वर्ग -एलकेजी कृष्ण की भूमिका में गुरुवंश,विवान,अयान, दिव्यांश क्रमश प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।राधा की भूमिका में सहज, अवन्या, केसर, समृद्धि क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

## बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्रियों का किया गया वितरण



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां पंचायत में बुधवार को राय भाट मुस्लिम एजुकेशनल ट्रस्ट के द्वारा बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि-अंजुमन गौसिया सोसो कलां के सेक्रेटरी सनोवर अली मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की इस तरह शिक्षा को बढ़ावा देना एक सराहनीय कार्य है साथ ही अभिभावकों को भी बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु हमेशा सजग रहना होगा।इस तरह के ट्रस्ट का सपना तभी पूरा होगा जब आप अपना सजगकता दिखाएंगे। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष हैदर राय ने संबोधित करते हुए कहा की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हमेशा हमारा ट्रस्ट प्रयासरत रहेगा। समाज के आर्थिक रूप से कमजोर सभी बच्चों को हर हाल में तालीम से जोड़ा जाएगा। इस वितरण कार्यक्रम में दिलशाद राय, (कोषाध्यक्ष )असलम राय, हकीम भाट(सचिव), मुनाफ राय, ऐनुल राय,जहानत राय तथा राय समाज के कई लोग सामिल थे।

## मारवाड़ी महिला समिति ने किया शिक्षकों का सम्मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा द्वारा शहर के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज में जाकर शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत समिति की सदस्यों द्वारा डी ए वी बरकाकाना की प्राचार्य डॉ उर्मिला सिंह , चाइल्ड वर्ल्ड की गीतांजलि जाजू , गांधी स्मारक उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष अनंत ,अध्यक्ष बद्री विश्वकर्मा एवं कस्तूरबा कॉलेज की प्रधानाचार्या रूमा सिंह को शॉल ओढ़ाकर एवं पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनजर आक्सीजन के पौधे भेंट करके सम्मानित किया तथा सभी विद्यालयों के सहयोगी शिक्षक गणों को उपहार भेंट किए गए।कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षक जो हमारे समाज की नींव होते हैं उन्हें सम्मानित कर यह एहसास कराना है कि उनकी इस सेवा का हमारे लिए क्या महत्व है, वह शिक्षक ही होते हैं जो हमारे अंदर ज्ञान का प्रकाश फैलाकर हमें जीवन रूपी कर्म क्षेत्र पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं, उनके ऐसे कार्यों के लिए समिति की तरफ से शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं ।

## रामगढ़ डीसी चंदन कुमार चिंतन शिविर में भाग लेने पहुंचे प्रखंड कार्यालय पतरातू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** रामगढ़ डीसी चंदन कुमार पतरातू प्रखंड कार्यालय के सभगार कक्ष पहुंचे। तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार गुप्ता और अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे द्वारा गुलदस्ता देकर डी सी चंदन कुमार का स्वागत किया गया। डी सी चंदन कुमार प्रखंड प्रशासन द्वारा आयोजित चिंतन शिविर सह आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर डीसी ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उनके द्वारा नीति आयोग के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न।योजनाओं का आकलन किया।तथा एग्रीकल्चर स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल,सोशल डेवलपमेंट, फाइनेंशियल, एवं इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित योजनाओं के बारे में सभी




से बारी बारी समीक्षा किया।तथा उन्होंने बारी-बारी से पंचायत में चल रही योजनाओं के बारे में विशेष जानकारी प्राप्त की। किस योजना का क्या स्थिति है कितना कम हुआ है। उन्होंने निर्देश दिया कि नीति आयोग के निर्देश पर कार्य करते हुए इस प्रखंड को विकसित बनाना है। मौके पर मुखिया किशोर कुमार महतो द्वारा रामगढ़ डीसी को निम्न समस्याओं से अवगत करवाया गया। इसमें पतरातू सीएचसी प्रबंधन द्वारा मनमानी करना और एक नेटवर्किंग के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं रोगियों को प्राइवेट हॉस्पिटल में भेजने,सहित कई बाते रखी गई। मौके पर मनोरंजन झा, सीडीपीओ अनुपमा मिंज,राजेश एक्का, जितेंद्र कुमार,चितरंजन कुमार, आनंद दुबे, किशोर महतो, रुझान देवी, रामनारायण कुमार,विकास कुमार नायक,लवकुमार महतो,श्यामली महता,प्रीति झा,विजय मुंडा,सुमन भारती, पंचायत सेवक नरेश महतो,

## कोरियाड़ीह मे अखण्ड हरि कीर्तन का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत कोरियाड़ीह के बड़की अडवार पूर्व यज्ञ स्थल पीपल पेड के पास बुधवार को सुबह प्राता:6:00 बजे से अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है। जो सगुरूवार प्राता सुबहा 6:00 बजे तक चलेगा। अखंड हरि कीर्तन का आयोजन कोरियाडीह की पूजा समिति के द्वारा किया गया कार्यक्रम स्थल पर एक से बढ़कर एक लाइट और आकर्षक डीजे लगाया गया है। एव गांव के मंदिर एवं सभी मंडप को लाइट और साउंड से भव्य तरीके से सजाया गया है।जीसकी सुंदरता देखते ही बनती है।कार्यक्रम में सभी ग्रामीण बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। वहीं ग्रामीण हरे राम हरे कृष्णा का भजन गाकर झूम रहे हैं।इस कार्यक्रम में आसपास गांव के लोग भी कीर्तन में शामिल हो रहे हैं। अखंड हरि कीर्तन में प्रखंड के विभिन्न गांव के कीर्तन



मंडली भाग ले रहे हैं।जहां हरे रामङ्हरे राम हरे कृष्णा ङ्हरे कृष्ण के रट लगाते रहे।वहीं को हरि कीर्तन मैं मुख्य पुजारी डोमन पाण्डेय एवं उनकी टीम के द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सावन माह में पूजा समिति की ओर से अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालु लोग भाग लेते हैं।अखंड हरि कीर्तन होने से आसपास के गांव भी भक्तिमय हो जाता है। मौके पर धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद,महिला नेत्री सह सामाजिक कार्यकर्ता ममता देवी, रामजी प्रसाद, प्रकाश साव, नरेश कुमार, तिलक यादव, संजय प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद उर्फ राजन प्रसाद, जगदीश महतो, तिलक यादव, ब्रह्मदेव यादव, विकाश यादव, अनील कुमार, सुरेश प्रसार कुशवाहा, अजीत प्रसाद, महेन्द्र प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, अर्जुन महतो, प्रमोद प्रसाद,विनय प्रसाद, किशोर प्रसाद,बबलू प्रसाद,कृष्ण प्रसाद,निरंजन प्रसाद, शाहिद सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## हिंदुस्तान पेंसिल्स ने घोटालेबाजों के खिलाफ उठाया कदम

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 1958 में स्थापित पेंसिल और स्टेशनरी बनाने वाली प्रसिद्ध कंपनी हिंदुस्तान पेंसिल्स प्राइवेट लिमिटेड (एचपीपीएल) ने भोली-भाली आम जनता को फर्जी नौकरी के नाम पर धोखे से बचाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हाल ही में कंपनी को पता चला है कि उनके प्रतिष्ठित पेंसिल ब्रांड नटराज और अप्सरा के नाम पर अनुचित तरीके से नौकरी के फर्जी प्रस्ताव देकर धोखाधड़ी के मामले तेज़ी से फ़ैल रहे हैं। यह घोटालेबाज खुद को नटराज और अप्सरा के प्रतिनिधि के रूप में लोगों के समक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं। वे नटराज और अप्सरा के रजिस्?टर्ड ऑफिस के पते और साथ ही उनके कर्मचारियों की तस्वीरों का उपयोग करके भोली भाली जनता को धोखा दे रहे हैं। वे इन लोगों को गूगल, लिंक्डइन, वॉट्सऐप और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म सहित इन्टरनेट पर विभिन्?न माध्यमों से तथाकथित रूप से घर बैठे पेंसिल पैकिंग की नौकरी का झाँसा देकर ठग रहे हैं। इन गुमराह करने वाले प्रस्तावों के कारण कई दुर्भाग्यपूर्ण मामले सामने आए हैं जिसमें नौकरी की तलाश करने वाले मासूम लोग इन घोटालों का शिकार हुए हैं और उन्हें पैसों का नुकसान हुआ है। साल 1958 से उन्?नत तकनीक के माध्यम से पेंसिल्स और अन्य स्टेशनरी के निर्माण में सबसे आगे नटराज और अप्सरा ने घर बैठे पेंसिल पैकिंग की नौकरी के ऐसे किसी भी प्रस्ताव को कभी अनुमति नहीं दी है। घर बैठे नौकरी पाने की महत्वाकांक्षा रखने वाले उम्मीदवारों और आम जनता को कंपनी यह बताना चाहती है कि नटराज और अप्सरा में भर्ती एक चयन प्रक्रिया के माध्यम से की जाती है।

## यात्रा बुकिंग में क्रांतिकारी बदलाव: रेडबस ने हिंदी में व्हाट्सएप बुकिंग की शुरुआत की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुनिया के अग्रणी ऑनलाइन बस टिकटिंग प्लेटफ़ॉर्म, रेडबस, ने एक महत्वपूर्ण नए फीचर की घोषणा की है जो यात्रियों को व्हाट्सएप पर रेडबस चैटबॉट के माध्यम से हिंदी में बस टिकट बुक करने की सहूलियत देता है। रेडबस ने पहले व्हाट्सएप बुकिंग को उद्योग की पहली सुविधा के रूप में लॉन्च किया था। अब बुकिंग चैटबॉट में एक भाषा के रूप में हिंदी को शामिल करना ट्रेवल उद्योग में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है, जिससे रेडबस सबसे आगे हो गया है। व्हाट्सएप के साथ सहयोग करते हुए, रेडबस हिंदी भाषी ग्राहकों के लिए एक सरल यात्रा बुकिंग अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता बढ़ाता है, जिनकी तादात 40ल से अधिक है।व्हाट्सएप का भारत में संचार चैनल और व्यापक लोकप्रियता का लाभ रेडबस के उपभोक्ताओं को अनुकूल बस टिकट बुकिंग प्रक्रिया में मिलेगा। यह रणनीतिक गठबंधन देश में यात्रियों की बस टिकटों तक पहुंच और उन्हें आरक्षित करने के तरीके में एक आदर्श बदलाव का प्रतीक है। लॉन्च के बाद, रेडबस ऐप पर 42ल व्हाट्सएप बातचीत हिंदी में हो रही है।नई शुरू की गई सुविधा ग्राहकों को व्हाट्सएप पर रेडबस चैटबॉट के साथ सीधे बातचीत करके आसानी से अपने बस टिकट आरक्षित करने का अधिकार देती है, जो अब हिंदी में उपलब्ध है। चैटबॉट बुकिंग प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, यूजर की प्राथमिकताओं के अनुरूप तुरंत सहायता और व्यक्तिगत सिफारिशें प्रदान करता है।रेडबस में, हम यात्रियों की विविध प्रकार से सेवा करते हैं।

## खिजरी विधायक ने प्रखण्ड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन का शुभारंभ किया

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से नामकुम प्रखण्ड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन सारजमडीह मैदान रामपुर में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने मैच का शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी गठबंधन की हेमन्त सरकार खेल नीति बनाकर खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने का काम किया है। खेल के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए इस तरह की खेल का आयोजन किया जा रहा है। आने वाले दिनों में नशा पान से दूर रहें ताकि आपकी भविष्य अच्छा रहे। इस तरह के खेल प्रतियोगिता करने का मकसद है कि खेल को बढ़ावा देकर युवाओं का शरीर स्वस्थ रखने की ख्याल से किया जा रहा है। इस तरह की खेल प्रतियोगिता हर साल मेरे द्वारा आयोजित किया जाएगा। खेल को खेल की भावनाओं से खेलना है। आपको बता दें कि खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए पुरे विधान सभा क्षेत्र में प्रखण्ड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शुरुआत आज खिजरी विधान सभा क्षेत्र के नामकुम प्रखण्ड से किया गया। आज के टूर्नामेंट में कुल 26 टीम भाग लिया। इस टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम को विधायक राजेश कच्छप की ओर से जर्सी एवं फुटबॉल दिया जा रहा है। टूर्नामेंट में प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले को नगद राशि एवं शील्ड दिया जाएगा। मौके पर नामकुम प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप, पूर्व मुखिया महादेव मुण्डा, पूर्व मुखिया विजय टोप्पो, पूर्व मुखिया गंगा लकड़ा, कल्याण लिण्डा, मंगल मुण्डा, माधो कच्छप, जयराम तिर्की, मदन टोप्पो, विजय मुण्डा, अलवर्ट तिग्गा, एतवा सांडिल, विजय तिर्की, खुदिया कच्छप, विनोद तिर्की, कुलदीप मिंज, महेश्वर महतो, जितेन्द्र महतो, पंचू तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## भारतीय शिक्षा विभाग के द्वारा नि:शुल्क बचत खाता डाकघर के तहत बच्चों के लिए जारी किया गया

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय शिक्षा विभाग के द्वारा निशुल्क बेसिक से विंग अकाउंट डाकघर के सहयोग से बच्चों के लिए जारी किया गया है जिसमें स्कूल के छात्रवृत्ति एवं और भी शिक्षा विभाग के द्वारा स्कॉलरशिप इसी अकाउंट में डाला जाएगा। बुधवार को राजकीय कृत उच्च विद्यालय महुवाजारी में सेंट्रल सबडिवीजन रांची जीपीओ के सहायक डाक अधीक्षक श्री अजय कुमार, मांडर प्रखण्ड बीईओ तरशीला केरकेट्टा, एवं अन्य पदाधिकारी गण बच्चों को पासबुक बांट कर उज्जवल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर महुआजाड़ी हाई स्कूल के प्राचार्य आदित्य कुमार, मोहन कुमार मिश्रा, डाक विभाग कर्मी विजय आनद, ऋषि कांत मिश्रा,विष्णु गोप, प्रमिला देवी, अनीता देवी समेत और भी लोग मौजूद रहे।

## राम शिव मंदिर मे मना श्री कृष्ण जन्म उत्सव

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज दिनांक 6 सितंबर 2023 को भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव राम शिव मंदिर टाटी सिलवे रांची में धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर बच्चों के द्वारा भव्य झांकी ,भगवान कृष्ण की अद्भुत प्रतिभाओं की झांकी महिलाओं द्वारा पौराणिक वेशभूषा, गोप गोपी के रूप में नेत्र गीत, भजन कीर्तन एवं मंदिर के पुजारी श्री राम प्रसाद पांडे ,मधुसूदन पांडे के द्वारा वैदिक मंत्र द्वारा भगवान का पूजन आरती किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राहुल कुमार पांडे, शिवशरण पांडे, संध्या कुमारी ,विमला देवी, किरण देवी ,दीपक कुमार पांडे, संदीप कुमार पांडे, सुजीत ठाकुर, रितु देवी इत्यादि लोगों का सहयोग रहा ।


कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, रामगढ़

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 06/2023–24 जिसका PR No. 306186 (Rural Work Department) के द्वारा निविदा प्रकाशित की गई है। जिसमें निम्न सुधार किया जा रहा है।

1. ''कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा मुख्य मंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत (2515) निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है'' के स्थान पर'' कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजनान्तर्गत (2515) निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है'' पढ़ा जाए।
2. कॉलम संख्या 2 में RWD/RAMGARH/06/2023-24 के स्थान पर RWD/RAMGARH/STPKG/01/2023-24 पढ़ा जाए।

निविदा में अन्य सभी शर्ते यथावत रहेंगी।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमंडल, रामगढ़

PR306346 (Rural Work Department)23-24*D


# आदिवासी समाज ने करमा पूजा मनाने को लेकर किया बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ओरमांझी :** बुधवार को पड़हा भवन सदमा में आदिवासी सरना 22 पड़हा कार्यकारिणी समिति सदमा ओरमांझी कांके क्षेत्र के अध्यक्ष बाबूलाल महली की अगुवाई में करमा पूजा मनाने को लेकर बैठक किया गया।बैठक में करमा पूजा मनाने को लेकर सभी ने अपना अपना विचार दिया ।सबों की सहमति से निर्णय लिया गया कि करम पूजा का संजोत 24 सितंबर को,25 सितंबर को भादो एकादशी, सभी मौजा में पाहन की अगुवाई में रात नौ बजे तक करम पूजा कर लें , और 26 सितंबर को करमीतिन के द्वारा जावा फूल खोंसी वो परना , साथ ही सभी कोई खोड़हा मंडली कुम्हारिया चौक में दो बजे जुटकर सुतियांबे गढ़ इन्द जतरा जाना तय हुआ है। और बैठक में ये भी निर्णय लिया गया कि 27 सितंबर को विसर्जन किया जाएगा ।22 पड़हा के तमाम पदाधिकारी सदस्य वो कर्मितीन बहनों से अपील है कि अपना ड्रेस वेशभूषा में अखड़ा आना है।और अपना अपना अखड़ा में पूर्वज की गाजा बाजा यानी ढोल मांदर, नगड़ा के साथ नाच गान करना है। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक रमेश चंद्र उरांव, कल्लू मुंडा, लोकन मुंडा, रमेश उरांव सचिव, करमचंद उरांव मीडिया प्रभारी, जेठू मुंडा, खुदन मुंडा, सुषमा उरांव, संजय लिंडा, रंजीत पाहन,झीरगा पाहन,रवि मुंडा, रितेश मुंडा, भगत उरांव,दिलीप मुंडा, आनंद उरांव, दीपक मुंडा, प्रदीप मुंडा, संजय मुंडा, राजेंद्र मुंडा, आदि थे ।

## अनगड़ा में एतिहासिक चेहल्लुम का जुलूस धूमधाम से निकला,अखाड़ॉ धारिकों ने दिखाये हैरत अंगेज खेल, हुए सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**अनगड़ा :** अनगड़ा प्रखण्ड में बुधवार की दोपर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ऐतिहासिक चेहल्लुम का जुलूस धूमधाम से निकला।इस दौरान अखाड़ा धारी हाथों में पारंपरिक तलवार भाला लाठी डंडा लिए हुए नारे तकबीर अल्लाह हू अकबर या हुसैन या अली हिंदुस्तान जिंदाबाद के शदाये लगाते हुए जुलूस बाजार टाँड़ गोंदली पोखर पहुंचा। जहाँ अखाड़ा धारीयों ने हैरत अँगेज तलवार भाले लाठी के खेल दिखाये। जुलूस में हेसल और चिलदाग का जुलूस और खेल के कर्तब्य आकर्षक का केंद्र रहा। शानदार खेल का प्रदर्शन दिखाने वाले खिलाड़ियों को आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया वही अतिथियों को पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया इस अवसर 100 से अधिक तरह तरह के खिलौने मिठाई के दुकानें सजी थी। जुलूस में अनगड़ा पुलिस और समिति के अध्यक्ष आदम अंसारी व क्षेत्र के समाज सेवी अबुल इमाम ,व मुस्तफ़ा अंसारी एहसान अंसारी अजीज अंसारी अमिरुल अंसारी सकिल अंसारी इजराइल अंसारी का सराहनीय योगदान रहा।

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड की गई बैठक संपन्न, पूजा समिति का किया गठन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग):** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड की बैठक मंगलवार संध्या गया रोड स्थित छोटा शिव मंदिर प्रांगण में किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने भाग लिए। बैठक की अध्यक्षता सुजीत सिंह ने किया। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। जिन्हें पूजा समिति के द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। बैठक कार्यक्रम की शुरुआत करने के पहले सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत सिकंदर निषाद को पूजा समिति के लोगों ने श्रद्धा पूर्वक दो मिनट का मौन रख कर याद किया गया। वहीं कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए आगामी दुर्गा पूजा को सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिए सर्वसम्मति से पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष उदय प्रसाद केशरी को मनोनित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष शिवा निषाद, सुरेंद्र निषाद, मुकेश मद्धेशिया, सुजीत कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद केशरी महासचिव बलराम केशरी, सचिव पप्पू प्रसाद केशरी, शैलेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, संरक्षक गुरुदेव साव, मुखिया शमशेर आलम, राजसिंह चौहान, रमेश ठाकुर, रामनंदन सिंह, संयोजक विनोद विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार, विजय जयसवाल, मनोज साव, महेंद्र निषाद, राजू निषाद, अजीत निषाद को बनाया गया। बैठक में जितेंद्र माली, विश्वनाथ माली किशोर निषाद, करण निषाद, पप्पू निषाद, दीपू निषाद, शंकर निषाद, अनुज माली, संतोष केशरी, नकुल केशरी, सीटू सिन्हा, विनय केशरी, शंकर केशरी, सोनू चंद्रवंशी, अमित राणा, दुखद चंद्रवंशी, मजनू राणा, भरत निषाद, सूरज निषाद, गांगुली निषाद समेत दर्जनों लोगों शामिल हुए।

## स्वर्ण डीपीएस स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राधाकृष्ण की वेशभूषा में बच्चे स्कूल पहुंचे और फैंसी ड्रेस, नृत्य नाटक,राइटिंग व संगीत की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।सभी प्रतिभागी बच्चों को मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो ने पुरस्कृत किया। उन्होंने श्री कृष्ण की बाल लीलाओं की जानकारी दी। कृष्णा जन्माष्टमी के महत्व को बताते हुए धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व की महत्वपूर्ण बातें साझा की। यह आयोजन बच्चों को भारतीय पौराणिक कथाओं और धार्मिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने में मदद करता है।साथ ही बच्चों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी।



## राधाकृष्ण की जयंती पर संस्कृति कार्यक्रम किया गया

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्ण की जयंती पर जेम्स इंटरनेशनल स्कूल रहमत नगर में सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया । इस दौरान एकल गीत, सामूहिक नृत्य , गीत आदि में छात्रों ने कार्यक्रम किया। कार्यक्रम की शुरुआत डायरेक्टर हाजी अली हसन ने बच्चों को संबोधित करते हुए. छात्रों को जीवन में सफ़लता के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया और बच्चों से कहां की आप अभी से ही अपनी प्रतिभा के प्रति तैयारी शुरू कर दीजिए लिए साथी साथ शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया. शिक्षक और शिक्षिकाओं को छात्रों ने पुष्पांजलि अर्पित कर सर्वपल्ली राधाकृष्ण के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।डायरेक्टर ने कहा कि शिक्षक का हमारे जीवन में विशिष्ट स्थान होता है जो आज शिक्षक हैं उनके भी कोई ना कोई शिक्षक आवश्यक हैं. मौके पर मोहम्मद आसिफ अंसारी, एजाज अहमद, मोहम्मद इस्लाम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो में शिक्षक दिवस सह माता-पिता सम्मान समारोह का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस सह माता पिता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बच्चों का प्रथम शिक्षक उनके माता पिता होते हैं के थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के लोकप्रिय युवा नेता सन्नी टोप्पो ने देश के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए सन्नी टोप्पो ने कहा कि एक शिक्षक का कार्य बच्चों के भविष्य को संवारने का होता है, जो कि संसार के अन्य किसी कार्यो की तुलना में सबसे ज्यादा कठिन कार्य है। एक शिक्षक डॉ राधाकृष्णन के आदर्शो का पालन करते हुए ही अपने उद्देश्य के प्रति कर्तव्यनिष्ठ हो सकता है।

## जेएसपीएस द्वारा प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के साथ महिला संघ की हुई बैठक, उपस्थित हुई विधायक शिल्पी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** मांडर ब्लॉक मे जेएसपीएस द्वारा राजबाहा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के साथ महिला संघ की एक बैठक रखी गयी। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पहुंची। बैठक में महिलाओं को कई योजना के बारे में बताया गया। योजनाओं में 1.गांव के किसानो को खेती के उन्नत तकनिकी के बारे एवं कार्य के बारे जानकारी दिया जा सके। 2.जीवंत और स्थायी आय उन्नमुख खेती और समय सामाजिक, आर्थिक विकास और कृषि समुदायो की भलाई की जानकारी। 3.कुशाल लागत प्रभावी और स्थायी संसाधन उपयोग के माध्यम से उत्पादकता मे वृद्धि करना और अपनी उपज के लिए बेहतर क्षमता और बाजार लिंकेज के माध्यम से उच्च लाभ प्राप्त करना और सामूहिक कार्य के माध्यम से स्थायी बनने की जानकारी।




4.सरकार से सहयोग की अवधि के बाद एफपीओ को आर्थिक रूप से व्यवहार्य और आत्म निर्भर बनाने के लिए कृषि उद्यमित्ता कौशल विकसित कर प्रभावी क्षमता निर्माण प्रदान करने की जानकारी उपस्थित महिलाओ को दिया जा सके। बैठक में विधायक ने उपस्थित महिलाओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी इस तकनीकी की जानकारी लें और उस तकनीकी को उपयोग करके उसका लाभ लेने का प्रयास करे।

## कांके को खिलाड़ियों का हब बनाना मकसद : कमलेश राम

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को कांके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत काटमकुली में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता कमलेश राम शामिल हुए। और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक कर फाइनल मैच का उद्घाटन किया। फाइनल मैच बानापिड़ी तथा काटमकुली के मध्य खेला गया। जिसमें बानापिड़ी की टीम 1-0 से विजयी हुई।कमलेश राम ने खिलाड़ियों और आयोजन समिति के सदस्यों का मनोबल बढ़ाया। साथ ही इस तरह के आयोजन के लिए बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि गांव स्तर पर इस तरह के आयोजनों से छिपी हुआ प्रतिभा को मंच मिलती है, और खिलाड़ियों को निखरने का भी मौका मिलता है। और यही खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना लोहा मनवाते हैं। खेल और खिलाड़ियों के हरसंभव मदद के लिए सदैव तैयार हूं।मौके पर मो रेहान, साबिर अंसारी, आफताब अंसारी, विकास मुंडा,खुर्शीद अंसारी, अनिल लोहरा, महेश महतो , राजेश महतो, अख्तर अंसारी, मंजूर अंसारी, अब्दुल कादिर, अफजल अंसारी, फैजान अंसारी, ऐनुल हक व अन्य मौजूद थे।




जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, रामगढ़

-: आम सूचना :-

जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, रामगढ़ के पत्रांक–1255 दिनांक–04.10.2021 से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) अन्तर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु संविदा आधारित नियुक्ति के लिए विभिन्न पदों यथा (प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष),लेखा सहायक, कम्प्युटर सहायक) के लिए प्रत्यक्ष (सीधी) नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित की गयी थी जिसका PR No-254373 District 2021-22 D है।

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड के संकल्प संख्या–14/अ0नि004–04/2019 का० 1617 दिनांक–17.03.2023 एवं मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक–13–108/मन0क्षे0स्था0/2020/ग्राम वि 972, रांची दिनांक–13.07.2023 के द्वारा प्राप्त पत्र के आलोक में प्रत्यक्ष नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करने के पूर्व आर्दश आरक्षण रोस्टर में संशोधन हेतु निदेशित किया गया है।

उक्त के आलोक में डीआरडीए, रामगढ़ कार्यालय के पत्रांक–1255/जि.ग्रा दिनांक 04.10.2021 के द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में संविदा आधारित पदों हेतु निकाले गए विज्ञापन संख्या 01/2021 जिसका PR No-254373 District 2021-22 D है (जिनकी नियुक्ति प्रक्रियाधीन है) को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

ह०/–
उपायुक्त,
–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक, रामगढ़।

PR 306337 (Rural Development) 23-24 (D)



जिला पशुपालन कार्यालय, राँची

आवश्यक सूचना

राँची जिलान्तर्गत वैसे सभी 'पेट शॉप' एवं 'डॉग ब्रीडिंग सेंटर' जो राज्य जीव–जन्तु कल्याण बोर्ड, झारखण्ड, राँची से बिना निबंधन कराए अपनी संस्था का संचालन कर रहे हैं या वैसे संस्थान जो पूर्व से निबंधित थे एवं वर्त्तमान में बिना नवीनीकरण के ही संस्था का संचालन कर रहे हैं, वे विज्ञापन प्रकाशित होने के एक माह के अन्दर अपनी संस्था का पंजीकरण/नवीनीकरण हेतु आवेदन राज्य जीव–जन्तु कल्याण बोर्ड, झारखण्ड, हेसाग, राँची में जमा करें। अन्यथा नियमानुसार पशु क्रूरता निवारण अधिनियम तद्‌विषयक नियम के विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत् कार्रवाई की जाएगी।

नोट :– विशेष जानकारी के लिए मो० नं० – 9431169779 या 18003097711 पर संपर्क करें।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
–सह–सदस्य सचिव
पशु क्रूरता निवारण समिति, राँची

PR 306344 (Animal Husbandry) 23-24 (D)



झारखण्ड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

प्रेस विज्ञप्ति

निदेशानुसार सूचित किया जाता है कि राँची तंत्रिका मनोचिकित्सा एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (रिनपास) में सहायक प्राध्यापक, साईक्याट्री एवं सहायक प्राध्यापक, क्लिनिकल साईकोलॉजी, (गैर चिकित्सकीय संवर्ग) के पद पर सीधी नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या–05/2022) के आलोक में अनुशंसित निम्नाकिंत अभ्यर्थियों के प्रमाण–पत्रों की जाँच एवं सत्यापन का कार्यक्रम दिनांक–20.09.2023 को 11:00 बजे पूर्वा0 में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, नेपाल हाउस, झारखण्ड, राँची में निर्धारित है:–

सहायक प्राध्यापक, साईक्याट्री के पद पर सीधी नियुक्ति हेतु अनुशंसित अभ्यर्थी

| क्र0स0 | रोल नं0 | नाम |
|---|---|---|
| 1 | 22050007 | श्री अभिषेक कुमार |
| 2 | 22050011 | श्री सजल आशीष नाग |

सहायक प्राध्यापक, क्लिनिकल साईकोलॉजी के पद पर सीधी नियुक्ति हेतु अनुशंसित अभ्यर्थी

| क्र0स0 | रोल नं0 | नाम |
|---|---|---|
| 1 | 22050012 | श्री मो0 राकीब अन्सारी |
| 2 | 22050014 | श्री राज किशोर राम |
| 3 | 22050003 | श्रीमती इन्दू सुलंकी |

2. सभी अभ्यर्थियों को शैक्षणिक प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, आवासीय प्रमाण–पत्र, पहचान पत्र, आधार कार्ड, पंजीकरण संबंधी प्रमाण–पत्र आदि के सत्यापन हेतु मूल प्रति के साथ ससमय उपर्युक्त कार्यालय में उपस्थित रहने का निदेश दिया जाता है।

(ध्रुव प्रसाद)
सरकार के उप सचिव

PR 306361 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)#D



झारखंड सरकार उद्योग निदेशालय
JHARKHAND GOVERNMENT TOOL ROOM, RANCHI
(Formerly Jharkhand Govt. Mini Tool Room & Training Center )
(A society of Dept. of Industries, Government of Jharkhand
Ranchi-835103 )

सूचना

ST/SC/OBC/UR/EWS वर्ग के मैट्रिक पास अभ्यार्थियों के लिए साक्षात्कार

मैट्रिक स्तरीय परीक्षा के आधार पर ए.आई.सी.टी.ई मान्यता प्राप्त डिप्लोमा इन टूल एवं डाई मेकिंग में नामांकन के लिए अभ्यार्थियों से साक्षात्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है–

| Category | Reporting Date | Reporting Time |
|---|---|---|
| Schedule Tribe (ST), Schedule Caste (SC), Other Backward Class (OBC), UR, EWS | 11-09-2023 | 9.30AM to 12.00 noon |

Reporting Time के अनुसार अभ्यार्थियों को ऑफिस में रिपोर्ट करना आवश्यक है, अन्यथा साक्षात्कार में भाग नहीं ले सकेगें। अभ्यार्थियों को अपने साथ निम्न मूल प्रमाण पत्र लेकर आना आवश्यक है:–

1. मैट्रिक का अंक पत्र एवं उत्तीर्ण प्रमाणपत्र
2. मैट्रिक का प्रवेशपत्र
3. निवासी प्रमाण पत्र
4. जाति प्रमाण पत्र
5. पासपोर्ट साइज का 04 रंगीन फोटो ग्राफ
6. सभी प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति

साक्षात्कार के पश्चात सफल अभ्यार्थियों को दिनांक 12-09-2023 को शाम 04:00 बजे तक रूपये 21,450/–(एक्कीस हजार चार सौ पचास रूपये मात्र) फीस के रूप में जमा करना होगा, अन्यथा उनका साक्षात्कार को रद्द कर प्रतिक्षा सूची से अन्य अभ्यर्थियों को प्रवेश दे दिया जायेगा।

नोट:– सीट की उपलब्धता के अनुसार ही साक्षात्कार किया जायेगा।

(प्राचार्य)

PR306376 (Industries)23-24*D

## कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर ग्रामीणों ने किया अखंड कीर्तन का आयोजन



**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत मलुवाटाँड़ पंचायत के पराँचीडीह के सार्वजनिक दुर्गा मंदिर मे अखंड भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। ग्रामीण क्षेत्र मे बारिश नाम मात्र से किसान चिंतित है और बारिश के लिए भगवान भरोसे है। मान्यता अनुसार जब भी बारिश की समस्या हुई है तब इस मंदिर में अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। इस साल भी बारिश की समस्या को देख कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया लोगो को उम्मीद है की भगवान उनकी जरूर सुनेगे और बारिश होगी । इस आयोजन में समस्त ग्रामीणों का सहयोग रहा । हरे राम हरे कृष्णा के गूंज से पूरा गांव भक्तिमय हो गया है। लगातार हरे राम हरे कृष्णा की गूंज से लगता था कि मानो ग्रामीण भगवान को पुकार रहे हैं। बुधवार को शुरूहुवे यह अखंड कीर्तन दूसरे दिन गुरुवार तक लगातार जारी रहेगा। इस भक्तिमय माहौल में युवाओ में एक अलग उत्साह देखने को मिला।

## बिजली समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने बीसीसीएल पदाधिकारी को बनाया बंधक

### 15 दिनों के अंदर होगा बिजली की समस्या का समाधान : पदाधिकारी



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड के नागदा के ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर श्रद्धांजलि सभा में ही बीसीसीएल पदाधिकारियों को बंधक बनाया। ज्ञात हो कि नागदा खदान दुर्घटना में मारे गए श्रमिको की 17 वी श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि के बाद ग्रामीणों ने परियोजना पदाधिकारी एम एच कुरैशी से ग्रामीणों ने गांव में बिजली पानी देने की एग्रीमेंट पेपर दिखाकर कहा कि आज कई दिनों से गांव में बिजली नहीं है बार-बार बिजली की कटौती रात को की जाती है जिसका समाधान करना होगा। जब तक हम लोगों के लिए नया ट्रांसफार्मर का व्यवस्था नहीं किया जाता है तब तक यहां से हम ग्रामीण आपको नहीं जाने देंगे। परियोजना पदाधिकारी एम एच कुरेशी के साथ ग्रामीणों की वार्ता हुई जिसमे परियोजना पदाधिकारी ने ग्रामीणों को 15 दिनों के अंदर बिजली की समस्या का समाधान करने का भरोसा दिलाया।

## महुदा रेलवे जंक्शन में क्रू व गार्ड लॉबी का मंडल रेल प्रबंधक ने किया उद्घाटन

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला के महुदा रेलवे जंक्शन में दक्षिण पूर्व रेलवे आद्रा मंडल नवीनीकृत संयुक्त क्रू लॉबी महुदा का उद्घघाटन किया गया। क्रू एवं गार्ड लॉबी हाउस का उद्घाटन सुमित नरूला मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व रेलवे आद्रा के कर कमलों द्वारा किया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि महुदा में क्रू लॉबी की अति आवश्यक थी। सेफटी के नजर से यह जरूरी था की यहां पर उक्त हाउस का उद्घाटन हो। उन्होंने आगे कहा की रेल सेफटी, कर्मी की सुरक्षा। यात्रियों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। एक सवाल के जवाब में कहा की ट्रेन का ठहराव ऊपर के पदाधिकारी के आदेश पर ही किया जाता हैं। इस मौके पर महुदा और आद्रा के कई कर्मी और पदाधिकारी मौजूद थे।



## बीते साल का राशन अब तक नहीं मिला ऑनलाइन में नहीं बता रहा बेलेंस

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड में राशन कालाबाजारी सालो से जारी है यहाँ ऑनलाइन में राशन आबंटित किया हुवा दिखाता वही लाभुकों को राशन मिला ही नहीं है। बीते साल 2022 सितम्बर का 5त्र राशन ही दिया था उसके बदले किसी भी तरह का राशन गरीबों को अभी तक नहीं मिला लेकिन ऑनलाइन में देखने पर पता चलता है आबंटित कर दिया गया। इस मामले को ध्यान दे देखे तो पता चलता है की बहुत बड़ा कालाबाजारी हुवा है। पूरा का पूरा सिस्टम मिलकर लाखो का राशन को गबन किये है। कालाबाजारी का मुख्य कारण है की डीलर द्वारा पहले ही फिंगर लगवा लिया जाता है जबकि राशन कई महीने बाद मिलता है। वही इस साल अगस्त महीना समाप्त हो चूका है लेकिन अभी तक गरीबो को राशन नहीं मिला है। राशन में कटौती के कारण डीलर कोई राशन लेने के लिए और बांटने के लिए तैयार नहीं है तो गरीब कहां जाए। पता नहीं सिस्टम में कब सुधार होगा और कब गरीबो को समय से पूरा राशन मिल पायेगा। इस संबंध को भी पदाधिकारी बताने से भाग रहे अब केंद्र सरकार की राशन झारखंड में पहुंचे कि नहीं यह झारखंड से घोटाला हुआ है या फिर केंद्र सरकार से घोटाला हुआ तो गरीबों का जाए तो जाए कहां।

# संकल्प सभा में उमड़ा जनसैलाब



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखंड के ठाकुरबारी मैदान में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आयोजित संकल्प सभा के तीसरे चरण मे संकल्प सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महादेव दुबे ने किया सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए , इस दौरान इन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में 10000 करोड़ से भी अधिक का घोटाला हुआ है, इस सरकार में सिर्फ घोटाला करना, घोटाले बाजो को बचाना, ट्रांसफर पोस्टिंग का व्यवसाय करना ही मुख्य काम है, आज प्रदेश में प्रत्येक दिन पांच हत्या ,बलात्कार जैसी घटनाएं खुलेआम हो रही है और सरकार मौन है जिससे साफ पता चलता है की ये सब सारे गलत कार्य सरकार के संरक्षण में चल रही है, इस सरकार में इतने घोटाले हो रहे हैं की बताते बताते समय कम पड़ जाएंगे, इसलिए हम आप सबों से अपील करते हैं को इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेकने और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का काम करें, जब हमारे डबल इंजन की सरकार थी तब सब भ्रष्टाचारी जेल में थे, सड़क चकाचक थे, हमने गांव को सड़क से जोड़ने के लिए कई पुल पुलियो का निर्माण करवाया ताकि विकास की किरणें गांव तक पहुंचे और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजना का लाभ मिल सके। वहीं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय ने कहा कि सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है , सरकार ट्रांसफर पोस्टिंग का खेल खेल रही है, आदिवासी बहनो की बलात्कार हो रही है और आदिवासी की हितैषी बताने वाली हेमंत सरकार चुप है हम सबको संकल्प लेना है कि 2024 देश में और राज्य में भाजपा की सरकार को पूर्ण बहुमत चलना है। वही पूर्व विधायक नागेंद्र महतो सभा को संबोधित करते हुए कहा जब हम विधायक थे और राज्य में डबल इंजन की सरकार थी विकास भी तेजी से हो रही थी और जब से हेमंत सरकार आई है तब से हत्या बलात्कार जैसी घटना मे भारी वृद्धि हुवी है, बगोदर मे दिन दहाड़े गोली चल रही है इसलिये आप सब को इस राज्य मे भी भाजपा की सरकार बनाने के लिये संकल्प लेने की जरुरत है, इस सभा मे प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा, जिप उपाध्यक्ष छोटे लाल यादव, सांसद प्रतिनिधि पुलिस प्रशासन देवनाथ राणा, योगेंद्र सिंह, नुनु लाल मरांडी, रजनी कौर,सरिया प्रमुख प्रीति कुमारी, सरिया मंडल अध्यक्ष अजय यादव, मंडल अध्यक्ष पवन पाण्डेय, मुकेश कुमार मंडल,मनीष मंडल, पूर्व प्रमुख रामपति प्रसाद, सचिन सिंह, नकुल मंडल, नकुल पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि मनोज महतो, सोनू सिंह, राजेश मंडल, विनोद यादव, अशोक तुरी, पिंटू मोदी समिति हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टुंडी के कमारडीह में दबंगों द्वारा अवैध जमीन कब्जा को लेकर ग्रामीणों में रोष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी के कमारडीह में आज ग्रामीणों ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ जबरन कब्रिस्तान की जमीन को अतिक्रमण करने को लेकर अंचलाधिकारी टुंडी से मुलाकात कर अविलंब कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी के कमारडीह गांव में इन दिनों कुछ दबंगों द्वारा आए दिन जमीनों में जबरन कब्जा करने की होड़ सा मचा हुआ है समय रहते इस और ठोस कारवाई नहीं किया गया तो जमीन कब्जे को लेकर बहुत बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। आज इसी को लेकर कमारडीह गांव के कुछ बुद्धिजीवी लोग अंचल अधिकारी से मिलकर अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## आइसा ने बीबीएमकेयू के वीसी व जैक सचिव का पुतला जलाया



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को ऑल इंडिया स्टुडेंट एसोसियेशन (आइसा) के बैनर तले बीबीएमकेयु के वीसी सुखदेव भोई व जैक सचिव बिनोद कुमार सिंह का पुतला जलाया गया। आयशा के स्टेट जॉइंट सेक्रेटरी अजारानी निशानी ने बताया कि बीबीएमकेयू के सभी अंगिभुत कॉलेजों मे इंटर का नामांकन नही लिया जा रहा है।जबकि राज्य से आदेश आने के बाद झारखंड के हर जिलों मे लिया जा रहा है। धनबाद व बोकारो जिले मे +2 स्कुलों कि संख्या कम है और उसमे भी जगह नही बची है पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार जब युनिवर्सिटी गए तो वहां पर बातचीत के दौरान सारा दोष जिला शिक्षा विभाग पर दे दिया गया। जब शिक्षा विभाग के दफ्तर मे गए तो वहां अधिकारी छुट्टी पर गए है। ऐसी स्थिति मे छात्रों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है।

## 14वें ओपेन नेशनल ताईक्कांडो प्रतियोगिता में गिरिडीह ने 5 स्वर्ण व 3 कांस्य पदक अपने नाम किए

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** रांची के खेल गाँव में दिनांक 1 से 4 सितंबर तक हुए 14वे ओपन नेशनल ताइक्कांडो प्रतियोगिता में गिरिडीह की टीम ने पांच स्वर्ण पदक सहित 3 कांस्य पदक अपने नाम करने में कामयाब रही। गिरीडीह जिला ताइक्कांडो संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया कि 1 से 4 सितंबर तक रांची के खेल गांव में आयोजित 14वी ओपन नेशनल ताइक्कांडो प्रतियोगिता के लिए गिरिडीह के 9 सदस्यीय टीम इस प्रतियोगिता में गई हुई थी जिसमे आठ खिलाड़ी और 1कोच रोहित राय सम्लित थे।

उन्होंने बताया कि ये गिरिडीह के लिए हर्ष की बात है कि आठ में से आठ खिलाड़ी पदक जीतने में कामयाब रहे। पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ियो के नाम इस प्रकार है- सब जूनियर बालिका वर्ग में काव्या सिंह गोल्ड मेडल तथा नव्या सिंह सिल्वर मैडल जितने में कामयाब रही वही प्रेशर आयु वर्ग में विकास ,समीर और कृष्णा ने स्वर्ण पदक जीता एवं सौरभ ,प्रिंस और राकेश कांस्य पदक जीतने में कामयाब रहे।



जिससे गिरिडीह के सभी ताइक्कांडो खिलाड़ियो में खुशी की लहर है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में पूरे भारत भर से लगभग दो हजार खिलाड़ियो ने भाग लिया था और ये प्रतियोगिता चार आयु वर्ग और फ्रेशर वर्ग में खेला गया था। जिसमे गिरिडीह के 8 खिलाड़ी झारखंड की और से खेलते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्सन किया और पांच स्वर्ण पदक और तीन कास्य पदक अपने नाम करने में कामयाब रहे। उन्होंने बताया कि बीते कुछ वर्षो से गिरिडीह के ताईक्कांडो खिलाड़ी अपने काबलियत से जिला से लेकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने हुनर का लोहा मनवा रहे है और गिरिडीह का नाम राष्ट्रीय स्तर पर लहरा रहे है पर इसके बाउजूद भी इनको कोई भी सहायता खेल विभाग या सरकार की ओर से नही मिल रही है। इस ताइक्कांडो खेल में उपयोग होने वाली खेल सामग्री थोड़ी महंगी अति है और ये सभी खिलाड़ि मध्यम वर्ग परिवार से आते हैं जिस कारण ये खिलाड़ी इन सामग्रियों को नही खरीद पाते है वो किसी तरह प्रतियोगिता में आने वाले खर्च ही वहन कर पाते है।

## साथी फाउंडेशन ने डॉ. शबा आलम खान को किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शिक्षक दिवस के अवसर पर नियाह फाउंडेशन की फाउंडर डॉ शबा आलम खान का साथी फाउंडेशन स्कूल में मुख्य अतिथि के रूप मे आगमन हुआ। साथी फाउंडेशन ने मोमेंटो देकर डॉ शबा आलम खान को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने बच्चों से कई तरह के सवाल किये जिसमे बच्चों ने भी काफी रूचि दिखाई। डॉ शबा द्वारा संबोधित मोटिवेशनल सेशन से बच्चे काफी प्रेरित हुए और अच्छी पढ़ाई का भी संकल्प लिया।

वहीं नियाह फाउंडेशन के द्वारा साथी फाउंडेशन स्कूल की दो बच्चियों को निश्शुल्क सेल्फ डिफेंस कोर्स के लिए चयन किया गया जिसके लिये साथी फाउंडेशन के सचिव इरफान आलम ने डॉ शबा को धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में संस्था के बच्चों के साथ साथ शिक्षिकाएं भी मौजूद थी।

## डुमरी उपचुनाव की मतगणना कल, सुबह 8 बजे से होगी वोटो की गिनती

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** डुमरी उपचुनाव में शांतिपूर्ण मतदान के बाद अब जिला प्रशासन 8 सितंबर को होने वाले मतगणना की तैयारी में जुट गया है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने मतगणना को लेकर बताया कि 8 सितंबर को केंद्रीय निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप पचंबा कृषि बाजार समिति के हाल में 16 टेबल पर सुबह 8 बजे से की गिनती होगी और 24 राउंड में मतगणना का काम पूरा होगा. मतगणना को लेकर आवश्यक कर्मियों की प्रतिनियुक्ति का काम कार्मिक कोषांग द्वारा पूरा किया जा चुका है, उन्हें इस संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा चुका है. संभावना है कि मतदान की तरह ही मतगणना का काम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होगा. वहीं जिले के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा को लेकर केंद्रीय बालों के जवानों को तैनात किया गया है और 8 सितंबर को मतगणना का काम पूरा होने तक लगातार वह सुरक्षा में तैनात रहेंगे. सुरक्षा के लिए जिला पुलिस के जवानों के साथ साथ झारखंड जगुआर के जवान भी लगाए गए हैं. मतगणना के दिन भी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की तैयारी की जा रही है. डुमरी उपचुनाव को लेकर मंगलवार को हुए मतदान में 64.84 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. इस दौरान किसी भी मतदान केंद्र पर किसी गड़बड़ी की कोई सूचना नहीं मिली है. जिले के उपायुक्त ने कहा कि मतदान में प्रयोग किए गए सभी ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को कड़ी सुरक्षा में पचंबा कृषि बाजार स्थित वज्रगृह में रखा गया है. सभी उम्मीदवारों व उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ही वज्रगृह को अब 8 सितंबर को मतगणना के दिन वज्रगृह को खोला जायेगा।

## धनबाद के नागदा कोयला खदान दुर्घटना के 50 शहीदों की मनाई गई 17वीं वर्षी

### अभी तक एक शहीद के आश्रित को नही मिला है नियोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** वो काली रात लोगो के जेहन में आज भी ताजा है नागदा कोयला खदान दुर्घटना या हत्या आज भी 50 शहीद श्रमिक को जवाब नही मिला है। घटना से पूरा क्षेत्र गमनीय में तबादिल हो गया था। आसमान में काले बादल छा गया था। चारो तरफ रोने और चिलाने की आवाज कानों में गुज रही थी। धनबाद जिला के महुदा अंतर्गत भाटडीह कोलियरी के नागदा खदान 17 नंबर में भयावह दुर्घटना में मिथेन गैस बलास्ट से शहीद हुए 50 श्रमिको की 17 वी वर्षी मनाया गया। इस मौके में बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता ने 50 शहीद श्रमिको को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बताया कि 2006 की सबसे बड़ी खदान दुर्घटना थी। भगवान उन शहीद सभी श्रमिको की आत्मा को शांति प्रदान करे।कंपनी ने सभी शहीद श्रमिको के परिजनों के आश्रित को मुआवजा और नियोजन दिया। सीएमडी ने स्वर्गीय मनोज मिश्रा के पुत्र के सवाल के जवाब में कहा की स्वर्गीय मनोज मिश्रा के आश्रित को नियोजन नही मिला है । ऐसा तो नहीं होना चाहिए था। मौके पर विनिता मैडम को निर्देश देते हुए कहा की इसकी जांच कर मुझे अवगत कराए। इस श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि देने वालो में पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारणी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, बाघमारा विधायक प्रतिनिधि शरथ महतो, बीसीकेयू के हलधर महतो, अशोक दोषण्धी , सीएमडी समीरन दत्ता, निदेशक कार्मिक मुरली कृष्णा रमेया, महाप्रबन्धक जेएस महापात्रा, विद्धुत साहा, निदेशक (वित्त) राकेश कुमार, मुख्य प्रबन्धक कार्मिक एसके सिंह, एजीएम एमएच कुरेशी, पीओ बीएन साहा, एपीएम विनिता कुमारी,एई आरआर करण, एसके सिंह, भाटडीह ओपी प्रभारी सौरभ चौबे, श्रमिक प्रतिनिधी अब्दुल समद अन्सारी, सीडी, जीपी, पीएन तिवारी, मोईनुद्दीन, मुखिया बदरूद्दीन, आरपी, देवेन, भगतु प्रसाद, मनोहर तिवारी, उदय, आदी शामिल थे।

## पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने मनाया जन्माष्टमी उत्सव



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में बुधवार को कृष्ण जन्म उत्सव जन्माष्टमी बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। दिव्यांग बच्चों की खुशियो में शामिल होने सरायढेला थाना प्रभारी विनय कुमार स्कूल पहुंचे। पहला कदम स्कूल में दिव्यांग बच्चों के बीच राधा कृष्ण फैंसी ड्रेस कॉम्पिटिशन और माखन हांडी तोड़ प्रतियोगिता रखी गई। सभी बच्चे बहुत ही आकर्षक एवं मनमोहक रूप से तैयार होकर आए।

## झरघट्टा के कोल आदिवासियों में जंगल के सखुआ पेड़ काटने का किया विरोध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** भाकपा माले के समर्थक एवं गांडेय प्रखंड व खुरचुट्टा वन प्रक्षेत्र अंतर्गत झरघट्टा पंचायत के तेलझारी गांव के कोल आदिवासियों ने उनके घर के समीप स्थानीय कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से वन भूमि से सखुआ के पेड़ कटवाए जाने काटने का विरोध करते हुए इसके खिलाफ खुरचुट्टा वन प्रक्षेत्र कार्यालय को सूचना देते हुए कहा कि, गरीबों के ऊपर वन विभाग के सारे कानून लागू होते हैं, तो अन्य लोगों पर क्यों नहीं.? वहीं, जानकारी मिलने पर इस बाबत भाकपा माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने भी वन विभाग के लोगों से बात कर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की। साथ ही कहा कि, यदि जरूरत पड़ी तो डीएफओ से भी मुलाकात कर इस पर बात की जाएगी। उन्होंने कहा कि, पिछले दिनों इसी वन प्रक्षेत्र के छोटकी कुम्हरिया गांव के अशोक हांसदा को वन विभाग की टीम ने गिरफ्तार करके इसलिए जेल भेज दिया था, कि वह सदियों से जंगल की जमीन पर बने अपने पुराने मकान के धंस जाने पर सरकार द्वारा स्वीकृत पीएम आवास का निर्माण करवा रहा था। कहा कि, इसी तरह इसी तेलझारी के गरीब कोल आदिवासियों के पीएम आवास के लिए भी जंगल की जमीन बताकर दूसरी किश्त की राशि रोक दी गई है। दूसरी ओर, बड़े लोगों द्वारा कई जगह खुले आम वन भूमि के अतिक्रमण पर कुछ नहीं होता। उन्होंने वन विभाग के इस का दोहरा रवैया बंद करने सहित तेलझारी मामले पर निष्पक्ष होकर कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही कहा कि, सभी आदिवासियों और अन्य जरूरतमंद गरीबों को वन भूमि का पट्टा दिया जाय। बहरहाल, विरोध के कारण मामला संज्ञान में आने के बाद वन विभाग द्वारा पेड़ कटाई रुकवा दी गई है।

## गोरखपुर कैण्ट यार्ड रिमाडलिंग एवं गोरखपुर कैण्ट-कुसम्ही तृतीय लाइन के कमीशनिंग के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्री सुविधा के उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु गोरखपुर कैण्ट यार्ड रिमाडलिंग एवं गोरखपुर कैण्ट-कुसम्ही तृतीय लाइन के कमीशनिंग हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण को रद्द, मार्ग परिवर्तन, पुनर्निर्धारण, शार्ट टर्मिनेशन एवं शार्ट ओरिजिनेशन 06 से 11 सितम्बर, 2023 तक निम्नवत किया जायेगा। गोरखपुर कैण्ट यार्ड रिमाडलिंग होने के पश्चात सेटेलाइट स्टेशन के रूप में विकसित हो जायेगा तथा यहाँ पर लाइनें एवं प्लेटफार्म संख्या बढ़ जायेगी और यहाँ से गाड़ियां चलाई जा सकेंगी। तीसरी लाइन के निर्माण से लाइन क्षमता में विस्तार होने के फलस्वरूप अधिक गाड़ियों का संचलन होगा तथा गाड़ियों के समय पालन में सुधार होगा।

ऽ **निरस्त की गयी ट्रेनें -**

1.प्रयागराज रामबाग एवं मुजफ्फरपुर से 11 सितम्बर, 2023 को चलने वाली 12538/12537 प्रयागराज रामबाग-मुजफ्फरपुर-प्रयागराज रामबाग एक्सप्रेस निरस्त रहेगी ।

2.लखनऊ जं. एवं पाटलिपुत्र से 08, 09 एवं 11 सितम्बर, 2023 को चलने वाली 12530/12529 लखनऊ जं.-पाटलिपुत्र-लखनऊ एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

3. गोरखपुर से 08, 10 एवं 11 सितम्बर, 2023 को चलने वाली 15048 गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

4.गोमतीनगर से 11 सितम्बर, 2023 को चलने वाली 15078 गोमतीनगर-कामाख्या एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

5.कामाख्या से 12 सितम्बर, 2023 को चलने वाली 15077 कामाख्या-गोमतीनगर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

6. कोलकाता से 09, 11 एवं 12 सितम्बर, 2023 तक चलने वाली 15047 कोलकाता-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

7. श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से 06 सितम्बर, 2023 को चलने वाली 15656 श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा-कामाख्या एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

8.कामाख्या से 10 सितम्बर, 2023 को चलने वाली 15655 कामाख्या-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

9.कामाख्या से 07 सितम्बर, 2023 को चलने वाली 15621 कामाख्या-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में जन्माष्टमी के असर पर कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा अरुण से कक्षा नवम तक के लगभग 50 भैया बहनों ने भाग लिया। वही प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रबंधकारिणी समिति के कोषाध्यक्ष केदार साहू, विद्यलाय के प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी एवं निर्णायक मंडली के द्वारा संयुक्त रूप से द्विपप्रज्वलं कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में कक्षा अरुण से पंचम तक मे प्रथम स्थान भैया युवराज कुमार एवं करण कुमार,द्वितीय स्थान अनुराग कुमार एवं गुनगुन कुमारी, तृतीय स्थान नैंसी कुमारी एवं अंजली कुमारी तथा कक्षा षष्ठ से नवम के लिए प्रथम स्थान भैया मृन्तुंजय कुमार, एवं अनामिका कुमारी को प्राप्त हुआ। वही निर्णायक मंडली में कोषाध्यक्ष केदार साहू, विद्यालय के कार्यक्रम प्रमुख प्रतिभा देवी और प्रधानाचार्य मौजूद थे। वही विद्यालय के प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने कहा की इस तरह के प्रतियोगिता से बच्चे बच्चियों में नैतिक एवं धार्मिक गुणों का विकास होता है। हमे मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के आचरण एवं भगवान श्रीकृष्ण जी के व्यत्तित्व से मानव समाज के लिये भलाई और त्याग, तपस्या जैसे आदर्श गुणों को सीखने की जरूरत है। साथ ही विद्यालय के कोषाध्यक्ष केदार साहू ने कहा की भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा कही गयी वाणी गीता के रूप में संग्रहित है। भगवान श्री कृष्ण जी का उपदेश के कारण श्रीमद भागवत गीता में ज्ञान का भंडार है। जो हिन्दुओं का पवित्र धर्म ग्रन्थ है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी अचार्य आचार्या का सहयोग रहा। मौके पर प्रतिभा देवी, सुषमा देवी, जय प्रकाश सिंह, राजकिशोर उराँव, मीना देवी, डॉली कविता, गंगा कुमारी चांदनी कुमारी, शुशान्ति कुमारी सहित सभी आचार्य आचार्या और छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

## जन समस्याओं का निदान करना मेरी पहली प्राथमिकता : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड राज्य के पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत पेशरार प्रखंड के ग्राम मुरमू, कोपिया, सांगोडीह, सेमभूवा इत्यादि गांव का दौरा कर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने श्री भगत का नक्सली प्रभावित क्षेत्र भ्रमण कर जनता की समस्याओं से अवगत होने के लिए उनका आभार प्रकट करते हुए क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इस क्षेत्र से प्रखंड मुख्यालय पेशरार जाने का रास्ता नहीं होने के कारण जनता को प्रखंड मुख्यालय जाने के लिए लातेहार जिला होकर जाना पड़ता है जिसके कारण उन्हें काफी दूरी तय करना पड़ता है। ग्रामीणों ने श्री भगत से पेसरार प्रखंड मुख्यालय से लावापानी, अमबवा पावा होते हुए लातेहार जिला के सीमा तक सड़क का निर्माण कराने, सांगोडीह स्कूल में पेयजल की कमी को दूर करने, लोगों को समय से राशन दिलाने, जर्जर पथ का मरम्मत करवाने जैसे अनेक समस्याओं से अवगत कराये। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि क्षेत्र की जन समस्याओं का निदान करना उनकी पहली प्राथमिकता है और इसके लिए वह निरंतर प्रयासरत रहते हैं। झारखंड सरकार सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रही है उन्होंने ग्रामीणों से प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का निदान करने का आश्वासन दिए।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में करियर काउंसलिंग कार्यशाला आयोजित



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान एवं इंडिया लिटरेसी प्रोजेक्ट के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। संस्थान के कार्यक्रम प्रबंधक अभय अलबेला, एवं सहयोगी रश्मि शाहदेव, पूनम कुजूर तथा ब्रजेश शर्मा ने विविध गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की करियर को लेकर रुचि जानी और उनका मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य उत्तम मुखर्जी और कार्यक्रम प्रमुख ने संयुक्त रूप से किया। प्राचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य उत्सर्ग पत्रिका भेंट कर किया गया। कार्यक्रम प्रबंधक ने करियर काउंसलिंग के चार चरणों में से दो चरण-परिचय और हॉलैंड कॉर्ड टेस्ट के बारे में बताया। हॉलैंड कॉर्ड टेस्ट के तहत बच्चों की रूचि और स्वभाव के बारे में जानने का प्रयास किया गया कि उनकी रूचि के अनुसार उनका रुझान किस ओर है। उन्होंने बतलाया कि यह कार्यक्रम जिले के सभी प्लस टू और हाई स्कूल में कराया जा रहा है,ताकि बच्चों को अपने करियर का चयन करने में सुविधा हो। कार्यक्रम में कक्षा 11 वीं एवं 12 वीं के लगभग 200 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं में प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी,र श्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, स्नेहा शर्मा, आरती भगत, रितेश कुमार पाठक भी भी उपस्थित थे।

## ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम के साथ मनाया गया



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्राचार्य एसके झा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि द्वापर युग में भगवान विष्णु कृष्ण के रूप में जिस उद्देश्य को लेकर अवतार लिए थे वह उस युग में तो सफल रहा ही आज के युग में भी कृष्ण का जीवन दर्शन हमारे लिए प्रासंगिक है, मार्गदर्शक है। विद्यालय के संगीत शिक्षक कौस्तुभ पांडे ने भी कृष्ण पर आधारित सुंदर भजन प्रस्तुत किया। जयंती कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित थे।

## अपनी खेल प्रतिभा में निखार लाएं खिलाड़ी : विधायक भूषण बाड़ा

**➲तपकारा देवगांव चापाटोली में शिक्षक दिवस के मौके पर नव युवक संघ द्वारा आयोजित हॉकी टूर्नामेंट का समापन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा बुधवार को पालकोट प्रखंड के तपकारा देवगांव चापाटोली में शिक्षक दिवस के मौके पर नव युवक संघ द्वारा आयोजित हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। प्रतियोगिता का फाइनल मैच सुंदरपुर बनाम देवगांव मुरईटोली के बीच खेला गया। जिसमे देवगांव मुरईटोली की टीम ने 1-0 गोल से जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता और उपविजेता को विधायक भूषण बाड़ा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर विधायक ने खेल के विकास के लिए किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मान देने के साथ साथ नौकरी भी दी जा रही है। आप सभी बेहतर खेल का प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से आज सैंकड़ो खिलाड़ी विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी कर रहे हैं। आप सभी भी अपनी खेल प्रतिभा में निखार लाए। उन्होंने कहा कि जीवन मे खेल जरूरी है। खेल से शारिरिक और मानसिक विकास होता है। मौके पर विधायक ने ग्रामीणों की समस्या भी सुनी। साथ ही समस्या का निदान करने का आश्वासन दिया। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा,प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता,वरीय सह विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता, 20 सूत्री अध्यक्ष विनय लकड़ा, युवा काग्रेस अध्यक्ष रोहित एक्का, अनु सूचित जिला अध्यक्ष भुनेश्वर राम, 20 सूत्री सदस्य सत्यनारायण केशरी,पंचायत अध्यक्ष संजय लकड़ा, संकर साहू, राजू टेटे, जेल्स लकड़ा, मोजेस लकड़ा, अनिमा तिर्की, पुनीत एक्का, फुलवान एक्का, नेलशन एक्का, आलोक लकड़ा, बिनित तिर्की, अनुज एक्का, रोहित एक्का, नवीन एक्का, आभाष एक्का, अनिमा एक्का, छोटू गोप, रूपेश गोप, विकास एक्का, जोसेफ तिर्की, अमर एक्का, पियूष एक्का, जितेंद्र एक्का, समीर एक्का, भिंसेंट मिंज, अरबीन एक्का, चिराश लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## मिशन बदलाव ने की राज्य में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की मांग : भूषण भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** मिशन बदलाव के तत्वावधान में आयोजित फाइनल के समापन में मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत ने कहा कि हमारे राज्य में प्रतिभा की फौज है और अगर राज्य सरकार प्रतिभाओ को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। इसके लिये रणनीतियों एवं प्लानिंग की जरूरत है, भूषण भगत ने कहा कि स्पोर्ट्स और खेलों में रुचि, हमें जीवन में कठिन परिस्थितियों का सामना करने और शरीर और मस्तिष्क को तनाव रहित बनाने में मदद करती है। यह टीम सदस्यों के बीच में मित्रता की भावना को विकसित करने, एक साथ काम करने की आदत को बढ़ावा देती है। मिशन बदलाव के संस्थापक सदस्य अमित झा ने कहा कि यह मस्तिष्क और शरीर को आकार देने और थकान और सुस्ती को हटाने के द्वारा मानसिक और शारीरिक कड़ाई वाले व्यक्ति का निर्माण करती है। यह पूरे शरीर में रक्त परिसंचरण में सुधार करती है इस प्रकार, व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्तर में सुधार होता है।मिशन बदलाव राँची के शशि मुंडा और मनीष ने कहा कि स्पोर्ट्स और खेल वो गतिविधियाँ है जो, व्यक्ति को उच्च स्तर की क्षमता के साथ व्यक्ति को और अधिक सक्षम बनाता है। यह मानसिक थकावट दूर करता है और हमें किसी भी कठिन काम को करने के लिए सक्षम बनाता है। मिशन बदलाव सिमडेगा के जिलाध्यक्ष तुलसी साहू और जंयती बड़ाईक ने कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में, शिक्षा को और अधिक दिलचस्प बनाने के लिए खेल को शिक्षा का अभिन्न अंग बना दिया गया है। शिक्षा को बिना खेलों के अधूरा माना जाता है क्योंकि खेलों के साथ शिक्षा, बच्चों का अध्ययन की ओर अधिक ध्यान खिंचती है। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राजेश बरला ने भी खेल को अच्छी तरह खेलने की बात कही तथा प्रखंड में इस तरह का आयोजन बच्चों के प्रतिभा को दिखाने का अच्छा अवसर होता है इनका खिलाड़ियों के प्रति शुभ सन्देश था। मौके पर उपस्थित अंचलाधिकारी डॉ खगेन महतो ने भी खिलाड़ियों को अपने खेल को अच्छी तरह खेलने के लिए प्रेरित किया साथ ही सभी विजेता उपविजेता टीमों को शुभकामनाएं दी।

## बरती देवी सरस्वती शिशु मंदिर में राधा-कृष्ण छवि प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरती देवी सरस्वती शिशु मंदिर हरमू रोड लोहरदगा में राधा कृष्ण छवि प्रतियोगिता का आयोजन श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर किया गया जिसमें कक्षा शिशु और बोध के भैया बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में सुंदर छवि को पुरस्कृत भी किया किया गया जिसमें निर्णायक मंडल में विधालय के प्रधानाचार्य हिमांशु कुमार के अलावे अभिभावकों गण उपस्थित थें। कान्हा मंडली में प्रथम गोविंदा महतो,शुभम नायक, ऋतिक लकड़ा को प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ वहीं राधा मंडली में आयती टोप्पो,शानवी कुमारी और सृष्टि कुमारी को प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस मौके पर विधालय के प्रधानाचार्य हिमांशु कुमार, शिक्षिका सुनीता साहू, सोनी देवी, सोनिया साहू, संगीता देवी विजय लक्ष्मी इंद्वार, मंजू देवी, दीप्ति कुमारी, संगीता कुमारी के अलावा विधालय के छात्र-छात्रा और अभिभावक उपस्थित थें।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर कैरो श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर मे अखंड कीर्तन आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 06 सितंबर बुधवार को श्री नर्मदेश्वर शिव मंदिर मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर 12 घन्टे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। उक्त अखंड हरिकीर्तन बुधवार 12 बजे दिन से 12 बजे मध्य रात्रि तक आयोजन समिति की और से आहुत की गयी। इस अवसर पर हरे राम-हरे कृष्ण के गूँज से आसपास का वातावरण भक्तिमय हो गया है। इस अवसर पर आचार्य कौशल कान्त त्रिपाठी जी ने कैरो श्री नर्मदेश्वर मंदिर मे विधिवत अनुष्ठान कराने के उपरांत कहा कि द्वापर युग मे पृथ्वीलोक पर कंस जैसे असुर सम्राट के यातनाएँ चरम पर थी, तब आज ही के दिन भादो मास के कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि को 12 बजे मध्य रात्रि मे देवकी के गर्भ से असुर कंस के कारागार मे भगवान विष्णु ने आम लोगो को असुर की आतंक से मुक्ति के लिए श्री कृष्ण के रुप मे अवतार लिया था, तब द्वापर युग से आज तक श्री कृष्ण जी जन्म उत्सव पर पृथ्वीलोक मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार एक उत्सव के रुप मे मनाया जाता चला आ रहा है। आज के उक्त आयोजन मे मुख्य रूप से गंगा प्रसाद, आनन्द प्रसाद साहू, वसंत साहू, मोती साहू, कृष्णा साहू, अनिल साहू, राजेन्द्र सोनी, बालेश्वर साहू, सुरज मोहन साहू, रिंकु प्रसाद, बजरंग प्रसाद, कमलेश साहू, अभिमन्यु कुमार, इत्यादि लोग उक्त अखंड हरिकीर्तन अनुष्ठान में उपस्थित थे।

## कैरो शिशु विद्या मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर रुप-सज्जा प्रतियोगिता का हूआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरों में 06 सितंबर बुधवार को भगवान कृष्ण के जन्म दिन के अवसर पर राधा कृष्ण रूप सज्जा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार कार्यालय प्रमुख देवा उरांव ने मां शारदे भारत मां में दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर के प्रारंभ किया। जिसमें कक्षा प्रवेश से कक्षा दशम तक के 40 भैया एवं बहनों ने भाग लिया जिसमे राधा रूप सज्जा में प्रथम कक्षा नवम के बहन अंजली लकड़ा, द्वितीय स्थान कक्षा उदय के बहन शानवी राज एवम तृतीय कक्षा अरुण के बहन समृद्धि कुमारी तथा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम भैया दक्ष राज द्वितीय किट्टू साहू एवम तृतीय स्थान में भैया लोकेश कुमार चुने गए ऐसे सभी प्रतिभागी एक से बढकर एक मनमोहक झांकियां प्रस्तुत किए जो सबको अपनी ओर आकर्षित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिभावक एवम विद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी ने सहयोग किया। इस प्रतियोगिता में प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा की इस तरह के कार्यक्रम से भैया बहनों में प्रतिस्पर्धा बढ़ती है और उनमें और अच्छा कार्य करने की क्षमता बढ़ती है।

# फुटबाल के महाकुंभ का किया गया समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा के युवा संघ ने 5 सितंबर के शुभ अवसर पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया था। जिसमें विनर प्रथम स्थान विजेता टीम जोनोदा के एवं सेकंड दूसरा स्थान पर गोटीटांगर पुरनापानी के टीम विजय प्राप्त किया। इस फुटबाल टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि रुप में ओड़गां मुखिया श्री मुकुट समद जी ओड़गां ओ.पी.ए एस ई श्री प्रमोद कुमार कांग्रेस प्रखंड कमेटी श्री सुशील जड़िया थे। युवा क्लब ओड़गा सारूबहार फुटबॉल टूर्नामेंट अध्यक्ष किशोर महाकुर, उपाध्यक्ष संतोष महतो, सचिव छोटू बड़ाईक, संयोजक संतोष गोप, मंच संचालन श्री नरेश बड़ाईक। इस खेल में योगदान दिए विष्णु तिर्की, समीर डुंगडुंग, किस्मत मांझी, बजरंग तिर्की, धनेश्वर गंजू, मुकेश साहु, रामप्रताप मांझी, असीम लुंगून, मोहन मांझी, बाली मांझी, सुदर्शन सिंह, अन्य गणमानिया लोगों का योगदान रहा।

## डीएवी स्कूल में जन्माष्टमी उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा प्रांगण में प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक, अश्विन पात्रो व आरती कुमारी ने जन्माष्टमी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृष्ण जन्माष्टमी अथवा श्री कृष्ण जी के जन्मदिन का पर्व भारत के प्रमुख पर्वो में से एक है। यह त्योहार भगवान श्री कृष्ण के जन्मोंत्सव (जन्मदिन) के रुप में मनाया जाता है। यह भारतीय पर्व भगवान श्री कृष्ण के मानव कल्याण के लिए किये गये कार्यों और आदर्शों को समर्पित है। मथुरा और वृंदावन में इस त्यौहार को मनाने का मुख्य केंद्र होते हैं यहां की जन्माष्टमी की रौनक की चर्चा विश्व विख्यात है। भारत के कोने-कोने में इस पर्व को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। विद्यार्थियों को जन्माष्टमी का महत्व, इतिहास व विधि विधान की जानकारी देने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जन्माष्टमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मंच संचालन शिक्षक पी के सिन्हा के साथ अनुष्का आर्या व अंतरा कुमारी ने किया। कक्षा एलकेजी से तृतीय तक के सभी बच्चों ने बाल कृष्ण व राधा का मनोहारी रूप धारण किया। संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक के साथ बालिकाओं ने कृष्ण भजन प्रस्तुत किया। कृष्ण जन्म पर आधारित नाटक भी प्रस्तुत किया गया।

**गीता पाठ में रोशनी उरांव व प्रश्नोत्तरी में अवंतिका पुजारी प्रथम**

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में गीता पाठ और गीता प्रश्नोत्तरी आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर गीता पाठ और गीता प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। गीता पाठ प्रतियोगिता में रोशनी उरांव प्रथम, मृत्युंजय पाठक द्वितीय और आशुतोष कुमार साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गीता पाठ प्रतियोगिता में पायल वर्मा, अनिमा कुमारी, पूनम कुमारी, बबली कुमारी आदि की भी सहभागिता सराहनीय रही। गीता प्रश्न मंच प्रतियोगिता 8 चक्रो और 3 अतिरिक्त चक्र में संपन्न हुई। गीता प्रश्न मंच प्रतियोगिता में अवंतिका कुमारी पुजारी, पायल वर्मा व रिया कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में नितेश उरांव, आदित्य उरांव, रोशन उरांव, अमन टोप्पो, चंदन महतो, पायल वर्मा, ईशा कुमारी, सोनी उरांव, अनिमा कुमारी, विशाल शिखर, रोशनी उरांव आदि भैया-बहनों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, निर्णायक मंडली सदस्यों और कार्यक्रम प्रमुख ने सभी विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए। प्राचार्य ने मौके पर कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यालय में आवश्यक है क्योंकि आजकल के बच्चे पश्चिमी सभ्यता की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं और अपनी सभ्यता संस्कृति को भूल रहे हैं। निर्णायक की भूमिका में ऋद्धि मिश्रा और चेतना प्रिया और समय-पालक की भूमिका में यशोदा कुमारी थी। कार्यक्रम का संचालन और प्रश्नकर्ता की भूमिका प्रीति कुमारी गुप्ता ने निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में नीतू कुमारी, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, कविता कुमारी, स्नेहा शर्मा, आरती भगत, रितेश कुमार पाठक सहित शिक्षक-शिक्षिकाओ ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## सनातन धर्म लंबियों ने जमकर काटा बवाल, दी चेतावनी, ऐसे नेताओं को अभिलंब गिरफ्तार करे प्रशासन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जय श्रीराम समिति नगर अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में पावरगंज स्थित देवी मंदिर में महाआरती एवं भंडारा का हुआ भव्य आयोजन। हजारों की संख्या में महिलाएं बड़े बच्चे हुए शामिल महाआरती के बाद हनुमान चालीसा पाठ किया गया। उसके बाद तमिलनाडु सीएम के बेटे उदयनिधि स्टालिन के द्वारा सनातन धर्म के खत्म करने के बयान को लेकर सड़कों पर हजारों की संख्या में सनातन धर्मलंबियो का हुआ प्रदर्शन खूब लगे नारे, सनातन विरोधी हाय हाय, सनातन धर्म को मिटाने वाले खुद मिट्टी में मिल जाएंगे, सनातन एकता जिंदाबाद,सनातन धर्म से जो टकराएगा चूर-चूर हो जाएगा, सरना सनातन एक है, सनातनी होना गर्व की बात जैसे नारों से पूरा शहर गूंज उठा सभी लोगों में उदय निधि स्टालिन के विरुद्ध काफी गुस्सा। सनातनियों ने दी चेतावनी ऐसे सनातन विरोधी नेता या उसे सपोट करने वाले राजनीतिक पार्टियों का होगा संपूर्ण बहिष्कार ऐसे लोगो के द्वारा पूरे देश में माहौल खराब करने की चल रही मंशा कभी कामयाब नहीं होगी, ऐसे लोगों को प्रशासन अभिलंब करें गिरफ्तार द्य कार्यक्रम के पश्चात नगर कमेटी का विस्तार किया गया जिसमें नगर महामंत्री सुशील पटनायक, नगर कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति भगत एवं उपाध्यक्ष पवन प्रजापति को बनाया गया। जिसे जिला संरक्षक सुषमा सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद,अजय पंकज जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव उर्फ गुड्डु, संतोष लकड़ा, ओम महतो, जिला महामंत्री अजय साहू, अनिल उरांव, बिक्की कसेरा, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, संगठन मंत्री अभिषेक साहू, सह कोषाध्यक्ष निखिल कुमार, मंदिर समिति अध्यक्ष पप्पू वर्मा के द्वारा पट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया द्य मौके पर जिला, नगर एवं महिला कमेटी के सभी पदाधिकारी, सदस्यगण समेत हजारों की संख्या में सनातन धर्मलंबी मौजूद थे।

## करोड़ की लागत से पथ निर्माण स्वकृति पर विधायक प्रतिनिधि ने किया शिलान्यास



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत के गगेया बाजार टांड से पतलो गड़वाल सिमाना तक आर0 ई0ओ0 विभाग से 4.50 किलोमीटर पथ निर्माण का स्वकृति मिलने पर विशुनपुर विधानसभा विधायक प्रतिनिधि शिवराम कच्छप, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी कैरो जिला परिषद सदस्य सुखदेव उराँव, भंडरा विधायक प्रतिनिधि मिठू उराँव, सेन्हा विधायक प्रतिनिधि बिरेन्द्र उराँव, मुखिया बंधन उराँव सहित विभाग के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से विधिवत आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार पाहन पुजार के द्वारा पूजन कर किया गया?। वही ग्रामीणो द्वारा बताया गया की गगेया से पतलो तक सड़क काफी समय से जर्जर हो गया था। जिसे रास्ता पर चलने के लिये ग्रामीण को काफी परेशानी होती थी। और दो गांव की संपर्क कम दूरी होने के बावजूद रास्ता खराब होने के कारण दूरी कोषों दूर हो रहा था। जिसकी सूचना बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा को मिलते ही उनके पहल से आर0ई0ओ0 से पथ निर्माण का स्वकृति कराया गया। स्वकृत पथ निर्माण कार्य का प्राकलन राशि लगभग 4 करोड़ है। जिसे 4.50 किलोमीटर सड़क बनवाया जाएगा।

**चलते चलते एक नजर**

## भारत इंडिया विवाद को लेकर थरूर ने सत्ता पक्ष पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली :** भारत इंडिया विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस सहित अनेक विपक्षी दल सरकार पर अनेक आरोप लगा रहे हैं। विपक्ष का तर्क है कि मोदी सरकार इंडिया गठबंधन से डरी हुई है। इसलिए सरकार अब इंडिया कहने की बजाय भारत कहना शुरू कर रही है। इसी क्रम में कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी सरकार की आलोचना की है। थरूर ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि विपक्ष खुद को अलायंस फॉर बेटरमेंट, हार्मनी एंड रिस्पॉन्सिबल एडवांसमेंट फॉर टुमॉरो (भारत) कहने लगे तो शायद सत्ता पक्ष नाम बदलने की कोशिश छोड़ दे। थरूर ने एक अन्य बयान के माध्यम से भी सत्ता पक्ष पर हमला किया। उन्होंने कहा कि इंडिया शब्द को लेकर पाकिस्तान से संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने भी आपत्ति जताई थी। अब सत्ता पक्ष भी उसी रास्ते पर है। उल्लेखनीय है कि जी-20 से संबंधित एक पत्र मंगलवार को राष्ट्रपति ने जारी किया। जिसमें उन्होंने 'प्रेसीडेंट ऑफ भारत (भारत के राष्ट्रपति)' के तौर पर संबोधित किया। इसको लेकर विपक्ष ने विवाद खड़ा कर दिया। विपक्ष का कहना है कि इंडिया गठबंधन से सरकार डर गई है। इस लिए इंडिया नाम से परहेज कर रही है।

## अयोध्या में क्रूज से एकसाथ 100 पर्यटक कर सकेंगे नयाघाट से गुप्तारघाट तक सरयू की सैर

**लखनऊ :** अयोध्या में पर्यटकों के लिए 08 सितंबर से जटायु क्रूज शिप का संचालन शुरू किया जाएगा। राज्य के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की उपस्थिति में सरयू में एक भव्य कार्यक्रम में जटायु क्रूज का जलावतरण किया जाएगा। यह जानकारी बुधवार को अयोध्या क्रूज लाइंस प्रा.लि. के प्रबंध निदेशक राहुल शर्मा ने दी।राहुल शर्मा ने बताया कि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस क्रूज में 70 से 100 यात्री एक साथ यात्रा कर सकेंगे। अयोध्या के नयाघाट से गुप्तार घाट तक लगभग 18 किलोमीटर की यात्रा यह क्रूज कराएगा। अयोध्या के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा। क्रूज पूरी तरह से वातानुकूलित होगा। इसमें दो डेक होंगे। इस क्रूज से श्रद्धालु अयोध्या के समृद्ध विरासत, प्राचीन मंदिरों एवं विभिन्न घाटों का दर्शन कर सकेंगे। इस बोट पर मनोरंजन के साथ सांस्कृतिक दर्शन का भी अनुभव करेंगे। अयोध्या क्रूज लाइंस प्रा.लि. के प्रबंध निदेशक राहुल शर्मा ने बताया कि हमारा प्रयास है कि यात्रियों को एक अविस्मरणीय यात्रा का अनुभव प्राप्त हो। उन्होंने बताया कि एक अल्ट्रा लक्जरी क्रूज को भी तैयार किया जा रहा है, जिसे पुष्पक विमान नाम दिया गया है। इसका निर्माण तेजी से किया जा रहा है। जलावतरण समारोह में अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह, अयोध्या के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेदप्रकाश गुप्ता के अलावा प्रमुख सचिव एवं महानिदेशक पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम, मंडलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी नीतीश कुमार तथा नगर आयुक्त विशाल सिंह समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहेंगे।

# समावेशी शिक्षा का प्रयोगशाला हो विद्यालय : अविनाश

*** शिक्षक दिवस के अवसर पर निदेशक अविनाश देव ने किया पूर्व राष्ट्रपति राधाकृष्णन को नमन**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** दुनिया का पहला गुरु कन्फ्यूशियस को माना जाता है,जब आम नागरिक को पढ़ने की इजाजत नहीं थी। तब कुलीन घरानों को छोड़ आम आदमी को पढ़ाने का बीड़ा उठाया। भारत के इतिहास में सब को पढ़ने का वर्णन नहीं है। ऋषि-मुनि व राजे-राजवाड़े के देश भारत में पढ़ने वालों को कान में शीशा पिघलाकर डाल दिया जाता। अंगूठा काट लिया जाता था। ऐसी हालात के बीच भारत में आम नागरिकों के पढाई के लिए सावित्री बाई फुले, फातिमा शेख शरीखे लोगों ने विद्यालय खोल पढ़ाना शुरू की। आगे चल कर सरकार स्तर पर विद्यालय का विकास हुआ। आम नागरिकों के पढ़ने की दरवाजे खुले। धीरे धीरे शिक्षा में विकास हुआ और सुधार भी हुआ। आजाद भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन अपनी जिंदगी की शुरुआत शिक्षक से की थी और राष्ट्रपति तक पहुंचे। ये दर्शनशास्त्र के शिक्षक थे जो काफी मेधावी एवं कुशाग्रबुद्धि के थे। जब इनके ज्ञान एवं समझ से प्रभावित लोग इनके जन्मदिन मनाने की इजाजत मांगने गए तो साफ शब्दों में दो टूक कहा कि मेरा जन्मदिन मनाने से कुछ नहीं होगा। देश के असली नायक शिक्षक होते हैं। जिनके अंदर समाज बदलने राष्ट्र मजबूत करने की अकूत बौद्धिक क्षमता है। आप उनको सम्मान दें। फिर क्या, डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की अधिसूचना सरकार द्वारा घोषित कर दी गई। पहली बार 1962 में उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। तब से आज तक शिक्षकों के सम्मान में मनाते आ रहे हैं। विद्यालय संत मरियम के शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए जेएमपी कॉप्लेक्स बाईपास रोड मेदिनीनगर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन व सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के तस्वीर पर फूलमाला चढ़ा पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद शिक्षकों को संबोधित करते निदेशक अविनाश देव ने कहा कि देश व राष्ट्र के निर्माण के असली सूत्रधार शिक्षक होते हैं। जो चाहें जैसा चाहें बच्चों को बना सकते हैं। शिक्षक का अंतिम लक्ष्य राष्ट्रनिर्माण होना चाहिए। इसीलिए सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था विद्यार्थियों में नैतिक बौद्धिक सामाजिक ज्ञान होना जरूरी है। शिक्षण संस्थानों का मुख्य उद्देश्य प्रकृति प्रेम,मानवतावाद एवं समन्वय कि शिक्षा होना चाहिए। समाज में शिक्षकों के यही अमूल्य योगदान है। शिक्षकों को ज्ञान के प्रति समर्पण की भावना निरन्तर सीखते रहने की प्रवृत्ति होनी चाहिए।

## पुंछ की नियंत्रण रेखा के निकट संदिग्ध हलचल देखने के बाद सुरक्षा बलों ने शुरू किया तलाशी अभियान

**पुंछ :** जम्मू संभाग के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के निकट संदिग्ध हलचल देखने के बाद सुरक्षा बलों ने बुधवार को तलाशी अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने कहा कि सावजियां सेक्टर में बुधवार सुबह सुरक्षा बलों ने सीमा पार से इस ओर घुसने का प्रयास कर रहे संदिग्ध आतंकवादियों के एक समूह की गतिविधि देखी है, जिसके बाद व्यापक रूप से तलाशी अभियान चलाया गया है। फिलहाल सुरक्षा बलों का अभी तक किसी आतंकी से सामना नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है।

## एनआईए ने उप्र के पांच शहरों में माओवादियों के आठ ठिकानों पर की छापेमारी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** माओवादी विचारधारा को शहरी इलाके में फैलाने और देश की चुनी हुई सरकार के खिलाफ साजिश रचने के इनपुट को आधार बनाकर एनआईए ने उत्तर प्रदेश के पांच जिलों के आठ ठिकानों पर छापेमारी कर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई के दौरान तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया लेकिन बाद में छोड़ दिया और दोबारा पूछताछ के लिए भी बुलाया है। इसके साथ ही एनआईए ने बड़े पैमाने पर सुबूत भी इकट्ठा किए हैं। यह छापेमारी मंगलवार को गई। नक्सलियों की बढ़ती सक्रियता पर रोक लगाने के उद्देश्य से एनआईए ने सीपीआई (माओवादी) के पांच शहरों उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, आजमगढ़ और देवरिया के आठ ठिकानों पर छापेमारी की है। इसके साथ ही एनआईए ने भारत सरकार के खिलाफ युद्ध की साजिश, आपराधिक षड्यंत्र व यूएपीए एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है । इनके पास से एक मोबाइल, दो लैपटॉप, मेमोरी कार्ड, पेन ड्राइव, कंपैक्ट डिस्क, मोबाइल सिम, पंपलेट, माओवादी से संबंधित पुस्तकें, पाकेट डायरी, रसीद बुक व कागजात जब्त किए हैं। एनआईए टीम को जांच में पता चला है कि आतंक और भय का माहौल पैदा करने के लिए संगठन को खड़ा किया जा रहा है। इसके लिए युवाओं की भर्ती की जा रही है और प्रमोद मिश्र इस माओवादी कैडर को मजबूत करने के उद्देश्य से काम कर रहे हैं। इस मामले में बिहार पुलिस ने एक माह पहले रोहित विद्यार्थी को गिरफ्तार किया था, जो रितेश विद्यार्थी का भाई है, जिसकी पत्नी का नाम इसी मामले में दर्ज है।

**शिक्षक दिवस के अवसर पर डेडीकेटेड में छात्र-छात्राओं ने बांधा समा**

# विद्यार्थी हीरा-मोती व शिक्षक जौहरी : ई. विनय मेहता

*** विद्यार्थियों के लिए लैंप लाइट व मार्गदर्शक होते हैं शिक्षक : डॉ. श्वेता**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** डेडिकेटेड सोसाइटी फॉर एजुकेशन एंड साइंस द्वारा संचालित डेडिकेटेड प्रीमियर स्कूल, मानवदेवी डेडिकेटेड इंटर कॉलेज एवं झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं ने डेडिकेटेड के प्रांगण में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया. शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें डेडिकेटेड प्रीमियर स्कूल के द्वारा स्केट डांस, ड्रामा, मिमिक्री एवं शिक्षक दिवस के महत्व एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। वहीं डेडिकेटेड कॉलेज एवं एकेडेमी के साइंस, आर्ट्स एवं कॉमर्स संकायों के छात्राओं ने नृत्य, ड्रामा, मिमक्री कर उपस्थित शिक्षकों का मन मोह लिया. साथ ही शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का भरपूर साथ देते हुए विद्यार्थियों के आग्रह पर एक से बढ़कर एक मोटीवेशनल बातें बतायीं। ताकी विद्यार्थी जीवन के सभी क्षेत्रों में सफल एवं आनंदित रहें.संस्था के सचिव ई. बिनय कुमार मेहता ने कहा कि जिस प्रकार सोना तपने पर चमकता है, उसी प्रकार विद्यार्थियों को मेहनत कर चमकना होगा. उन्होंने बताया कि विद्यार्थी हिरा-मोती, सोना-चांदी की तरह होते हैं एवं शिक्षक जौहरी की तरह होते हैं।

जो कि विद्यार्थियों को तराशकर एक सफल नागरिक बनाते हैं. कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 श्वेता कुमारी ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के लिए लैंप लाइट एवं मार्गदर्शक होते हैं जो अपने से ऊपर होकर विद्यार्थियों के बेहतरी के लिए सोचते हैं और काम करते हैं.

कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की छात्रा मनस्विनी एवं अंजलि ने बहुत ही सही ढंग से किया. मौके पर डेडिकेटेड प्रीमियर स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षक क्षितिज कुमार, नीलिमा मिश्र, आकृति राज आदि वहीं कॉलेज के शिक्षक कुमारी पूनम चतुर्वेदी, स्वस्तिक सत्यपाल, नंदकिशोर कुमार, जीवनंदन कुमार, उदय कुमार, पूजा अग्रवाल, नीतू मिश्रा, बन्दना कुमारी, अमरजीत कुमार, आदि एवं कॉलेज प्रशाशनिक प्रमुख रवि शंकर दुबे उपस्थित थे.

**पर्यावरणविद कौशल ने पौधरोपण कर सर्वपल्ली राधाकृष्णन को किया याद**

# गुरु से ज्ञान का व वनों से होता है सांसों का रिश्ता : कौशल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर ने पलामू जिले के नावा बाजार प्रखंड के कंडा प्लस टू उच्च व मध्य विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर महान शिक्षाविद डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती मनाई।जबकि सिमडेगा जिले के ठेठइटांगर प्रखंड के मिशन स्कूल परिसर में शिक्षक दिवस के पूर्व संध्या आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ कल्पतरु, चन्दन, आम और महोगनी का पौधा लगाया। वहीं वहां उपस्थित लोगों के बीच उन्होंने निःशुल्क पौधा भी वितरित किया। पौधरोपण के दौरान पर्यावरणविद ने स्कूली बच्चों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों की शपथ दिलाते उन्हें पर्यावरण से जुड़ी कई अहम जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि संत, सरोवर, गुरु व तरुवर दूसरे के परोपकार के लिए ही होते हैं। शिक्षक दिवस पर बोलते हुए पर्यावरणविद ने कहा कि गुरु से ज्ञान की और वनों से सांसों का रिश्ता जुड़ा हुआ है। इसीलिए आदि काल से ही हमारे समाज में गुरु और तरुवर की पूजा होते रहा है। उन्होंने मिशन स्कूल में 15 सौ और प्लस टू उच्च विद्यालय में 50 पौधा दान किया है । उन्होंने कहा कि आज गुरु का ही देन है कि हम चंद्रमा पर भी तिरंगा फहरा कर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कराने में कामयाबी हासिल की है। वनरखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल के नेतृत्व में कंडा प्लस टू उच्च विद्यालय से प्रभात फेरी निकाली गई। उसमें शामिल छात्र-छात्राएं वृक्ष है तो जल है, जल है तो जीवन है÷ आदि नारे लगाते हुए शिक्षक वृक्ष के नाम से घरों में पौधा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। स्कूल परिसर से निकली प्रभात फेरी कंडा मध्य विद्यालय , बस स्टैंड से होते हुए स्वतंत्रता सेनानी के गांव पहूंचकर लोगों को जागरूक किया। मौके पर प्रिंसिपल अशोक कुमार श्रीवास्तव, रूपेश कुमार, सुमित शंकर, निशांत कुमार बर्मन, जितेंद्र कुमार, अनिल कुमार, बिगु कुमार, अमरेश सिंह, मुमताज खलीफा, सुनील कुमार, मनोज सिंह, विजयकांत पांडेय, मेहनाज, विक्रम दुबे, अश्वनी दुबे, विवेक सिंह, श्वेता शर्मा, चंदन सिंह, डा विश्वकर्मा , फादर डेबिट बड़ा, फादर अनफ्रेंड मिंज राजेंद्र बिलूंगा, अनूप लकड़ा, सुमन केरकेट्टा पातिरी केरकेट्टा , मीनू सोरेग, सुमन कुजूर, उषा कुजूर, प्रवीण खलको , राजेश कुल्लू, हेमंत डुंग डुंग, कुलदीप टोप्पो समेत कई छात्र-छात्राएं शामिल थी।

## मुआवजे के लिए आत्महत्या करते हैं किसान : शिवानंद

**बेंगलुरु :** कर्नाटक के कपड़ा एवं कृषि व्यापार मंत्री शिवानंद पाटिल ने बुधवार को कहा कि किसान बढ़े हुए मुआवजे की मांग के लिए आत्महत्या कर रहे हैं। उनके इस बयान से कर्नाटक के साथ-साथ पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के किसानों में भारी असंतोष पैदा हो गया है। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस नेता शिवानंद पाटिल ने किसानों को लेकर ऐसी अनर्गल टिप्पणी की है। इससे पूर्व 2015 में उन्होंने कर्नाटक में किसानों का मुआवजा दो लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने पर भी ऐसा ही बयान दिया था। वह हमेशा किसानों की आत्महत्या के बारे में असंवेदनशील बातें करते रहे हैं। इस बार भी उन्होंने आत्महत्या का ठीकरा किसानों पर फोड़ा है। बतौर पाटिल कर्नाटक में सरकार ने किसानों को मिलने वाले मुआवज़े की राशि बार-बार बढ़ाई है, जिससे किसान आत्महत्याओं में वृद्धि हुई है।

# देश की पहली सोलर सिटी बना मप्र का सांची शहर, मुख्यमंत्रीने किया लोकार्पण

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में स्थित प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ स्थल सांची देश की पहली सोलर सिटी बन गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार शाम को सांची स्थित स्टेडियम में आयोजित भव्य समारोह में इसका लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री हरदीप सिंह डंग, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, सहकारिता मंत्री अरविन्द भदौरिया, ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष गिर्राज दंडोतिया, सांसद रमाकांत भार्गव, विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों जैसे कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नेट जीरो भारत के हर राज्य में एक सोलर सिटी विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी दिशा में मध्य प्रदेश शासन द्वारा ऐतिहासिक धरोहर साँची को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया गया है। शहर के नागौरी की पहाड़ी पर 18 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से लगाए गए सोलर प्लांट से तीन मेगावाट बिजली उत्पन्न हो रही है। जिसे बढ़ा कर पांच मेगावाट तक ले जाया जाएगा। यही नहीं, लोगों ने घरों पर भी सोलर पैनल लगवाए हैं, जिससे 25 साल तक बिजली मिलती रहेगी। इसका खर्च करीब पांच वर्षों में बिजली बिल के बराबर होगा।

साँची सोलर सिटी में सालाना लगभग 13747 टन कार्बन डाईआक्साईड के उत्सर्जन में कमी आएगी, जो लगभग 2.3 लाख वयस्क वृक्षों के बराबर है। साथ ही शासन तथा नागरिकों के ऊर्जा संबंधी व्यय में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सालाना लगभग सात करोड़ रुपये से ज्यादा की बचत होगी।

साँची शहर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के साथ ही इको फ्रेंडली सुविधाओं के जरिए पर्यावरण प्रदूषण को कम करके टूरिज्म को आकर्षित करने की कोशिश की गई है। व्यक्तिगत सामाजिक दायित्व की भागीदारी से विभिन्न स्थानों पर सोलर वाटर कियॉस्क स्थापित किया है, इससे सार्वजनिक सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। शहर में चार बैटरी चलित ई-रिक्शा चलेंगे, जिनसे किसी भी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता।

बैटरी रिक्शा में एक्सीडेंट होने का खतरा भी कम होता है। यह रोजगार का अच्छा माध्यम बनेगा तथा इसकी बिजली की खपत भी कम होती है। भारत में इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए सुविधाएं तेजी से बढ़ रही है और यह सस्ती भी हो रही है। शहर में 2 बैटरी चलित कचरा वाहन भी चलेंगे। ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन जिसमें 4 कमर्शियल चार्जिंग पॉइंट तथा 3 ई-रिक्शा चार्जिंग पॉइंट हैं, स्थापित किए गए हैं।

# सीसीएल के तीन दिवसीय मेडिकल कांफ्रेंस में जुटेंगे देश के दो सौ चिकित्सक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सीसीएल द्वारा तीन दिवसीय 8 से 10 सितंबर 2023 को कोकन्वेंशन सेंटर सीसीएल मुख्यालय में कोल मेडिकल कांफ्रेंस का आयोजन कर रहा है, जो 7 सितंबर 2023 प्री कॉन्फ्रेंस लाइव वर्कशॉप होगी। कॉन्फ्रेंस में कोल इंडिया के विभिन्न सहायक कंपनियों के 200 से अधिक मशहूर चिकित्सक शामिल होंगे । उक्त जानकारी , डॉ राजकुमार ,डॉ रंजीत सीएमएस डॉक्टर रतन पाल इत्यादि ने संयुक्त रूप से दी । उन्होंने बताया कि सीएमडी सीसीएल पीएम प्रसाद कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे । इनके अलावा कई विशिष्ट अतिथिकरण भी उपस्थित होंगे। यह सम्मेलन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति के कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों की उपस्थिति में सुशोभित होगा , जो 8 और 9 सितंबर को मधुमेह और इसीजी विषय पर एक कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी । जिसका संचालन डॉक्टर विनय कुमार घनघनाया डाई बेटोलॉजिस्ट रांची एवं डॉक्टर प्रमोद कुचलाकांति विभागाध्यक्ष निदेशक कार्डियक कैथ लैब , यशोदा अस्पताल हैदराबाद द्वारा किया जाएगा। तीन दिवसीय सम्मेलन के मुख्य आकर्षणों में कोलकाता, दिल्ली, अहमदाबाद चंडीगढ़ ,हैदराबाद आदि के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ व्याख्यान में शामिल होंगे। जिनमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और पीजीआई चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ और संकाय शामिल है। डॉक्टर सांतवन बी मेहता अहमदाबाद, डॉ विनय कुमार ढनढनिया , डॉक्टर तूलिका जोशी, डॉक्टर ऋषिकेश कुमार, डा मानस कुमार घोष , डॉ दिनेश पेणधारकर, डॉ सहज राठी, डॉक्टर प्रमोद कुचलाकांति, प्रोफेसर डॉक्टर दिलीप कुमार पहाड़ी, डॉक्टर संजीव कुमार बेहेरा, पद्मश्री डॉक्टर एनके पांडे, डॉक्टर विशाल कुमार चौरसिया, डॉक्टर कुलदीप शर्मा, डॉ आशीष प्रकाश , डॉक्टर अमित गुप्ता, डॉक्टर प्रबल रॉय , डॉक्टर प्रोद्योत सिन्हा महापात्र, डॉक्टर संदीप लखटाकिया, डॉ आशीष तोमर इत्यादि उपस्थित रहेंगे और अपने अपने अनुभव का भी साझा करेंगे । सम्मेलन में 20 अतिथि वक्ता शामिल होंगे तथा चार अलग-अलग कैटेगरी के सत्र होंगे। फ्री पेपर सेशन 17 पेपर , चेयरमैन अवार्ड सत्र पांच पेपर , केस रजिस्ट्रेशन 22 पेपर और डीएनबी सत्र 12 पेपर जहां कोल इंडिया की विभिन्न सहायक कंपनियों के डॉक्टर अपने पेपर प्रस्तुत करेंगे।

# दिल्ली दरबार : शहर का पहला ओपन एयर रेस्टोरेंट

*** शहर को और भी खूबसूरत बनाया जाएगा : नगर आयुक्त**

*** सकारात्मक बोर्ड से बदला शहर की छवि : अरुणा शंकर**




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** शहर के चर्चित गांधी उद्यान में दिल्ली दरबार के नाम से नवनिर्मित वेज ओपन एयर रेस्टोरेंट का उद्घाटन नगर आयुक्त रवि आनंद एवं प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। लोगों ने यहां के खुशनुमा वातावरण एवं अत्याधुनिक हाइजीनिक रेस्टोरेंट को काफी सराहा। डीडीसी रवि आनंद ने उद्घाटन करते हुए कहा कि मेदिनीनगर बदल रहा है। मेरे आने के बाद कई बदलाव यहां आए हैं। जिसमें प्रथम महापौर की दूरदर्शी विजन, पूर्व के बोर्ड एवं पूर्व नगर आयुक्त का काफी योगदान रहा है। रवि आनंद ने कहा कि आने वाले समय मे निगम की काफी योजनाएं तैयार हैं जो जल्द धरातल पर उतरेगा। जिसे हमारा शहर और भी निखरेगा। इस अवसर पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मुझे खुशी है कि हमारे कार्यकाल के कार्यो की हर जगह सराहना हो रही है। प्रथम महापौर ने कहा कि आज गांधी उद्यान जहां कचरो का अंबार लगा रहता था, वहां शहर का सबसे बेहतरीन पार्क हम लोगों ने बनाया। अब शहर का सबसे बेहतरीन एवं प्रमंडल का पहला ओपन एयर वेज रेस्टोरेंट जहां दिल्ली के बेहतरीन कारीगरों द्वारा इंडियन, चाइनीस, साउथ इंडियन फूड के साथ शानदार चटपटा चार्ट एवं जलेबी का स्वाद लोग लेते हुए बच्चों को मैदान में खेलते देखेंगे। प्रथम महापौर ने कहा कि दिल्ली दरबार द्वारा बड़े-बड़े क्लबो की तरह लगाए गए बड़ा स्क्रीन जहां लोग गानों के साथ मैच का भी आनंद लेते हुए भोजन का आनंद लेंगे। यह शहर के लिए एक नई पहल है। जिसे लोग पसंद करेंगे।उद्घाटन के अवसर पर सभी लोगों ने वहां के हाइजीनिक तरीके से बने स्वादिष्ट खाने की काफी तारीफ की और कहा सही में दिल्ली दरबार के व्यंजन दिल्ली का एहसास करा रहा है।साथ ही लोगों ने सभी चीजों के न्यूनतम दर को भी सराहा। अंत में श्रीमती रेनू शर्मा ने शहर के नागरिकों की ओर से प्रथम महापौर, नगर आयुक्त व।उपस्थित सभी पार्षदों को शहर को दिए गए इस नए उपहार के लिए कोटि-कोटि बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत सिंह डिंपल ने किया तथा वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला ने सभी अतिथियों का स्वागत बुके दे कर किया।

### जन्माष्मी में बिना लहसुन प्याज के मिलेंगे खाने अरविंद भसीन

दिल्ली दरबार के व्यवस्थापक अरविंद भसीन ने बताया कि त्यौहार के दिन जन्माष्टमी के अवसर पर बिना लहसुन प्याज का सारे खाने यहां तक की गोलगप्पा,चार्ट साउथ इंडियन दिल्ली दरबार में उपलब्ध होगाद्य श्री भसीन ने यह भी बताया कि छोटे-छोटे बच्चों का शाम 5 बजे से फैंसी शो भी आयोजित किया गया है। जो बच्चे भी भाग लेना चाहे 5 बजे तक गांधी उद्यान दिल्ली दरबार मंच पर आ सकते हैं।